www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 1 अक्तूबर 2025 | 16 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 274, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



मां सिद्धिदात्री

सूर्योदय 6:12 सूर्यास्त 6:10

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.4 न्यू | 25.2 अधि |
| धर्मशाला | 17.9 न्यू | 29.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,267.62 |
| निफ्टी | 24,611.10 |
| सोना | 1,16,560 |
| चांदी | 1,53,200 |

## नवम मां सिद्धिदात्री



**नवरात्र** के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है, जो देवी दुर्गा का नौवां रूप हैं। वे सभी प्रकार की सिद्धियां प्रदान करती हैं और भक्तों के दुखों का अंत करती हैं। इस वर्ष शारदीय नवरात्र की नवमी 1 अक्तूबर को मनाई जाएगी। इस दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि मां की कृपा से भगवान शिव अर्द्धनारीश्वर बने। देवी सिद्धिदात्री कमल के फूल पर विराजती हैं। वराह पुराण के अनुसार, शिवजी ने भी इनसे सिद्धियां प्राप्त की थीं। नवमी के दिन ध्यानपूर्वक पूजा करने से मां प्रसन्न होती हैं और मनोवांछित फल देती हैं।

**सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि,**
**सेव्यमाना सदा भूयात्**
**सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।**

## न्यूज शॉर्ट्स

### हिमाचल में मंत्री पुत्र ने हेल्थ ऑफिसर को भ्रष्ट बताया

**अनंत ज्ञान, शिमला।** स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल के बेटे, रिटायर्ड कर्नल संजय शांडिल ने अपने ही पिता के स्वास्थ्य विभाग पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा–'निकम्मे व्यवस्था परिवर्तन के अधिकारियों को पदमुक्त करो।' साथ ही दिव्यांगों के शोषण में शामिल अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की। उन्होंने अपने पिता को हिमाचल का सबसे ईमानदार नेता बताया, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू के 'व्यवस्था परिवर्तन' नारे पर सवाल खड़े किए। यह नारा सुक्खू ने सत्ता में आते ही दिया था। संजय की पोस्ट से सियासत गर्मा गई है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर सरकार को घेर चुके हैं।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता वीके मल्होत्रा का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष रहे प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (94) का मंगलवार को निधन हो गया। पिछले कुछ दिन से दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था जहां आज सुबह लगभग 6 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। दिल्ली भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित अन्य नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)



## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हमीरपुर में ई-टैक्सी के 3 नए प्रस्तावों को दी मंजूरी - पेज 2
- स्टाफ के अभाव में जवाली अस्पताल खुद बीमार - पेज 4
- जीएसटी इंस्पेक्टर 50,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा - पेज 10
- विश्वकर्मा योजना के तहत मिल रहे स्वरोजगार के अवसर - पेज 12
- चिदंबरम बोले-मैं मुंबई हमले का लेना चाहता था बदला - पेज 13


# लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर लिखे आपत्तिजनक शब्द


## भारतीय हाई कमीशन ने कहा– यह बर्बरता नहीं, अहिंसा के सिद्धांत पर हमला

**एजेंसी, लंदन**

लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने की घटना सामने आई। उपद्रवियों ने सोमवार को प्रतिमा पर पेंट से गांधी, मोदी और हिंदुस्तानियों को आतंकी लिखा। भारतीय उच्चायोग ने इस घटना पर नाराजगी जताई है। उच्चायोग ने कहा है कि यह सिर्फ प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के अहिंसा और शांतिपूर्ण विचारों पर भी हमला है।

उच्चायोग ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों को इस घटना की सूचना दी गई। इसके बाद ब्रिटिश अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस घटना की जांच कर रही है।

उच्चायोग ने बयान में कहा कि यह शर्मनाक घटना अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस से तीन दिन पहले हुई है और इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। हम स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर प्रतिमा की मरम्मत और सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं।




### 1968 में बनी थी गांधी की यह प्रतिमा

**महात्मा** गांधी की इस प्रतिमा का निर्माण 1968 में हुआ। इसे प्रसिद्ध पोलिश-भारतीय प्रतिमाकार फ्रेडा ब्रिलियंट ने बनाया था। कांस्य से बनी इस प्रतिमा को यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के पास के उद्यान टैविस्टॉक स्क्वायर में लगाया गया है। गांधी 1888-1891 के दौरान यूसीएल में कानून के छात्र थे। यह प्रतिमा उनके लंदन में बिताए समय और उनकी वैश्विक विरासत को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाई गई। इसमें गांधीजी को उनकी पारंपरिक धोती पहने हुए हुए दिखाया गया है।

## मां के नयनों पर भक्तों की अनंत आस्था...



**मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान, नयना देवी।** शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में मंगलवार को महाष्टमी के अवसर पर हिमाचल के साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचे। दिनभर मंदिर में दर्शनों के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। महाष्टमी के दिन लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। पूरा दिन मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर पूजा–अर्चना की और हवन–यज्ञ कर सुख समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं को जगह–जगह रोक कर जत्थों में भेजा गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# सीएम सुक्खू का भाजपा से सवाल कब मिलेगा 1500 करोड़ का पैकेज

## कहा-जीएसटी लागू होने से हिमाचल की अर्थव्यवस्था को हुआ बड़ा नुकसान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** लंदन दौरे से लौटकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंगलवार को शिमला में पत्रकारों से रू–ब–रू हुए। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल के लिए 1500 करोड़ रुपए की राहत राशि की घोषणा कर गए थे, लेकिन यह पैसा अभी तक नहीं मिला। जब प्रदेश आपदा से कराह रहा हो तो यह मदद तुरंत मिलनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है, कभी टॉयलेट टैक्स की बात करती है, तो कभी सीमेंट टैक्स का मुद्दा उठाती है। सुक्खू ने आरोप लगाया कि भाजपा पांच गुटों में बंटी हुई है और इसके नेताओं के बयान भी एक–दूसरे से मेल नहीं खाते। उन्होंने कहा कि कोई एक नेता कुछ कहता है तो दूसरा नेता कुछ और बयान दे देता है। इस तरह की राजनीति से प्रदेश का भला नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद हिमाचल की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान हुआ है। 2017 से पहले बद्दी–नालागढ़ और पर्यटन क्षेत्रों से करीब चार हजार करोड़ रुपए का वैट और आबकारी कर आता था, लेकिन जीएसटी लागू होने के बाद यह घटकर महज डेढ़ सौ करोड़ रह गया। उस समय हर साल 3200 करोड़ रुपए मुआवजे का वादा किया गया था, मगर जून 2022 में भाजपा सरकार ने इसे बंद कर दिया। मुख्यमंत्री ने अपने हालिया लंदन दौरे पर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि वह केवल मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि एक पिता भी हैं। उनकी बेटी ने दाखिले के लिए साथ चलने का अनुरोध किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस दौरान भी वह लगातार अधिकारियों और मंत्रियों से जुड़े रहे। एयर टिकट से लेकर अन्य खर्च उन्होंने खुद उठाया है, इसलिए भाजपा को इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

### केसीसी बैंक मामले के दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि कांगड़ा सहकारी बैंक में पिछले सात-आठ साल से गड़बड़ियां चल रही थीं, जिसके कारण बोर्ड को भंग करना पड़ा। उन्होंने बताया कि कई लोग 40-40 करोड़ रुपए तक का लोन लेकर वापस नहीं कर रहे थे और संपत्ति की वास्तविक कीमत से चार गुना ज्यादा दिखा रहे थे। उन्होंने साफ कहा कि वन टाइम सेटलमेंट गरीब किसानों के लिए होना चाहिए, बड़े कारोबारियों के लिए नहीं। कांगड़ा सहकारी बैंक मामले पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि ईडी जांच चल रही है और सारे तथ्य सामने आने पर किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### हिमाचल को मिली छह मोबाइल फोरेंसिक वैन



शिमला से मोबाइल फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाते मुख्यमंत्री सुक्खू।

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित अपने आधिकारिक आवास 'ओक ओवर' से छह अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों की तैनाती बद्दी, नूरपुर और बिलासपुर की जिला फोरेंसिक इकाइयों, जुन्गा की राज्य फोरेंसिक प्रयोगशाला तथा धर्मशाला और मंडी की क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं में की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फोरेंसिक साक्ष्य संग्रह, संरक्षण और भंडारण के लिए तैयार की गई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की। इसके साथ ही आपराधिक घटनास्थल का निरीक्षण करने वाले फोरेंसिक विशेषज्ञों के लिए विशेष जैकेट का अनावरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि इन मोबाइल वैन की मदद से अपराध स्थल पर त्वरित, सटीक और वैज्ञानिक ढंग से सबूत जुटाए जा सकेंगे। इससे जांच प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी और न्याय प्रणाली मजबूत होगी। प्रत्येक वाहन की कीमत लगभग 65 लाख रुपए है और इन्हें आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है।

# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का आउटसोर्स कंपनियों से करार खत्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ किए गए सभी समझौता ज्ञापन (एमओयू) समाप्त कर दिए हैं। इस कदम से 182 कर्मचारियों की रोजी–रोटी पर खतरा मंडराने लगा है।

जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों, संस्थानों, केंद्रों और शाखाओं के प्रमुखों को निर्देश जारी किए हैं कि एक से 7 अक्तूबर, 2025 तक आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं न ली जाएं।

**182 कर्मचारियों को नौकरी का खतरा विभागों को भेजे गए निर्देश**

एचपीयू ने नाइलिट शिमला, उत्तम हिमाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत वितरण निगम शिमला और भूतपूर्व सैनिक सुरक्षा एवं संबद्ध सेवा प्राइवेट लि. (नोएडा) जैसी एजेंसियों से करार समाप्त किया है। यह फैसला कुलपति की अनुमति से लिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि नए सिरे से कंपनियों के साथ समझौते किए जाएंगे और 6 अक्तूबर तक एमओयू प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है।

### प्रदर्शन की आशंका, पुलिस बल तैनात करने की मांग

182 कर्मचारियों की नौकरी पर संकट गहराने के बाद उनके प्रदर्शन की आशंका जताई जा रही है। कर्मचारियों के साथ छात्र संगठन भी इसमें शामिल हो सकते हैं। इसी को देखते हुए एचपीयू प्रशासन ने एसपी शिमला को पत्र लिखकर कैंपस में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का आग्रह किया है।

# स्वामी चैतन्यानंद के मोबाइल से मिला 'बेबी आई लव यू' मैसेज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट (श्रीसीआईआईएम) में छेड़छाड़ के मामले में फरार स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ डॉ. पार्थ सारथी के खिलाफ पुलिस जांच तेज हो गई है। 17 लड़कियों के आरोपों के बाद अब इंस्टीट्यूट की तीन कर्मचारी महिलाओं रश्मि, काजल और श्वेता से पूछताछ की जा रही है। ये तीनों सगी बहनें हैं। श्वेता इंस्टीट्यूट की डीन हैं, जबकि रश्मि और काजल वार्डन रह चुकी हैं।

**इंस्टीट्यूट की महिला का अश्लील फोटो भी बरामद**



स्वामी के मोबाइल से रिकवर की गई जानकारी में इनमें से एक महिला का रात के समय का अश्लील फोटो मिला है, जो उनके रूम में लिया गया लगता है।

पुलिस ने बताया कि अगस्त 2025 में दर्ज एफआईआर में 17 छात्राओं ने स्वामी पर यौन उत्पीड़न, धमकी और जबरदस्ती के आरोप लगाए हैं।

स्वामी ने छात्राओं के फोन और मूल प्रमाण पत्र जब्त कर उन्हें डराया–धमकाया। एक छात्रा ने मार्च 2025 में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया गया कि स्वामी ने एक नई बीएमडब्ल्यू कार के धार्मिक अनुष्ठान के बहाने उन्हें अपने क्वार्टर में बुलाया। पुलिस को स्वामी के मोबाइल से बड़ी संख्या में लड़कियों के चैट और डिलीट किए गए मैसेज मिले हैं। एक लड़की को लगातार मैसेज किए, जिसमें 'बेबी आई लव यू' लिखा था। जब लड़की ने उसे ब्लॉक कर दिया, तो स्वामी ने धमकी दी। (अनंत ज्ञान)

# आज से दस फीसदी कम होगा वोल्वो बस किराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में बुधवार से वोल्वो बस किराए में दस फीसदी की कमी की जा रही है। शिमला और कुल्लू के बाद धर्मशाला में भी वोल्वो सेल स्थापित किया गया है। प्रदेश में इस वर्ष आपदा में एचआरटीसी को सौ करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। यह जानकारी एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने मंगलवार को मैक्लोडगंज से दिल्ली के लिए वोल्वो बस सेवा को हरी झंडी दिखाने उपरांत पत्रकारों से कही।

वर्मा ने कहा कि एचआरटीसी की वोल्वो बसों में बुधवार से किराया 10 फीसदी कम हो जाएगा, जो कि एक योजना के तहत होगा, जिसके तहत 1619 से घटकर किराया 1461 रह जाएगा। उन्होंने कहा कि अब धर्मशाला में भी वोल्वो सेल स्थापित कर दिया गया है, जबकि पहले शिमला और कुल्लू से ही वोल्वो ऑपरेट हो रही थी। मेरे ध्यान में मामला आने पर इसे मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया था, जिस पर धर्मशाला में भी वोल्वो सेल स्थापित कर दिया गया है, जिसके माध्यम से वोल्वो का संचालन धर्मशाला से होगा।

# पाकिस्तान के क्वेटा में बम ब्लास्ट, 10 लोगों की मौत



**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार दोपहर भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डॉन के मुताबिक, इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हैं। मारे गए लोगों में 4 उग्रवादी भी हैं।

क्वेटा के एसएसपी मोहम्मद बलोच के मुताबिक, पैरामिलिट्री फोर्स हेड क्वार्टर के पास विस्फोटक से भरी गाड़ी में धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरार आ गई। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि इसके पीछे भारत समर्थित तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों का हाथ है। भारत ने अभी तक इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में पांच आईएएस–आईपीएस और आईएफएस अफसरों के तबादले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने मंगलवार को पांच वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए हैं। इनमें आईएएस, आईपीएस और आईएफएस संवर्ग के अधिकारी शामिल हैं। खास बात यह है कि मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने सेवानिवृत्ति से ठीक पहले यह अंतिम आदेश जारी किए।

जानकारी के अनुसार साल 2008 बैच की आईएएस राखिल काहलो, जो अब तक सचिव डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं सुशासन के पद पर कार्यरत थीं, को सचिव जल शक्ति विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। इसी बैच के आईएएस अधिकारी आशीष सिंघमार, जो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में सचिव थे, अब डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं सुशासन विभाग का कार्यभार संभालेंगे।

साल 2017 बैच के आईएएस और धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल को कांगड़ा केंद्रीय सहकारी (केसीसी) बैंक धर्मशाला के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। उनके कार्यभार संभालने के बाद आईएएस संदीप कुमार इस जिम्मेदारी से मुक्त हो जाएंगे। साल 1996 बैच के आईपीएस अभिषेक त्रिवेदी को सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग नियुक्त किया गया है। वहीं साल 1994 बैच के आईएफएस सुशील कुमार सिंघला को पर्यावरण विज्ञान, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग का सचिव बनाया गया है।

# भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025–26 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान : एडीबी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने मंगलवार अनुमान जारी कर कहा कि 2025 (वित्त वर्ष 26) और 2026 (वित्त वर्ष 27) में भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत पर रह सकती है। इस वर्ष और अगले वर्ष के लिए एडीबी की ओर से एशिया और प्रशांत क्षेत्र की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए विकास दर (जीडीपी) को 0.1 प्रतिशत से लेकर 0.2 प्रतिशत से कम कर दिया गया है। इसकी वजह टैरिफ के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार–चढ़ाव आना है।

एडीबी ने बयान में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025 की पहली छमाही में 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। इसकी वजह मजबूत सरकारी पूंजीगत खर्च था, जिनके निर्यात और मांग में कमी की भरपाई की है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में औद्योगिक विकास में भी सुधार हुआ है, मैन्युफैक्चरिंग और कंस्ट्रक्शन सेक्टर ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे खनन और यूटिलिटी सेक्टर में गिरावट की भरपाई हो गई है।

एडीबी के मुताबिक, मैन्युफैक्चरिंग परिस्थितियां भारत और पूरी आसियान अर्थव्यवस्थाओं में मजबूत बनी हुई हैं। साथ ही, भारत में सर्विस पीएमआई मजबूत बनी हुई है और इसे यात्रा एवं मनोरंजन सेवाओं की बढ़ती मांग के कारण फायदा हो रहा है। अमेरिका द्वारा लगाए गए हाई टैरिफ और बढ़ती व्यापार अनिश्चितता से क्षेत्र की वृद्धि पर असर पड़ने की आशंका है। (अनंत ज्ञान)

**उपलब्धि** | **'पीतड़' और 'लुंगडू' व्यंजनों को भी किया जा रहा प्रचारित**

# फाइव स्टार होटलों में कांगड़ी धाम की धमक

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** पहाड़ी राज्य हिमाचल में प्रसिद्ध कांगड़ी धाम की अब देश के फाइव स्टार होटलों में भी अपनी धमक देखी जा रही है। यही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर कांगड़ी धाम, सिड्डू के बाद अब पीतड़ (स्थानीय भाषा में पतरोड़े) को भी प्रचारित किया जा रहा है। यही नहीं देश के विभिन्न राज्यों में अपने स्वाद का जादू बिखेर चुकी कांगड़ी धाम का स्वाद वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ शेफ सोसायटी भी चख चुकी हैं।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) इस कवायद में जोर–शोर से जुटा है। यही नहीं प्रदेश में भुलाए जा चुके और पुराने स्नैक्स को भी मुख्य धारा में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय युवा शेफ प्रतियोगिता जिसमें देश के उत्तरी राज्यों के द इंस्टीटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इसमें उत्तरी राज्यों की 11 टीमों ने भाग लिया, जिसमें हिमाचल की टीम को कांगड़ी धाम के आधार पर फाइनल के लिए चुना गया है, जिसका फाइनल मुकाबला फरवरी 2026 में होगा। गौरतलब है कि एचपीटीडीसी की ओर से दिल्ली हॉट में आयोजित कार्यक्रम में वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ शेफ सोसायटी के पूरे विश्व के शेफ अध्यक्ष आए थे। जिन्हें कांगड़ी धाम टेस्ट करवाई गई, जिस पर उन्होंने प्रतिक्रिया में कहा था कि खाना बहुत बढ़िया है। इस दौरान उन्हें सिड्डू भी खिलाए, जिसके स्वाद को भी उन्होंने खूब सराहा था।

**वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ शेफ सोसायटी भी चख चुकी है स्वाद**



### कई राज्यों में कांगड़ी धाम के चर्चे

**एचपीडीसी** के होटलों में कांगड़ी धाम को प्रमोट किया जा रहा है। वहीं, देश के कई राज्यों के होटलों में कांगड़ी धाम के चर्चे हो रहे हैं। कई राज्यों के आने वाले पर्यटक कांगड़ी धाम में दिलचस्पी दिखाते हैं, जिस पर निगम ने इस दिशा में कार्य करते हुए विशेष थाली शुरू की है। इसके अलावा स्नेक्स के तौर पर जो वर्षों पूर्व प्रचलित थे, उन्हें भी शामिल किया गया है। इनमें पीतड़ यानी पतरोड़े भी पर्यटकों को खासे पसंद आ रहे हैं। इसके अलावा सिड्डू के स्वाद के प्रति भी पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। सिड्डू हिमाचल का स्नेक्स माना जो कि अब हिमाचल के बाहर चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली और पंजाब में भी लोगों की पसंद बनता जा रहा है।



"**कांगड़ी** धाम को हर स्तर पर प्रचारित किया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों के फाइव स्टार होटलों में भी कांगड़ी धाम परोसी जा रही है। यही नहीं वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ शेफ सोसायटी में शामिल पूरे विश्व के शेफ अध्यक्ष भी कांगड़ी धाम को टेस्ट करके इसकी तारीफ कर चुके हैं। इतना ही नहीं हिमाचली स्नेक्स पतरोड़े व सिडडू को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित किया जा रहा है, जिसके चलते देश के कई राज्यों में अब सिडडू की डिमांड बढ़ गई है।"

**नंद लाल शर्मा, डीजीएम, एचपीटीडीसी**

## न्यूज ब्रीफ

### प्रतापनगर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत प्रतापनगर में एक अक्तूबर को पुराने खंभे को बदलने के कार्य के चलते प्रतापनगर में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### टौणी देवी बाजार के शौचालयों की दशा में सुधार

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी बाजार में वर्षों से खस्ताहाल व बंद पड़े शौचालयों की मरम्मत का कार्य तेज़ी से चल रहा है। लोक निर्माण विभाग कार्यालय और ऊहल चौक के पास स्थित सार्वजनिक शौचालयों की हालत खराब होने से आम जनता, विशेषकर महिलाओं और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब इन शौचालयों को नया स्वरूप दिया जा रहा है, जिससे लोगों को स्वच्छ और बेहतर सुविधा मिल सके। ग्राम पंचायत बारी के प्रधान रविंद्र ठाकुर ने बताया कि पहले बजट की कमी के कारण कई विकास कार्य रुके हुए थे, लेकिन अब बजट उपलब्ध होने पर शौचालयों सहित सभी अधूरे कार्य पूरे किए जा रहे हैं। इससे बाजार आने वालों को साफ-सुथरे सार्वजनिक शौचालयों की सुविधा मिल सकेगी।

### डेबरावासियों ने विधायक का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** गांव डेबरा में कम से कम 30-40 वर्षो से सड़क की मांग थी लेकिन कुछ विवाद के चलते यह मसला हल नहीं हों पर रहा था लेकिन विधायक कैरणजीत सिंह ने मात्र 2 महीने के अंदर सड़क का कार्य करवाकर सड़क जनता को सौंपी। विधायक ने डेबरा गांव वासियों को आश्वासन दिया कि सड़क को जल्द पक्का भी हम करवा कर देंगे। गांव वासियों का कहना है कि हम आज के समय में भी काले पानी जैसी स्थिति में रह रहे थे और हमारे भाग्य अच्छे है कि हमें कैप्टन साहब विधायक के रूप में मिले। अगर कै साहब आज विधायक नहीं होते तो आज भी हम काले पानी की सजा भोग रहे होते सड़क निर्माण और हमें सड़क का सुख देने के लिए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह जी का धन्यवाद व्यक्त करते है।

### जोल सप्पड़ में छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जोल सप्पड़ में 16 से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रैली, निबंध लेखन, चित्रकला और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली। समापन समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि श्री रत्न चन्द जरयाल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों और छात्रों के सहयोग की सराहना की।

### अक्षरा का कांस्य पदक जीतने पर किया स्वागत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर की छात्रा अक्षरा ने एमेच्योर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश द्वारा करवाई गई जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर छात्रा का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य व शशि बाला ने छात्रा को पुष्प गुच्छ व हार पहना कर सम्मानित किया। प्राचार्य ने छात्रा के साथ-साथ कराटे प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार को भी बधाई दी।

### तकनीकी विश्वविद्यालय में चला स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा मंगलवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में 100 से अधिक स्वयंसेवियों के साथ प्राध्यापक व सफाई कर्मचारी भी शामिल हुए। सभी ने विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाने में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति छात्रों और संकाय सदस्यों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार ने सफाई कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. राजेंद्र वर्मा और कुलसचिव कमलदेव सिंह कंवर ने छात्रों को बधाई दी और स्वच्छ भारत मिशन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. मीना कुमारी, राहुल कौंडल व खजाना राम भी उपस्थित रहे।

### छात्रों ने विकसित भारत प्रश्नोत्तरी में दिखाया उत्साह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026' के तहत आयोजित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रतियोगिता माई भारत पोर्टल पर आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना और उन्हें 'विकसित भारत 2047' की दृष्टि से जोड़ना था। इस पहल से छात्रों में राष्ट्र के भविष्य को लेकर जागरूकता और जिज्ञासा बढ़ी। प्रतियोगिता का सफल आयोजन विश्वविद्यालय के फैकल्टी समन्वयक डॉ. जेपी शर्मा के नेतृत्व में हुआ। कुलपति प्रो. राजेंद्र वर्मा, अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार और कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर ने विद्यार्थियों को भागीदारी के लिए बधाई दी।

### रोटरी क्लब ने प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** रोटरी क्लब हमीरपुर ने भोरंज क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए परिवारों की ओर मदद का हाथ बढ़ाया है। क्लब के पदाधिकारियों ने मंगलवार को भोरंज के मिनी सचिवालय के प्रांगण में इन परिवारों को राशन की किट्स और अन्य सामान वितरित किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा, अन्य पदाधिकारी, अजायब सिंह बन्याल, सतीश कुमार, कपिल देव और रवि शर्मा ने बताया कि रोटरी क्लब का मूल उद्देश्य समाजसेवा ही है और आपदा की घड़ी में हर संभव मदद पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आगे भी जरुरत पड़ने पर क्लब प्रभावित लोगों के साथ खड़ा रहेगा। कार्यक्रम में एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा, तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, कानूनगो राजकुमार और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### आर्थिक सहयोग से जीता जरूरतमंदों का दिल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज की गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी की मासिक बैठक प्रधान अरुण कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इसी महीने के दूसरे सप्ताह में भरेड़ी में बहु-विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिससे गांव में ही गरीबों को इलाज की सुविधा मिल सके। इस शिविर की जिम्मेदारी डॉ. पीसी सैनी को सौंपी गई है। संस्था ने इस माह भी कई जरूरतमंदों की आर्थिक मदद की। मकान गिरने या जलने से पीड़ित छह परिवारों को दस-दस हजार रुपये तथा तीन महिलाओं को चिकित्सा व शिक्षा सहायता के रूप में 5 से 16 हजार रुपये की सहायता दी गई। डॉ. सैनी ने बताया कि ये सभी लोग बेहद गरीब हैं और संस्था लगातार ऐसे लोगों की मदद के लिए प्रयासरत है।

### मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दी सलाह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में सहायक प्रोफेसर डॉ. सविता देवी ने मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वच्छता पर फैकल्टी एक्सटेंशन लेक्चर दिया। डॉ. सविता ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे भावनात्मक और सोचने के तरीकों से जुड़ा है। मानसिक स्वच्छता बनाए रखने के लिए तनाव प्रबंधन, अच्छी नींद, स्वस्थ आहार, सामाजिक समर्थन और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन आदतों को अपनाकर मानसिक स्वास्थ्य में सुधार संभव है। इस व्याख्यान का संचालन मति ज्योति वर्धन ने किया और अंत में प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने डॉ. सविता देवी का धन्यवाद करते हुए कहा कि व्यस्त जीवन में मानसिक स्वास्थ्य और स्वच्छता का महत्व अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर बीएड, डीएलएड तथा बीए के छात्र व संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहे।

### हनुमान-रावण संवाद व लंका दहन का मंचन

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में रामलीला के सातवें दिन हनुमान रावण संवाद तथा लंका दहन के दृश्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान शिव ने माता पार्वती को बताया कि किस प्रकार हनुमान ने माता सीता से भेंट की और भगवान राम के बारे में जानकारी दी। हनुमान ने अशोक वाटिका को उजाड़ कर अपनी शक्ति का परिचय भी दिया। इस दिन दूर-दूर से लोग आकर रामलीला का आनंद लेने के साथ हनुमान जी के हाथों से प्रसाद भी ग्रहण किए। श्री राम क्लब बड़ा इस वर्ष अपनी 54वीं रामलीला का आयोजन कर रहा है। क्लब के सह निर्देशक अजय शर्मा एवं महासचिव सुखदेव पटियाल ने बताया कि राम नवमी और दशहरा के अवसर पर झांकियों का भव्य आयोजन होगा। दिन में भगवान राम और रावण के बीच महायुद्ध का प्रदर्शन किया जाएगा, जबकि रात को रामलीला के अन्य महत्वपूर्ण दृश्य मंचित किए जाएंगे।

# हमीरपुर में ई-टैक्सी के 3 नए प्रस्तावों को दी मंजूरी

## राजीव गांधी स्टार्टअप स्वरोजगार योजना के तहत मिलेगी 50% सब्सिडी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- पर्यावरण संरक्षण व सरकारी विभागों को होगी सुविधा
- अब तक 10 ई-टैक्सी विभिन्न विभागों में लगाई गईं
- युवाओं से योजना का लाभ उठाने की अपील

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक राजीव गांधी स्टार्ट अप स्वरोजगार योजना के तहत जिला हमीरपुर के युवा भी पचास प्रतिशत सब्सिडी पर इलेक्ट्रिक वाहन खरीदकर इसे ई-टैक्सी के रूप चलाने के लिए आगे आ रहे हैं।

इस योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति ने मंगलवार को ई-टैक्सी वाहन के तीन नए प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की। समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि यह योजना जहां बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाएगी, वहीं इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इन वाहनों से विभिन्न सरकारी विभागों को भी काफी सुविधा होगी।

उपायुक्त ने बताया कि राजीव गांधी स्टार्ट अप स्वरोजगार योजना के तहत ई-वाहन की खरीद पर युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है और इन्हीं वाहनों को विभिन्न विभागों में ई-टैक्सी के रूप में लगाया जा रहा है तथा इन्हें अच्छी दरों पर फिक्स मासिक किराया दिया जा रहा है। बैठक में समिति ने तीन नए प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की।

उपायुक्त ने बताया कि जिला में अभी तक इसी योजना के तहत 10 वाहनों को विभिन्न विभागों में ई-टैक्सी के रूप में लगाया जा चुका है। 9 अन्य स्वीकृत मामलों में पात्र युवाओं के साथ एग्रीमेंट की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उन्होंने जिला के पात्र एवं इच्छुक युवाओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील भी की।

इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने योजना के तहत प्राप्त विभिन्न प्रस्तावों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# करूर दुर्घटना के पीड़ितों से मिले अनुराग

## सांसद हेमा मालिनी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने किया घटनास्थल का दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



करूर दुर्घटना के पीड़ितों से मिलते पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा करूर का दौरा करने और टीवीके रैली में हुई दुखद घटनाओं की जांच के लिए एक आठ सदस्यीय तथ्य-अन्वेषण समिति का गठन किया गया। इसमें सांसद हेमा मालिनी (संयोजक) के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य अनुराग ठाकुर (सांसद), तेजस्वी सूर्या (सांसद), बृजलाल (पूर्व डीजीपी), श्रीकांत शिंदे (शिवसेना सांसद), अपराजिता सारंगी (सांसद), रेखा शर्मा (सांसद), पुत्त महेश कुमार (तेदेपा सांसद) जमीनी स्तर पर तथ्यों की जांच करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि खुफिया, पुलिस, कार्यक्रम प्रबंधन या स्थानीय प्रशासन में चूक के लिए ज़िम्मेदार लोगों की पहचान की जाए और ऐसी त्रासदी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उनसे सबक लिया जाए। प्रतिनिधिमंडल पार्टी को एक स्वतंत्र, तथ्य-आधारित विवरण प्रदान करेगा और तत्काल एवं मध्यम अवधि के सुधारात्मक उपायों की सिफारिश करेगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने करूर दुर्घटना पर कड़े सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि करूर में भगदड़ मचने से हुई दुर्घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरी हार्दिक संवेदनाएं दुर्घटना पीड़ितों के साथ हैं। मगर सवाल ये उठता है कि खुफिया विभाग क्या कर रहा था और क्या उसे पहले से जमा हुई भीड़ की संख्या का अंदाजा नहीं था। जब विजय वहां देर से पहुंचे, तब तक हजारों लोग वहां मौजूद थे। पुलिस विभाग ने क्या कदम उठाए थे, स्थानीय प्रशासन घटना के दौरान क्या कर रहा था और आयोजक क्या कर रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि आयोजकों ने पीड़ितों पर बोतलें भी फेंकी थीं।

# शिक्षा विभाग में हजारों पद रिक्त मगर नहीं हो रही पदोन्नति : संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश राजकीय टीजीटी कला संघ ने सरकार से मांग की है कि शिक्षा विभाग में खाली पड़े पदों को तुरंत पदोन्नति से भरा जाए। प्रदेश में कुल 9998 पद खाली हैं, जिनमें प्रधानाचार्य के 824, मुख्य अध्यापक के 274, प्रवक्ता के 3451, टीजीटी वर्ग के 1099 और प्राथमिक अध्यापक वर्ग के 4490 पद शामिल हैं। इतने पद खाली होने के बावजूद विभाग योग्य शिक्षकों को पदोन्नति नहीं दे रहा। नतीजतन सैकड़ों शिक्षक 20 से 25 वर्ष तक एक ही पद पर काम करते रहे और बिना पदोन्नति पाए ही सेवानिवृत्त हो गए। टीजीटी मुख्याध्यापक नहीं बन पाए और प्रवक्ता प्रधानाचार्य नहीं बन पाए।

यह बात हिमाचल प्रदेश राजकीय टीजीटी कला संघ महासचिव विजय हीर ने कही। संघ का कहना है कि अब सरकार को या तो नियमित पदोन्नति देनी चाहिए या फिर इन-सिचू पदोन्नति का लाभ देना चाहिए। इन-सिचू का अर्थ है जब कर्मचारी को कार्यात्मक पदोन्नति नहीं मिलती, तो उसे अगले पद का वेतनमान दिया जाए लेकिन पदनाम वही पुराना रहे। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई अध्यापक टीजीटी 20 वर्ष तक सेवा करता है और सरकार मुख्य अध्यापक के पद खाली रखती है, तो उसे इन-सिचू पदोन्नति देकर मुख्याध्यापक के वेतनमान में तनख्वाह दी जा सकती है। संघ ने स्पष्ट किया है कि एसीपीएस लाभ के नाम पर शिक्षकों से पदोन्नति का अवसर नहीं छीना जा सकता।

### 6 साल से नहीं मिला वरिष्ठता क्रमांक

वर्ष 2019 से 2025 तक नियुक्त अथवा पदोन्नत हुए शिक्षकों की वरिष्ठता सूचियां विभाग ने अब तक जारी नहीं की हैं। छह वर्षों से अधिकांश शिक्षकों को उनका क्रमांक तक नहीं मिला है। इसी कारण वे पदोन्नति के लिए आवेदन करने के योग्य नहीं हो पा रहे।

# डिलीवरी व मेनोपॉज के बाद पेल्विक हेल्थ का आसान समाधान

## आस्था हॉस्पिटल में हिमाचल की पहली नई तकनीक से यूरिन लीक व कमजोरी का समाधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



- न कोई दर्द, न कोई साइड इफेक्ट, कपड़े बदलने की भी जरूरत नहीं बस 30 मिनट कुर्सी पर बैठिए और रिजल्ट खुद महसूस कीजिए

हिमाचल में पहली बार हमीरपुर में 'सबरीना लेजर एलटीडी' की सुविधा आज से शुरू हो जाएगी। इसमें डिलीवरी के बाद या मेनोपॉज के पास, पेल्विक हेल्थ अब और आसान होने वाला है। यहां पक्का भरो में स्थित आस्था हॉस्पिटल में नई तकनीक से यूरिन लीक और कमजोरी का समाधान हो जाएगा। इसके लिए बस 30 मिनट में पेल्विक हेल्थ का चमत्कार मरीज को नहीं रहता देगा।

मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अस्पताल की डायरेक्टर क्रांति वर्मा और डॉक्टर दिनेश ठाकुर का कहना था कि अल्फांस इलेक्ट्रोमैग्नेटिक चेयर और सबरीना लेजर थेरेपी की यह शुरुआत हो रही है। यह तकनीक महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए पेल्विक फ्लोर मसल्स को मजबूत और हेल्दी बनाने में मदद करती है।

### विशेष ऑफर व कीमत

**चंडीगढ़** और दिल्ली में इस ट्रीटमेंट की लागत 25,000 से 40,000 रुपये होती है, लेकिन आस्था हॉस्पिटल इसे मात्र 20,000 में उपलब्ध करा रहा है। इसमें दिलचस्पी रखने वालों के लिए शुरू में पहले 200 रोगियों के लिए 65% छूट (नेट 7,000 रुपए) अगले 1,000 रोगियों के लिए 50% छूट (नेट 10,000 रुपए) उसके बाद 1,000 रोगियों के लिए 45% छूट (नेट 11,000 रुपये)दिया जाएगा।

### पुरुष भी ले सकते लाभ

पुरुष भी इससे लाभ उठा सकते हैं। प्रोस्टेट सर्जरी या अन्य ऑपरेशन के बाद पेशाब रोकने में मुश्किल या इरेक्टाइल प्रॉब्लम होने पर यह ट्रीटमेंट असरदार साबित होता है। खासियत यही है कि न कोई दर्द होता है और ना ही साइड इफेक्ट कपड़े बदलने की भी जरूरत नहीं रहती। बस 30 मिनट कुर्सी पर बैठना होता है और रिजल्ट खुद ही महसूस होने लगता है।

### ट्रीटमेंट के फायदे

**हॉस्पिटल** की डायरेक्टर ने कहा कि जैसे हम जिम जाकर अपनी बॉडी फिट रखते हैं, वैसे ही पेल्विक फ्लोर मसल्स को भी स्ट्रॉन्ग और हेल्दी रखना जरूरी है। इस चेयर पर सिर्फ 30 मिनट बैठने से लगभग 12,000 कीगल एक्सरसाइज अपने आप होती हैं। न पसीना बहाना है, न मेहनत करनी है। बस कुर्सी पर बैठिए और रिजल्ट खुद महसूस करें। यह ट्रीटमेंट विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए फायदेमंद है, जिनकी डिलीवरी या सी-सेक्शन को 2-3 महीने हो चुके हैं, जो मेनोपॉज के करीब हैं, जिन्हें खांसने, छींकने या दौड़ने पर यूरिन लीक होता है, या जिन्हें बाथरूम तक पहुंचने से पहले पेशाब निकल जाता है।

### हेल्थ को बनाता फिट

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अगर कोई समस्या न भी हो, तो हर महिला इसे प्रिवेंशन के तौर पर कर सकती है। जैसे हम चेहरे पर झुर्रियां रोकने के लिए फेशियल कराते हैं, वैसे ही यह ट्रीटमेंट पेल्विक हेल्थ को यंग और फिट बनाए रखता है।

# बिझड़ी वन विभाग ने भंडारे के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी दिया संदेश



बिझड़ी वन रेंज में भंडारे का आनंद लेते हुए मुख्यातिथि तहसीलदार सहित अन्य कर्मचारी

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

बड़सर उपमंडल के अंतर्गत वन विभाग बिझड़ी ने मंगलवार को शारदीय नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर एक अनूठी और सराहनीय पहल की। बिझड़ी रेंज के अधिकारियों कर्मचारियों ने मिलकर नवरात्रों में एक विशाल भंडारे का आयोजन करके लोगों को बनों को आग से बचाने तथा वन्य जीव जंतुओं को भी नुकसान न पहुंचने का आग्रह किया ताकि पर्यावरण हमेशा के लिए बचा रहे।

इस कार्यक्रम में तहसीलदार बिझड़ी संदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए उन्होंने वन्य अधिकारियों के ऐसे आयोजनों के लिए आभार प्राप्त किया साथ ही कहा कि आज के परिवेश में पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें जंगलों को आग से बचाना हर वर्ष नए पेड़ पौधे लगाना इसी के साथ जंगली जानवरों को भी किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहचाने की अपील की। उन्होंने कहा पर्यावरण को बचाए रखने में वन्य प्राणियों का भी अहम रोल होता है।

वीओ विनोद कुमार ने कहा कि आजकल गर्मी का भी मौसम है। उपमंडल में अगर कहीं कोई सांप दिखाई दे तो ऐसे में वन विभाग के अधिकारियों को सूचित करें ताकि ऐसे विशाल जानवरों को पड़कर सुरक्षित जंगलों में छोड़ दिया जाता है। ऐसा करने से भी पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है।

# मरीज अटेंडेंट के बनाए जाएं एक नहीं दो पास: प्रकाश सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में दाखिल मरीज के अटेंडेंट के लिए दो पास बनाने की मांग की गई है। मंगलवार को इस संबंध में प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ रमेश भारती से भी मिलकर इस समस्या को उठाया। उनका कहना था कि कई बार गंभीर अवस्था में दाखिल मरीजों के साथ एक अटेंडेंट तो हर वक्त उसके साथ चाहिए होता है। लेकिन दूसरा अन्य गतिविधियों के लिए जरूरी रहता है। जो टेस्ट करवाने के लिए दवाई लाने को या फिर अन्य तरह की सुविधा महिया करवाने की जरूरत महसूस रखता है। इसीलिए यह समस्या बेहद गंभीर है और इस पर फौरी तौर पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन को काम करना चाहिए। ताकि मरीजों के तमीरदारों को हो रही दिक्कत का हल निकल सके।

समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के प्रशासन से यह भी अनुरोध किया है कि इससे मरीजों को फायदा होगा इस समस्या को प्रशासन अन्यथा ना ले क्योंकि यह व्यावहारिक है। क्योंकि अभिभावक एक मरीज के पास रहे तथा दूसरा देखभाल करने वाला डॉक्टरों के कहे अनुसार टेस्ट इत्यादि करवाता रहे। बताते चलें कि उत्तर भारत में पीजीआई सबसे बड़ा अस्पताल है वहां पर हजारों मरीजों को उपचार हेतु भर्ती किया होता है, वहां पर भी मरीज के नाम से दो पास बनते हैं। केवल एक पास के होने से तीमारदारों को काफी परेशानियों का सामना करने पड़ता है, अगर दो पास बन जाएं, तो इस परेशानी से पार पाया जा सकता है, जिससे सुरक्षा गार्डों से भी नोक झोंक पर विराम लगेगा।

# अनुराग ठाकुर पर अंगुली उठाने से पहले रायजादा अपनी पार्टी के गिरेबान में झांकें : विनोद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर पर उंगली उठाने से पहले सदर ऊना के विधायक खुद की सरकार की कथनी और करनी पर नजर डालें आज तक कांग्रेस सुक्खू सरकार 2023 आपदा में केंद्र से मिली सहायता का लेखा जोखा नहीं दे पाई है और उसे पर 2025 में मिलने वाली केंद्र सहायता को भी सुचारू रूप से चलाएं चलाने में सफल हो रही है यह बात भाजपा के जिला प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने जारी बयान से कहीं।

उन्होंने कांग्रेस के पदाधिकारी को तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अनुराग सिंह ठाकुर का फोबिया हो गया है। आपदा 2025 में कांग्रेस सरकार की नलायकी का ठीकरा कांग्रेस नेताओं के सिर पड़ना स्वाभाविक है इसलिए उससे बचने के लिए वह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और अनुराग सिंह ठाकुर पर टिप्पणी कर अपने दामन को साफ करने की कोशिश करते नजर आते हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र से मिली 1500 करोड रुपए की सहायता सीधे आपदा में नुकसान हुई जनता को मिले इसके लिए केंद्र सरकार ने कांग्रेस राज्य सरकार से पूरा लेखा-जोखा मांगा है जिसे अभी तक केंद्र सरकार देने में विफल रही है। आपदा में कांग्रेस राज्य सरकार लोगों के नुकसान की भरपाई करने में असफल रही और स्वाभाविक है सतपाल रायजादा ने दूसरी विधानसभा को तो छोड़िए अपनी विधानसभा के सभी आपदाग्रस्त इलाकों को मौलिक और फौरी तक नहीं पहुंचाई होगी और वही सांसद अनुराग ठाकुर ने जिला ऊना के सभी क्षेत्रों में जहां-जहां आपदा से नुकसान हुआ है वहां जाकर मौलिक और फौरी रहता पहुंचाई और प्रशासन को केंद्र से मिलने वाली सहायता के लिए निर्देश जारी कर आपदा ग्रसित लोगों को राहत देने का काम किया सतपाल राय ज्यादा का अनुराग सिंह ठाकुर पर उंगली उठाना खुद को हंसी का पात्र बनाने जैसा है।

### नाकामियां छुपाने के लिए कर रहे अनाप-शनाप बयानबाजी

**विनोद** ठाकुर ने कहा कि सतपाल रायजादा न भूले कांग्रेस सरकार होते हुए 2024 के चुनाव कि वह नॉ बॉल है जिसमें अनुराग ठाकुर ने जीत का चौका मारकर पांचवीं बार सांसद बने थे। सांसद अनुराग ठाकुर के प्रभावशाली आपदा जनसंपर्क अभियान से कांग्रेस नेताओं में फोबिया फैल गया है। नाकामियों को छुपाने के लिए वे अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

## बैठक: डीडब्ल्यूएसएम की बैठक में उपायुक्त अमरजीत सिंह ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# पेयजल गुणवत्ता व सैंपलिंग-टेस्टिंग करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अमरजीत सिंह।

- शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और घरों की टंकियों की भी हो नियमित सफाई

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को जिला में पेयजल की स्वच्छता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने और इसके लिए फील्ड में अधिक से अधिक सैंपलिंग एवं टेस्टिंग करवाने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को यहां जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उपायुक्त ने बताया कि जल शक्ति विभाग द्वारा समय-समय पर की जाने वाली पानी की टेस्टिंग के अलावा जिला के सभी सीनियर सेकंडरी और हाई स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों और लगभग 1575 ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समितियों को भी फील्ड टेस्टिंग किट्स दी गई हैं। इन किट्स के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आसानी से पानी की टेस्टिंग कर सकता है। लेकिन, अभी भी फील्ड में अपेक्षा के अनुसार सैंपलिंग-टेस्टिंग नहीं हो रही है।

उपायुक्त ने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को इन टेस्टिंग किट्स का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में पानी की गुणवत्ता उच्चतम स्तर की हो और कहीं पर भी जल जनित रोग न फैल सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पानी की टेस्टिंग के काम को एक प्रोजेक्ट वर्क के रूप में भी दिया जा सकता है। इसके अलावा समय-समय पर फील्ड में सैंपल लेने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी इनकी रिपोर्ट जल शक्ति विभाग के साथ साझा करें।

अमरजीत सिंह ने कहा कि पारंपरिक जल स्रोतों की भी नियमित रूप से सफाई होनी चाहिए। इन पारंपरिक जलस्रोतों और पेयजल स्कीमों स्रोतों के आस-पास कोई भी गंदगी नहीं होनी चाहिए। सीवरेज ट्रीटमेंट संयंत्रों और ठोस कचरा संयंत्रों के संचालन में भी सभी नियमों का पालन होना चाहिए। सभी शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और घरों की टंकियों की नियमित रूप से सफाई होनी चाहिए। इन सभी कार्यों में आम लोगों, विशेषकर पंचायत जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी बहुत जरूरी है।

बैठक में डीडब्ल्यूएसएम के सचिव एवं जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश धीमान ने मिशन की गतिविधियों और पेयजल टेस्टिंग की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### बी. कॉम द्वितीय वर्ष की टीम ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेता जी सुभाषचंद्र बोस सरकारी महाविद्यालय हमीरपुर के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित अंतर-कक्षा क्रिकेट प्रतियोगिता बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल, वाणिज्य विभागाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रो. नरेश धीमान और डॉ. कनिका कौंडल ने किया। फाइनल मुकाबले में बी.कॉम द्वितीय वर्ष की टीम ने कप्तान मोहित शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ट्रॉफी जीती, जबकि बी.कॉम तृतीय वर्ष की टीम उपविजेता रही। प्रथम वर्ष के प्रिंस ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब हासिल किया। करण वर्मा और साहिल को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। पुरस्कार वितरण समारोह में सभी विजेता टीमों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

### पपलाह में होनहार बेटियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी भोरंज के सौजन्य से ग्राम पंचायत पपलाह के आंगनबाड़ी केंद्र भरेड़ी में बेटी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रधान अंकुश सैनी के द्वारा की गई। समारोह में क्षेत्र की 15 मेधावी बेटियों कनिष्का, अमीषा, पायल, इशिता निशा, खुशबू, मन्नत, रिधिमा, वांशिका, जाह्नवीं, कोमल, चाहत सारिका, सिम्मी, रितिका को दसवीं और 12वीं कक्षा की वोर्ड परीक्षाओं में सराहनीय प्रदर्शन करने वाली क्षेत्र की लड़कियों को स्मृति चिन्ह व सामान्य ज्ञान की पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। वृत पर्यवेक्षिका सरोज ठाकुर ने लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं और बेटियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी

### डीसी कार्यालय के पुराने टॉवरों की नीलामी 24 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर 30 सितंबर। उपायुक्त कार्यालय की छत पर लगे हिमस्वैन के पुराने एवं नकारा घोषित दो टॉवरों की नीलामी 24 अक्तूबर को सुबह 11 बजे की जाएगी। उपायुक्त के सहायक आयुक्त राजीव ठाकुर ने बताया कि इन पुराने नकारा घोषित टॉवरों का वजन लगभग 7 क्विंटल है और इन्हें खुली बोली के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त के सहायक आयुक्त कार्यालय में या दूरभाष नंबर 01972-222449 पर संपर्क किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विदेश यात्रा से लौटने के उपरांत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात की। यह भेंट पूर्णतः शिष्टाचारिक रही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्यपाल को दुर्गा अष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। इस मौके पर विधायक संजय अवस्थी भी मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित रहे। भेंट के दौरान प्रदेश की समसामयिक गतिविधियों पर भी सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई।

### प्रदेश सरकार में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की सेवानिवृत्ति पर राज्य सचिवालय में सचिवालय प्रशासन विभाग की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने गठन के बाद से उल्लेखनीय प्रगति की है, जो प्रदेश के नागरिकों, नेतृत्व, अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्यनिष्ठा और लगन के साथ सेवाएं देते आए हैं। सक्सेना ने अपनी सेवाकालीन स्मृतियां साझा करते हुए कहा कि हिमाचल के लोग मेहनतकश और ईमानदार हैं, जिनके बीच काम करना हमेशा परिवार जैसा अनुभव रहा। अतिरिक्त मुख्य सचिव के.के. पंत ने प्रबोध सक्सेना की सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। सचिव, सचिवालय प्रशासन राकेश कंवर ने मुख्य सचिव का स्वागत किया। इस अवसर पर सचिवालय से सेवानिवृत्त हुए अनुभाग अधिकारी उमेश, निरीक्षक मुरारी लाल और केयर टेकर रूपेंद्र सिंह को भी सम्मानित किया गया। समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और उन्हें भावभीनी विदाई दी।

### नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन में नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन में श्रद्धा और उल्लास के साथ आरंभ हुआ। परिसर मां दुर्गा के जयकारों, वैदिक मंत्रोच्चारण और दीपों की रश्मियों से आलोकित हो उठा। आगामी 30 सितंबर को दुर्गा अष्टमी, 1 अक्तूबर को महानवमी और 2 अक्तूबर को विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। एनजेएचपीएस सांस्कृतिक समिति द्वारा ग्राउंड परिसर में माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की गई। परियोजना प्रमुख राजीव कपूर ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं आरती के साथ प्रतिमा का विधिवत् अभिषेक किया और परियोजना की उन्नति, कर्मभूमि की समृद्धि व जनकल्याण की मंगलकामना की। सभी विभागाध्यक्ष और समिति कार्यकारिणी के सदस्य गरिमामयी उपस्थिति में साक्षी बने। सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को और अधिक अलौकिक बना दिया। विनेश और यश कश्यप की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भव्य भक्तिरसपूर्ण प्रस्तुतियों ने मिलकर नवरात्र महोत्सव को एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव में बदल दिया।

### सीमा कॉलेज में असुरक्षित निर्माणों की नीलामी 8 को

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा (रोहड़ू) में स्थित असुरक्षित निर्माणों की नीलामी 8 अक्तूबर को दोपहर 3:30 बजे होगी। कॉलेज प्रशासन ने इच्छुक बोलीदाताओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। नीलामी में लड़कों व लड़कियों के शौचालय (विज्ञान भवन के समीप) और गैंग हट शामिल हैं, जिनका निरीक्षण 2 अक्तूबर तक किया जा सकता है। प्रतिभागियों को 5,000 रुपए की सुरक्षा राशि नकद या चेक के रूप में उसी दिन दोपहर 12 बजे तक जमा करनी होगी। राशि डीडीओ, राजकीय महाविद्यालय सीमा के नाम पर जमा करवाई जाएगी। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश सरकार के वित्त विभाग के निर्देशों के अनुसार ही पूरी की जाएगी।

# हिमाचल-न्यूजीलैंड सहयोग से सेब और नाशपाती की खेती में क्रांति की तैयारी

## प्रदेश में अब उच्च घनत्व बागवानी व आधुनिक प्रबंधन पर दिया जाएगा जोर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश अब अपने सेब और नाशपाती उत्पादन को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। राज्य सरकार न्यूजीलैंड के साथ बागवानी क्षेत्र में नई साझेदारी पर विचार कर रही है। इससे न केवल उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि बागवानों की आर्थिकी भी मजबूती से खड़ी होगी। यह सहयोग हिमाचल की बागवानी को पारंपरिक ढर्रे से निकालकर आधुनिक, टिकाऊ और जलवायु अनुकूल तकनीकों की ओर ले जाएगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में न्यूजीलैंड के उच्च आयुक्त पैट्रिक जॉन राटा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और न्यूजीलैंड की भौगोलिक व जलवायु परिस्थितियों में कई समानताएं हैं। ऐसे में न्यूजीलैंड की उन्नत तकनीक और अनुभव से प्रदेश को सेब व नाशपाती की खेती में नया मोड़ मिलेगा। इस सहयोग से फसल उपरान्त प्रबंधन सुदृढ़ होगा, उत्पाद अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को पूरा करेंगे और हिमाचली सेब वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती से खड़े होंगे।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला में न्यूजीलैंड के उच्च आयुक्त पैट्रिक जॉन राटा और प्रतिनिधिमंडल के साथ बागवानी क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा करते हुए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि न्यूजीलैंड के विशेषज्ञ उच्च घनत्व बागवानी, बगीचों का बेहतर प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, फसल भंडारण और विपणन रणनीतियों में मार्गदर्शन देंगे। इससे न केवल उत्पादन और गुणवत्ता में तेजी से सुधार होगा बल्कि बागवानों को बाजार में बेहतर दाम भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्षों में प्रदेश सरकार ने बागवानी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। यूनिवर्सल कार्टन की शुरुआत से बागवानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य मिल रहा है, और यह नई साझेदारी बागवानी के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### आधुनिक और जलवायु अनुकूल तकनीक पर होगा फोकस

**मुख्यमंत्री** ने जोर दिया कि न्यूजीलैंड की विशेषज्ञता से हिमाचल प्रदेश आधुनिक, सतत और जलवायु अनुकूल बागवानी तकनीकों को अपनाएगा। इससे न केवल सेब और नाशपाती का उत्पादन बढ़ेगा बल्कि राज्य की बागवानी अर्थव्यवस्था को स्थायी आधार भी मिलेगा। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने सुझाव दिए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

**सचिव** बागवानी सी. पालरासू, सचिव राकेश कंवर, निदेशक बागवानी विनय सिंह, सीईओ एनजीएपीआई कैरेन मोरिश, प्रबंध निदेशक एप्लाइड रिसर्च एंड टेक्नोलॉजीज डॉ. डेविड मैंकटेलो, गैरी जोन्स और डेनिएला एडसेड उपस्थित रहे।

# विकसित भारत के सपने में कला और संस्कृति की अहम भूमिका : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



ऐतिहासिक गेयटी थियेटर शिमला में ललित कला अकादमी, नई दिल्ली, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और अकादमी उप-केंद्र शिमला के संयुक्त तत्वावधान में 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' विषय पर एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला आयोजित हुई। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि कला और संस्कृति समाज की आत्मा हैं और यही समाज को दिशा देती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना कला और संस्कृति से गहराई से जुड़ा है। कलाकार सांस्कृतिक दूत के रूप में अपनी रचनात्मकता से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर रहे हैं और विकसित भारत की परिकल्पना को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और जन-धन योजना जैसी पहलों ने विकास की गति को नई ऊर्जा दी है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने के प्रधानमंत्री के आह्वान का समर्थन करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता भारत की शक्ति और गौरव दोनों को बढ़ाती है। साथ ही उन्होंने कलाकारों से आग्रह किया कि वे अपनी कला से सद्भाव, देशभक्ति और विकास की धारा को और मजबूत करें।

### कलाकारों की रचनात्मकता बनेगी सांस्कृतिक शक्ति

**राज्यपाल** ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय कलाकारों की प्रतिभा और समर्पण भारत को वैश्विक सांस्कृतिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने रिज मैदान का दौरा कर पेंटिंग कर रहे युवा कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष नंद लाल ने राज्यपाल का स्वागत किया।

# जुन्गा दशहरा मेले में छाएंगे रंग धूमधाम से होगी उत्सव यात्रा

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

क्योंथल क्षेत्र का प्राचीन और प्रसिद्ध दशहरा मेला इस वर्ष 2 से 4 अक्तूबर तक ऐतिहासिक स्कूल ग्राउंड जुन्गा में भव्यता से आयोजित किया जाएगा। मेले में प्रदेश के लोकप्रिय लोकगायक हेमंत शर्मा, वर्षा ठाकुर, केश्व शर्मा, राजेन्द्र वर्मा और विजय मोक्टा अपनी सुरीली आवाज़ से लोगों का मन मोहेंगे।

तहसीलदार जुन्गा एवं मेला अधिकारी नारायण सिंह वर्मा ने बताया कि मेले में स्थानीय कलाकारों, महिला मंडलों और स्कूली बच्चों को भी मंच मिलेगा। परंपरा के अनुसार, 2 अक्तूबर को तत्कालीन क्योंथल रियासत के राजमहल से राजा खुश विक्रम सेन की अगुवाई में रघुनाथ जी की पालकी की शोभायात्रा निकलेगी। इस अवसर पर लंका दहन के तहत रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा।

मेले का दूसरा दिन 3 अक्तूबर खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के नाम रहेगा। प्रदेशभर से टीमें कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जिसके लिए एक हजार रुपये प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। विजेता टीम को 31 हजार और उपविजेता को 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा।

इसी दिन स्थानीय स्कूलों, स्वयं सहायता समूहों और महिला मंडलों की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। शाम को मेला समिति द्वारा स्टार नाइट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एडीएम शिमला पंकज शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

### शिमला में 12 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली थाना क्षेत्र में एक 12 वर्षीय बच्ची के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ और अश्लील इशारे करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने विरोध करने पर बच्ची और उसकी मां को गाली दी और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार शाम की है। शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को दी बताया कि उनकी 12 साल की बेटी अपनी सहेलियों के साथ फोन देख रही थी। इसी दौरान वीरेंद्र नामक एक व्यक्ति ने तीनों बच्चियों के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार करना और अश्लील इशारे करना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

# सनिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का कार्यालय खोलने की मांग

- सराज और द्रंग के लोगों ने सीएम से भेंट कर रखी मांग
- कहा-कार्यालय से क्षेत्र के लोगों को होगा फायदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह के नेतृत्व में सराज और द्रंग विधानसभा क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनके आधिकारिक आवास ओक ओवर में मिला और विभिन्न मांगों से उन्हें अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बालीचौकी में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का कार्यालय खोलने का निर्णय क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद लाभकारी होगा।

इस मौके पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यालय को थलौट से पंडोह स्थानांतरित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उनका कहना था कि यह कार्यालय दोनों विधानसभा क्षेत्रों की जनता की सुविधा के लिए थलौट में ही रहना चाहिए। मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को सुना और उनकी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला स्थित ओक ओवर में मुलाकात करता सराज और द्रंग विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधिमंडल।

### ब्राक्टा ने अढाल पंचायत भवन का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने ग्राम पंचायत अढाल में पंचायत भवन का शिलान्यास कर ग्रामवासियों को नई सौगात दी। लगभग 1 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह भवन ग्रामीण विकास विभाग और पंचायत निधि के सहयोग से तैयार होगा। भवन में सामुदायिक हॉल, शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पंचायत भवन लोकतंत्र की आत्मा है, जहां विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार होती है और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे भवन का अधिकतम उपयोग करें और इसे स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग दें।

इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान प्रेम सिंह ठाकुर, उपप्रधान अनिल, महिला मंडल अध्यक्ष, युवा मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता मलक राज ठाकुर, दिलीप ठाकुर, शमशेर ठाकुर, रविंदर ठाकुर, रविंद्र जोरटा, रवि रावत झामटा, हैप्पी मेहता, विनोद, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग रोहड़ू रवि भट्टी आदि मौजूद रहे।

# रामपुर की सड़कों के लिए 17 करोड़ मंजूर, झाकड़ी में जल्द बनेगा पुल



तकलेच में बाढ़ प्रभावित सड़कों का निरीक्षण करते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने रामपुर डिवीजन को आपदा से हुए सड़कों और डंगों के नुकसान की मरम्मत के लिए 17 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं।

उन्होंने मंगलवार को तकलेच में बाढ़ प्रभावित सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि प्राथमिकता पूरी तरह क्षतिग्रस्त सड़कों को बहाल करने की है और इसके लिए जियोलॉजिकल स्टडी व मिटिगेशन प्लान भी तैयार किया जा रहा है। तकलेच के दौरे के बाद विक्रमादित्य सिंह ने झाकड़ी में आरके फिटनेस जिम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नशा आज युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है और युवाओं को खेलकूद व व्यायाम से स्वस्थ रहना चाहिए। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ. अमरीन कौर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

लोक निर्माण मंत्री ने झाकड़ी में बताया कि यहां 135 करोड़ रुपए से नया पुल बनेगा जिसकी स्वीकृति केंद्र सरकार से मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि वह दो दिवसीय रामपुर दौरे पर हैं और आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में वह एक अक्टूबर को गानवी क्षेत्र का भी दौरा करेंगे।

# किशोर श्रमिकों को केवल 5 घंटे काम की अनुमति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में स्पष्ट किया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के कार्य में लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। वहीं 14 से 18 वर्ष तक के किशोर केवल सुरक्षित कार्यों में ही अधिकतम 5 घंटे तक ही काम कर सकते हैं। नियोक्ता को उनका वेतन सीधे बैंक खाते में जमा करना अनिवार्य होगा और नकद भुगतान कानून उल्लंघन माना जाएगा।

बैठक में बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में कार्यरत किशोर श्रमिकों का सटीक डाटा एकत्र किया जाए और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की नियमित समीक्षा की जाए।

उन्होंने समिति सदस्यों को औचक निरीक्षण करने तथा विशेषकर सड़क निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों की वास्तविक स्थिति जांचने के निर्देश भी दिए।



बैठक की अध्यक्षता करते जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप, साथ हैं समिति के सदस्य।

### पुनर्वास कोष व बचाव पर जोर

**बैठक** में बंधुआ मजदूरी के बचाव और पुनर्वास प्रक्रिया की प्रगति पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि जरूरतमंद श्रमिकों को न्याय और उचित पुनर्वास सुविधा उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर एडीएम (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा, जिला श्रम अधिकारी सतीश कौशल सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### बिना लाइसेंस पटाखे बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) शिमला पंकज शर्मा ने कहा कि आगामी दिवाली पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए जिला प्रशासन ने पटाखों की बिक्री और भंडारण पर सख्त दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि बिना वैध लाइसेंस के पटाखों की बिक्री, भंडारण या वितरण पूरे शिमला जिला में पूर्णतः प्रतिबंधित है। कुछ दुकानों द्वारा अवैध बिक्री के प्रयास की जानकारी प्रशासन के संज्ञान में आई है, जिस पर औचक निरीक्षण किए जाएंगे। नियमों के उल्लंघन पर न केवल स्टॉक जब्त होगा, बल्कि व्यापार लाइसेंस भी रद्द किया जाएगा और आपराधिक मामला भी दर्ज किया जा सकता है। एडीएम ने सभी लाइसेंसधारी दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे केवल अधिकृत और निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें ताकि वर्ष 2025 की दिवाली सुरक्षित, शांतिपूर्ण और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार तरीके से मनाई जा सके। लाइसेंसधारी विक्रेताओं को सभी शर्तों का पालन करने के निर्देश दिए और कहा कि नियम तोड़ने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

### भाजपा ने जमीन बचाओ, मकान बचाओ समिति की गठित

- लोग कांग्रेस सरकार की ढुलमुल नीतियों के कारण बेघर होने की कगार पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भर में दशकों से बसे हिमाचली नागरिकों की जमीन व मकानों को बचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने जमीन बचाओ, मकान बचाओ समिति का गठन किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल द्वारा गठित इस समिति में संयोजक के रूप में विधायक त्रिलोक जम्वाल, सदस्य सचिव के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, जबकि सदस्य के रूप में विधायक सुधीर शर्मा, मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल और प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर वर्मा शामिल किए गए हैं।

विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि दिहाड़ीदार मजदूर और किसान, जो कई पीढ़ियों से सरकार द्वारा दी गई भूमि पर रह रहे हैं, आज कांग्रेस सरकार की ढुलमुल नीतियों के कारण फिर से बेघर होने की कगार पर खड़े हैं। भाजपा ने संकल्प लिया है कि इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक ले जाया जाएगा, ताकि भूमिहीनों को फिर से भूमिहीन न होना पड़े।

प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 163 सामान्य भूमि पर अतिक्रमण रोकने व हटाने से संबंधित है, जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने इसमें धारा 163-ए जोड़कर सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमणों को नियमित करने का प्रावधान किया था।

**रोष** एंबुलेंस कर्मचारी दो अक्तूबर रात आठ बजे से 24 घंटे की हड़ताल पर

# हिमाचल में ठप होंगी 108 और 102 एंबुलेंस सेवाएं

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं एक और संकट की ओर बढ़ रही हैं। राज्यभर में जीवनरक्षक मानी जाने वाली 108 और 102 एंबुलेंस सेवाएं दो अक्तूबर की रात आठ बजे से पूरी तरह ठप हो जाएंगी। यह हड़ताल लगातार 24 घंटे चलेगी और तीन अक्तूबर की रात आठ बजे तक जारी रहेगी। यूनियन से जुड़े कर्मचारी उपायुक्त कार्यालयों के बाहर धरना-प्रदर्शन भी करेंगे। इस वजह से आम लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

सीटू से संबंधित 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए हड़ताल का ऐलान किया है। यूनियन अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा का कहना है कि एनएचएम के अधीन कार्यरत कर्मचारी लंबे समय से शोषण का शिकार हो रहे हैं। उन्हें न्यूनतम वेतन तक नहीं मिलता और 12 घंटे की ड्यूटी करने के बावजूद ओवरटाइम का भुगतान नहीं किया जाता। यहां तक कि हाईकोर्ट, लेबर कोर्ट और श्रम विभाग के आदेश भी कागजों तक सीमित हैं। यूनियन नेताओं के अनुसार, ईपीएफ और ईएसआई योजनाओं के क्रियान्वयन में भी गंभीर खामियां हैं, जिससे कर्मचारियों के मूल वेतन पर असर पड़ रहा है।

यूनियन का कहना है कि एनएचएम हिमाचल में न्यायालय और श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कोर्ट ने कई बार कर्मचारियों को राहत देने वाले आदेश पारित किए हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं हो रहा। नेताओं का यह भी आरोप है कि आंदोलन करने वाले कर्मचारियों को तबादलों और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। इस कारण कई लोगों को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### सरकार से समाधान निकालने की मांग

**यूनियन** ने साफ कहा है कि यदि सरकार समय रहते उनकी मांगों पर कोई ठोस और सकारात्मक पहल नहीं करती तो यह आंदोलन और उग्र होगा। कर्मचारियों का कहना है कि एंबुलेंस सेवाएं सीधे जनता की जान से जुड़ी हैं, ऐसे में सरकार को संवेदनशील रवैया अपनाते हुए तुरंत समाधान निकालना चाहिए। विजेंद्र मेहरा ने आरोप लगाया कि एनएचएम से आठ घंटे की भी तनख्वाह नहीं दी जा रही जबकि कर्मचारियों से बारह घंटे की ड्यूटी ली जा रही है।

### इमरजेंसी सेवाओं पर संकट बढ़ेगा

**इस** हड़ताल से सबसे ज्यादा प्रभावित आम जनता होगी। दुर्घटना, प्रसव, बीमारियों या अन्य आपात स्थितियों में मरीजों को एंबुलेंस सेवा नहीं मिल पाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरों तक लोगों को निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले ये वाहन 24 घंटे तक ठप रहेंगे, जिससे लोगों की जान पर भी खतरा मंडरा सकता है। यही वजह है कि यूनियन ने सरकार को अल्टीमेटम दिया है और जल्द से जल्द समाधान की उम्मीद जताई है।

### जैईश्वरी माता धरेच का मेला आरंभ

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** कुसुपंटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धरेच के केलियाघाट में मंगलवार को जैईश्वरी माता का पारंपरिक आठ दिवसीय दशहरा मेला आरंभ हुआ। दुर्गाष्टमी के अवसर पर माता की शोभा यात्रा धरेच स्थित प्राचीन मंदिर से पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ निकाली गई, जो केलियाघाट मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंचे। मान्यता है कि जैईश्वरी माता नि:संतान दंपतियों की गोद भरती हैं। मेला शरद पूर्णिमा तक चलेगा और 3 अक्तूबर को विशेष दशहरा मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ने की उम्मीद है।

इस मेले में देवी दर्शन ही प्रमुख आकर्षण रहते हैं। लोग अपने छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार करवाने भी यहां बड़ी संख्या में आते हैं। परंपरा के अनुसार केलियाघाट मंदिर में सात जागरण आयोजित होते हैं, जिनमें से एक मंदिर समिति और छह जागरण विभिन्न गांवों द्वारा दिए जाते हैं।

# व्यवस्था परिवर्तन की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। जिस सरकार को जनता ने व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर चुना था, उसी सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। अब हालत यह है कि कांग्रेस के अपने ही लोग सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाने लगे हैं।

जयराम ठाकुर ने मंगलवार को शिमला में कहा कि हाल ही में एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के बेटे ने सोशल मीडिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार के अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और यहां तक कि दिव्यांगों के लिए आए फंड तक में गड़बड़ी की जा रही है। जयराम ने कहा कि जब सरकार को आईना दिखाने का काम विपक्ष नहीं, बल्कि कांग्रेस के अपने लोग करने लगें तो यह साफ संकेत है कि व्यवस्था परिवर्तन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आपदा के समय हिमाचल को दी गई 1500 करोड़ रुपये की सहायता राशि का जिक्र करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी मदद मिली है। लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रधानमंत्री का आभार जताने के बजाय लगातार केंद्र सरकार पर ही आरोप मढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगर केंद्र को ही सब कुछ करना है तो मुख्यमंत्री को सत्ता पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। कर्मचारियों और पेंशनरों के मुद्दों पर भी जयराम ठाकुर ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने का वादा किया था, लेकिन अब उसे फिर से न्यू पेंशन स्कीम में बदलने की योजना बना रही है।

इससे कर्मचारियों और पेंशनरों में भारी असंतोष है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, पुतले जलाए जा रहे हैं और कर्मचारियों को समय पर वेतन व पेंशन तक नहीं मिल रही है।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए जयराम ठाकुर व साथ हैं अन्य।

# टर्नओवर में वृद्धि के बावजूद देरी से मिला एचपीटीडीसी कर्मियों को वेतन

## प्राकृतिक आपदा को बताया जा रहा कारण; एचपीटीडीसी का दावा, 3 साल में पहली बार हुई देरी

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** भले ही हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने टर्नओवर में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की हो, लेकिन बावजूद इसके निगम की टर्नओवर में वृद्धि में अहम भूमिका निभाने वाले कर्मियों को इस माह का वेतन देरी से जारी हुआ है।

हालांकि, इसके पीछे प्राकृतिक आपदा को कारण बताया जा रहा है, लेकिन इसके चलते निगम कर्मियों को झेलनी पड़ी परेशानी का जिम्मेवार कौन है। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। सूत्रों के अनुसार, बीच-बीच में इस तरह की समस्या पहले भी आती रही है, लेकिन निगम प्रबंधन का दावा है कि पिछले तीन साल में पहली बार एचपीटीडीसी को इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ा है, लेकिन प्राकृतिक आपदा ने पर्यटन क्षेत्र को बेहद प्रभावित है। निगम कर्मियों को अगस्त माह के वेतन का भुगतान कुछ दिन पहले ही किया गया है। गौरतलब है कि प्रदेश भर में एचपीटीडीसी के अधिकारियों व कर्मियों की संख्या 1700 के लगभग है, जिसमें 1200 के करीब नियमित अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं।

### मैंने कमान संभालते ही समय पर वेतन किया सुनिश्चित : आरएस बाली

**एचपीटीडीसी** अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने कहा कि जब से मैंने कमान संभाली है, तब से मैंने कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया। इस बार जब आपदा आई तो पर्यटन प्रभावित हुआ। निगम ने जब 110 करोड़ रुपए का टर्नओवर जुटाया, जिसमें से 45 करोड़ रुपए की पुरानी देनदारियों का भुगतान किया। आपदा के दौरान पर्यटन प्रभावित हुआ तो मुझे तीन वर्ष में पहली बार सरकार से पैसे मांगने पड़े, जबकि पहले अपनी कमाई से निगम अपने भुगतान कर रहा था। हमारे कर्मचारियों ने जीतोड़ मेहनत करते हुए निगम के टर्नओवर को 110 करोड़ तक पहुंचाया। अगले माह समय पर वेतन भुगतान का वादा नहीं किया जा सकता, क्योंकि आपदा से काफी नुकसान हुआ है, सब ठीक रहा तो हम पुरानी देनदारियां देने में भी सक्षम होंगे।

### फेस्टिवल सीजन में वेतन में देरी से बढ़ी परेशानी : हुकम राम

**पर्यटन** निगम कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष हुकम राम ने कहा कि इससे पहले कर्मचारियों को वेतन के लिए समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। अगस्त माह का वेतन 23 सितंबर को जारी हुआ था। वर्तमान में फेस्टिवल सीजन चल रहा है, ऐसे में कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने के चलते काफी परेशानी पेश आई है। इस समस्या को मुख्यमंत्री और निगम के चेयरमैन के समक्ष रखा है। निगम कर्मियों की मेहनत से निगम मुनाफे में आया है। इसके बावजूद कर्मचारियों को वेतन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

# न्यूज ब्रीफ

## गैलेक्सी स्कूल में छात्राओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट



**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के निदेशानुसार शिविर खंड में फार्मासिस्ट मनीषा, हेल्थ वर्कर अनुराधा और आशा वर्कर रंजू देवी ने 67 छात्राओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया। सभी छात्राओं का हीमोग्लोबिन सामान्य रहा। मनीषा ने बच्चों से कहा कि अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें और संतुलित आहार लें। यदि किसी छात्रा का हीमोग्लोबिन 10 ग्राम से कम हो तो वह एनीमिया की श्रेणी में आता है । अगर आपका स्वास्थ्य सही रहेगा तभी आपकी पढ़ाई और खेलों में रुचि बनेगी , इसलिए पढ़ाई के साथ ही सेहत भी ठीक होनी चाहिए ।

## छात्रों से समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में निक्षय मित्र बनाने का शिविर आयोजित किया गया। छात्रों का माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करवाया गया। इस मौके पर नोडल अधिकारी प्रो. किरण शर्मा द्वारा छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया तथा टीबी मुक्त भारत मुहिम के तहत छात्रों को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र तथा सह आचार्य प्रो. रविंद्र कुमार, डॉ. इंद्र, प्रो. अरविंद, प्रो. पूनम, प्रो. शिवानी आदि मौजूद रहे।

## भटवारा से कोटलू बाजार तक सड़क गड्ढों में तब्दील



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लंबागांव झुंग्गा देवी से शिवनगर मार्ग पर भटवारा से कोटलू बाजार के पास तक सड़क पूरी तरह उखड़ गई है। इसके चलते चालकों को वाहन चलाने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। वाहन चालक गड्ढे से वाहन को बचाने के लिए विपरीत दिशा में वाहन चला रहे हैं, जिससे बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। स्थानीय निवासी राजेश कुमार का कहना है कि लोक निर्माण विभाग को इस सड़क मार्ग को दुरुस्त करना चाहिए।

## टांडा रेंज में फायरिंग का अभ्यास 3 और 4 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त उपायुक्त, कांगडा स्थित धर्मशाला ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना की ओर से 3 और 4 अक्तूबर को सुबह 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने पंचायत कोहाला, कछियारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें।

## बलजीत सिंह को सर्वसम्मति से चुना प्रधान

**अनंत ज्ञान, कोटला।** उपतहसील कोटला बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन यूनिट कोटला का चुनाव रोहित शर्मा, प्रधान गनोह यूनिट की अध्यक्षता में हुआ। राज्य संगठन सचिव अश्वनी ठाकुर, कोटला सहायक अभियंता कुंदन सिंह और गनोह यूनिट के वरिष्ठ उपप्रधान दीपक पठानिया विशेष रूप से मौजूद रहे। चुनाव में बलजीत सिंह को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। वरिष्ठ उपप्रधान पद पर पंकज और अनुभव शर्मा का चयन हुआ। उपप्रधान के रूप में मनीष, रघुनंदन, शिव कुमार और अंजू देवी को जिम्मेदारी सौंपी गई। सुमित कुमार को सचिव, रवि को सहायक सचिव, मुकेश को कोषाध्यक्ष तथा परवीन कुमार को मुख्य सलाहकार चुना गया। इसके अतिरिक्त मोहन सिंह को ऑडिटर और मनजीत को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया।

## कृषि विश्वविद्यालय में हिम नवरात्र का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर एग्रीविजन एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में हिम नवरात्रि का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एग्रीविजन संयोजिका साक्षी शर्मा एवं अभाविप कृषि विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष शैफाली ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि नवरात्रि शक्ति, साधना और संस्कृति का प्रतीक है, जो युवाओं को निष्ठा, सकारात्मकता और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय परिवार को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ते हैं।

## गेस्ट लेक्चर में छात्रों को दिए सफलता के मंत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला कॉलेज के वीवॉक हॉस्पिटैलिटी एवं टूरिज्म विभाग की ओर से तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें स्टार होटल आईटीसी फॉर्च्यून पार्क मोक्षा धर्मशाला के एचआर मैनेजर संजीव कुमार शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता छात्रों को संबोधित किया। संजीव शर्मा ने इंटरव्यू स्किल्स तथा फूड एंड बेवरेज विभाग में करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को उद्योग की वास्तविकताओं से रू ब-रू कराया और उन्हें निरंतर सीखने, सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने और आत्मविश्वास के साथ करियर की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## कलोहा चौक में दुकान से टकराया अज्ञात वाहन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कलोहा चौक में सोमवार रात लगभग 12 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर अभिषेक कुमार की दुकान को भारी नुकसान पहुंचाया। टक्कर से दुकान की छत पूरी तरह ढह गई और अंदर रखा सामान भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पुलिस द्वारा खंगाली जा रही है, लेकिन अभी तक वाहन का कोई सुराग नहीं मिला है। दुकानदार अभिषेक कुमार और दुकान मालिक विजय पाठक ने प्रशासन से दोषी चालक की जल्द पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने स्पीड ब्रेकर और ट्रैफिक नियंत्रण के कड़े इंतजाम की भी अपील की है। थाना प्रभारी रक्कड़ संदीप पटियाल ने मामले की पुष्टि की है।

# प्रयास भवन धर्मशाला में जल्द शुरू हो नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र: डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**एनआईसी** सभागार जिला कांगड़ा में सोमवार को राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) की बैठक का आयोजन किया गया। नशे की रोकथाम संबंधी इस बैठक की अध्यक्षता डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने की। बैठक में नशे के प्रभाव को रोकने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए बहुआयामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्रों की क्षमता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि शीघ्र ही प्रयास भवन धर्मशाला में नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्र आरंभ किया जाए, ताकि नशे के शिकार लोगों को समय पर इलाज और परामर्श मिल सके।

उन्होंने नशे के मामलों में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता जताई, ताकि सप्लाई चेन तक पहुंचकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। डीसी ने संवाद प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि इसमें स्कूल प्रबंधन समितियों को भी शामिल किया जाए और संबंधित एसडीएम को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जोड़ा जाए। बैठक में प्रहरी क्लबों की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। जिले के सभी स्कूल अपने परिसरों और आसपास यदि किसी नशा संबंधित गतिविधि का संज्ञान लें, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस या संबंधित एसडीएम को दें। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे में जागरूक करने के लिए नियमित वर्कशॉप आयोजित की जाएं। जिले की सभी पंचायतों में नशा मुक्ति जागरूकता संबंधी होर्डिंग्स लगाए जाएं, ताकि ग्रामीण स्तर पर भी लोग नशे से होने वाले नुकसान से अवगत हो सकें। डीसी ने कहा कि निजी नशा मुक्ति केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए और उनकी कार्यप्रणाली की।

## मोदी के नेतृत्व में बदल रहा देश का भविष्य: परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर विधानसभा में आयोजित नेक्स्ट जेन जीएसटी संगोष्ठी में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक नए युग की ओर अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि एक कर जैसे ऐतिहासिक फैसले भारत को आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। जीएसटी दरों में कटौती और नए स्लैब्स पर विस्तार से चर्चा की गई। नेक्स्ट जेन जीएसटी आम जनता, व्यापारियों और उद्योग जगत सभी के लिए लाभकारी है। यह न केवल आर्थिक विकास को नई गति देगा, बल्कि छोटे व्यापारियों के लिए भी अवसरों के द्वार खोलेगा। पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। इस मौके पर पूर्व मंत्री सरवीण चौधरी, मंडल अध्यक्ष रविदत्त शर्मा, अशोक विशिष्ट, जिला कांगड़ा भाजपा महामंत्री देवेंद्र कोहली आदि अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'आप' ने कांगड़ा के 15 विधानसभा क्षेत्रों को 4 जिलों में बांटा

## कांगड़ा, पालमपुर, देहरा व नूरपुर संगठनात्मक जिलों की कार्यकारिणी गठन पर बनी सहमति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



जिला कांगड़ा आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार को लेकर मटौर स्थित निजी होटल में महत्वपूर्ण बैठक की।

**जिला** कांगड़ा आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश ने संगठन विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मटौर स्थित निजी होटल में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता जिला पर्यवेक्षक पूर्ण चंद और समन्वयक टीम ने की। बैठक में कांगड़ा जिले की पंद्रह विधानसभाओं से सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठनात्मक जिलों की कार्यकारिणी गठन पर गहन विचार-विमर्श किया।

सर्वसम्मति से तैयार किए गए प्रस्तावों को शीघ्र ही प्रदेश प्रभारी की स्वीकृति के बाद औपचारिक रूप से अधिसूचित किया जाएगा। आम आदमी पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती को आधार बनाते हुए कांगड़ा की 15 विधानसभाओं को चार जिलों में विभाजित किया है, जिसमें कांगड़ा संगठनात्मक जिला में कांगड़ा, शाहपुर, नगरोटा, धर्मशाला, नूरपुर जिला में इंदौरा, नूरपुर, फतेहपुर, जवाली, पालमपुर जिला बैजनाथ, पालमपुर, जयसिंहपुर, सुलह और देहरा जिला में जसवां-परागपुर, देहरा, ज्वालाजी को शामिल किया गया है। पूर्व राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने बताया कि प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा और सह प्रभारी अजय राजपूत के नेतृत्व में, राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल की स्वीकृति के साथ पार्टी का संगठन नए 'क्लेवर और फ्लेवर' में पुनर्निर्मित किया जा रहा है। पार्टी का उद्देश्य गांव-गांव और गली-मोहल्ले तक दिल्ली और पंजाब मॉडल को ले जाना है। इसी के तहत विधानसभा और बूथ स्तर तक की समितियों का गठन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। बैठक में एकत्रित वालंटियर्स ने संकल्प लिया कि वे आम आदमी पार्टी की पारदर्शी, जनहितकारी गवर्नेंस मॉडल को कांगड़ा के प्रत्येक मोहल्ले और गांव में पहुंचाएंगे और जनता के बीच पार्टी की वैकल्पिक राजनीति का विस्तार करेंगे।

इसके साथ राजनीतिक दृष्टि से कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के महत्व के मद्देनजर पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांगड़ा में पार्टी कार्यालय खोलने का प्रस्ताव पारित कर पार्टी के राज्य प्रभारी को भेजने का निर्णय लिया।

# पंचरुखी की आशवी को मिले चार अवॉर्ड

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी की सात वर्षीय आशवी धीमान को बेटी दिवस और शहीद भगत सिंह की जयंती और सेवा पखवाड़ा के तहत एक दिन में चार अवॉर्ड मिले। इसके साथ अशवी ने 15 माह में 100 अवॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। पहला अवॉर्ड ग्लोबल डॉटर एंपावरमेंट फाउंडेशन संस्था की ओर से बॉलीवुड के मशहूर गायक आशीष तिवारी के हाथों से दिया गया। दूसरा अवॉर्ड शहीद भगत सिंह की जयंती पर वर्थी वेलनेस फाउंडेशन की संस्थापक मानसी बाजपेयी द्वारा दिया गया। तीसरा अवॉर्ड स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय गौरव अवॉर्ड इंडियन हेरिटेज एवं बेलूर समिति के संस्थापक डॉ. राजेश मल्होत्रा द्वारा दिया गया तथा चौथा अवॉर्ड नरेंद्र मोदी नेशनल यूनिटी अवॉर्ड भारतीय राष्ट्रीय विकास परिषद संस्था की संस्थापक निकिता गौर और निमिष शाह द्वारा दिया गया। आशवी ने कहा कि मैं अपने हिमाचल के लिए आगे भी ऐसे ही कार्य करती रहूंगी।



# अंडर-15 एकल मुकाबले में सूर्यांश विजेता

## लड़कियों के अंडर-15 मुकाबले में प्रिया ने मारी बाजी



धर्मशाला में आयोजित जिला स्तरीय सब-जूनियर अंडर-15 एवं अंडर -17 बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला इंदौर स्टेडियम में जिला स्तरीय बैडमिंटन संघ की ओर से आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय सब जूनियर अंडर-15 एवं अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के संस्थापक सदस्य स्व. रमेश चंद सहगल की धर्मपत्नी जनक सहगल की ओर से विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और चयनित खिलाड़ी जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि अंडर-15 लड़कों के एकल मुकाबले में सूर्यांश ब्रजातीया विजेता तथा राजवीर उपविजेता रहा। लड़कियों के अंडर-15 एकल मुकाबले में प्रिया शर्मा विजेता, आराध्या चौधरी उपविजेता रही। अंडर-17 लड़कों के एकल मुकाबले में ऋतुल ठाकुर विजेता, अंशुमन उपविजेता रहा। अंडर-17 लड़कियों के एकल मुकाबले में अवनी ठाकुर विजेता, प्रिया शर्मा उपविजेता रही।

अंडर-15 लड़कों के युगल मुकाबले में सूर्यांश एवं तन्मय की जोड़ी विजेता तथा आरव एवं राजवीर की जोड़ी उप विजेता रही। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

# केंद्रीय विवि और बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के बीच एमओयू

## जैव विज्ञान और जैव सूचना विज्ञान के व्यापक क्षेत्रों में होंगे शैक्षणिक और अनुसंधान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर की तिथि से प्रभावी होगा और पांच वर्ष पूरे होने तक लागू रहेगा।

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) धर्मशाला और डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी जैव विज्ञान और जैव सूचना विज्ञान के व्यापक क्षेत्रों में शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं। इसी संबंध में दोनों संस्थानों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

दोनों संस्था न ज्ञान आधारित उद्यमों को आगे बढ़ाने, भविष्य की प्रौद्योगिकी विकास के लिए उपयुक्त तकनीकी और प्रबंधन कौशल, सूचना के आदान-प्रदान और मानव संसाधन विकास और अनुसंधान एवं विकास के लिए प्रभावी अनुसंधान संस्थान-अकादमिक साझेदारी की दिशा में काम करने के लिए सहमत होने वाले अन्य सभी संबंधित क्षेत्रों में सहयोग करने के इच्छुक हैं। यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर की तिथि से प्रभावी होगा और पांच वर्ष पूरे होने तक लागू रहेगा। दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से इसकी वैधता बढ़ाई जा सकती है। इस समझौता ज्ञापन का दायरा जंतु विज्ञान, कृषि विज्ञान, जैविक विज्ञान या भौतिक/रासायनिक विज्ञान तथा अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में अनुसंधान और शिक्षण के लिए सहयोग करना होगा। अनुसंधान करने और अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम संचालित करने के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाओं का पारस्परिक आदान-प्रदान होगा। दोनों संस्थानों के नियमित पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में संकायों का आदान-प्रदान होगा। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल और नौणी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर चंदेल ने इस समझौता ज्ञापन पर हर्ष जताते हुए कहा कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों संस्थानों के बीच शोध कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।

# पीएम मोदी ने गरीबों की खुशियों का सपना किया साकार: राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

देश के आर्थिक परिदृश्य में एक नया अध्याय लिखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में कमी करके न केवल कर प्रणाली को सरल बनाया, बल्कि करोड़ों भारतीय परिवारों के जीवन में खुशियों की किरण भी जगाई। इस ऐतिहासिक कदम से विशेष रूप से गरीब और मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचा है।

विश्व भी अब प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और आर्थिक संवेदनशीलता को मान रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह निर्णय भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ देश की छवि को वैश्विक स्तर पर और ऊंचा उठाएगा। प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा आम आदमी की परेशानियों को समझकर निर्णय लिया है। जीएसटी दरों में कमी का यह कदम गरीबों की खुशियों का सपना साकार करने वाला है। देश जल्द ही अपनी असली पहचान 'सोने की चिड़िया' के रूप में पुन: हासिल करेगा। राकेश जम्वाल ने जनता से अपील की कि वे प्रधानमंत्री मोदी के इस दूरदर्शी आर्थिक कदम का स्वागत करें और देश की तरक्की में सक्रिय भागीदार बनें।

**परेशानी** बीएमओ बिना सूचना दिए स्टाफ को भेज रहे डेपुटेशन पर, मरीज हो रहे परेशान

# स्टाफ के अभाव में जवाली अस्पताल खुद बीमार

शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान



**कोटला।** विधानसभा क्षेत्र जवाली के आदर्श संस्थान सिविल अस्पताल जवाली में बीएमओ नगरोटा सूरियां के तानाशाही रवैया से चिकित्सा सुविधाएं चरमरा कर रह गई हैं। बीएमओ की ओर से एसएमओ जवाली को सूचना दिए बिना ही अपनी मनमर्जी से स्टाफ की प्रतिनियुक्ति कर दी जा रही है। इस कारण डेढ़ लाख आबादी की चिकित्सा का जिम्मा संभालने वाला सिविल अस्पताल खुद ही अपाहिज होता जा रहा है। आदर्श सिविल अस्पताल जवाली में स्टाफ नर्सों के 10 पद हैं, जिनमें से पांच तथा पांच चतुर्थ श्रेणी कर्मियों में से दो को अन्य संस्थानों में डेपुट कर दिया गया है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा रही हैं। तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मी अब दिन को ड्यूटी दें या फिर रात को ड्यूटी दें। डॉक्टरों के पास कोई भी चतुर्थ श्रेणी कर्मी नहीं होता है तथा नर्सों के डेपुटेशन पर लगाए जाने से मरीजों को इंजेक्शन लगाने या ग्लूकोज लगाने वाला कोई नहीं मिलता है। सिविल अस्पताल जवाली में 50 बेड हैं तथा रोजाना की ओपीडी भी 350 से 400 के आसपास है। यहां चिकित्सा सुविधा न मिलने पर मरीज सिविल अस्पताल फतेहपुर का रुख कर रहे हैं। बीएमओ नगरोटा सूरियां की मनमर्जी स्वास्थ्य सुविधाओं पर भारी पड़ रही है। मरीजों ने कहा कि अगर चिकित्सा सुविधा नहीं देनी है तो सिविल अस्पताल जवाली को टाला लगाकर बंद कर दो, ताकि लोग इस अस्पताल की तरफ ही न आएं।

### क्या बोले एसएमओ डॉ. इर्शान मोहम्मद

**एसएमओ** जवाली डॉ. इर्शान मोहम्मद ने कहा कि मुझसे बिना पूछे ही बीएमओ द्वारा स्टाफ की प्रतिनियुक्ति लगाई जा रही है, जिससे अस्पताल में चिकित्सा सुविधाएं चरमरा रही हैं। स्टाफ नर्सों व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को बिना वजह ही डेपुटेशन पर लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार को इस बाबत ज्ञापन दिया जाएगा।

### शिकायत आने पर बीएमओ के खिलाफ होगी कार्रवाई : चंद्र कुमार

कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि सिविल अस्पताल जवाली में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर बीएमओ की मनमर्जी से स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा रही हैं और मेरे पास इसकी शिकायत आई तो बीएमओ के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# 'आत्ममंथन से मन में व्याप्त कुरीतियों को करें दूर'




निरंकारी संत समागम।

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**देहरा।** संत निरंकारी मिशन कांगड़ा जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा डॉक्टर केसी धीमान ने बताया कि विविधताओं से भरे संसार में जहां मानवता अनेक रूपों, भाषाओं, संस्कृतियों, जातियों और धर्मों में विभाजित दिखाई देती है। वहीं, एक शाश्वत सत्य है, जो हम सभी को एक अटूट सूत्र में पिरोता है। हम सभी एक ही परमात्मा की संतान हैं, जो हमें समय-समय पर कई रूपों में आकर प्रेम, करूणा, समानता और मानवता का दिव्य संदेश देते हैं। हमारे विभिन्न रूप और रहन-सहन होते हुए भी हमारे भीतर वही एक जैसी चेतना, जीवन-शक्ति प्रवाहित होती है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित 78वें वार्षिक संत समागम की शुरुआत सेवाभाव, समर्पण और मानवता के दिव्य संदेश के साथ हुई। इस वर्ष समागम का विषय 'आत्म मंथन' रखा गया, जिसका उद्देश्य आत्मविश्लेषण कर जीवन को आध्यात्मिक दिशा में मोड़ना है। समागम का उद्घाटन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी द्वारा सेवा स्थल पर किया गया।

मिशन की प्रधान राजकुमारी और सचिव जोगिंदर सुखीजा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सतगुरु माता ने अपने संदेश में कहा कि समागम केवल एकत्र होने का नाम नहीं, बल्कि यह सेवा, समर्पण और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। परमात्मा अंदर भी है और बाहर भी है। अपने अंतर्मन में झांककर मन में व्याप्त कमियों का सुधार करना है।

## गायक सोनू निगम ने नवाया श्री बगलामुखी मंदिर में शीश



बगलामुखी मंदिर प्रशासन ने पार्श्व गायक सोनू निगम को मां की तस्वीर भेंट की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**श्री** बगलामुखी मंदिर में बालीवुड के पार्श्व गायक सोनू निगम ने शीश नवाया। सोनू निगम ने मां बगलामुखी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर प्रशासन की ओर से सोनू निगम को मां की तस्वीर भेंट की गई। इस दौरान मंदिर के पुजारी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि इन दिनों शारदीय नवरात्र चल रहे हैं तथा कई कलाकार समय-समय पर शक्तिपीठों में दर्शनों के लिए आते हैं। श्री बगलामुखी मंदिर में कई कलाकार मनोकामना पूर्ति के लिए शीश नवाने पहुंचते हैं।

# शारदीय नवरात्र : अष्टमी पर उमड़ी शक्तिपीठों में भक्तों की भारी भीड़

## सुबह से जुटने लगे थे श्रद्धालु, किया कन्या पूजन; श्री ज्वालामुखी मंदिर में पवित्र ज्योतियों के दर्शनों को पहुंचे सबसे अधिक

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** शारदीय नवरात्र के दौरान सोमवार को अष्टमी के दिन जिला कांगड़ा स्थित तीनों शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी, कई श्रद्धालुओं ने अष्टमी के दिन कन्या पूजन करके नवरात्र का समापन दिया।

जिला कांगड़ा स्थित श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम, श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा और श्री ज्वालामुखी मंदिर में हालांकि शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती थी, लेकिन इस बार प्रदेश में आई आपदा के चलते श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। श्री ज्वालामुखी मंदिर में नवरात्र के दौरान सप्तमी तक 73 हजार से




अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए और लगभग 88 लाख 68 हजार 209 रुपए का चढ़ावा चढ़ाया। वहीं, श्री बज्रेश्वरी मंदिर में करीब 40 हजार श्रद्धालुओं ने देवी दर्शन करके लगभग 30 लाख 47 हजार 226 रुपए का चढ़ावा मां को चढ़ाया।

वहीं, श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में अष्टमी तक करीब 30 हजार श्रद्धालुओं ने देवी दर्शन किए। श्री चामुंडा मंदिर में चढ़ावे की गिनती नवरात्र संपन्न होने उपरांत की जाती है। तीनों ही शक्तिपीठों में शारदीय नवरात्र को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा, स्वच्छता व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे।

### अष्टमी पर छह हजार श्रद्धालु पहुंचे मां चामुंडा के दरबार

**राज शर्मा, अनंत ज्ञान, चामुंडा।** श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर में अष्टमी के दिन के श्रद्धालुओं ने सुबह से कन्या पूजन कर अपने नवरात्र का समापन किया। मंदिर प्रशासन ने मंदिर हाल में ही व्यवस्था की थी, ताकि झील किनारे लोग गंदगी न फैला सके। मंगलवार को श्रद्धालुओं की संख्या में कुछ इजाफा हुआ। करीब 6 हजार श्रद्धालु मां चामुंडा और भगवान शिव के दर पर नतमस्तक हुए। मंदिर अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं की संख्या कम रही, फिर भी सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार को मां का नशीत पूजन कर 108 प्रकार के व्यजंनों का भोग अर्पित किया। वहीं, विजय दशमी के दिन यज्ञशाला में पूर्णाहुति डालकर नवरात्र का समापन किया जाएगा।

### हैप्पी बर्थडे



रायसरी (ऊना) के हर्षित कल्नोरिया (पारस) को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



रायसरी (ऊना) के जसमेर सिंह व परमजीत कौर को शादी की 25वीं सालगिरह (सिल्वर जुबली) पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## पठानकोट में बुजुर्ग की खेतों में पशुओं को रोकने पर हत्या

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के गांव छोटा बाजार घरोटा में 80 वर्षीय बलवंत सिंह की खेतों में पशुओं को आने से रोकने पर तीन हमलावरों ने बेरहमी से मारपीट की, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे राकेश सिंह ने बताया कि सबीबी, मरीददीन उर्फ जुमन और हनीफ मोहम्मद ने उनके पिता को बुरी तरह पीटा।

राकेश जब अपने पिता को खाना देने गया तो मारपीट की घटना देखी और शोर मचाने पर हमलावर हथियार फेंककर फरार हो गए। घायल बलवंत सिंह अस्पताल जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ गए। झगड़े की वजह तीनों हमलावरों के पशुओं द्वारा खेतों को नुकसान पहुंचाना था, जिसे बलवंत सिंह रोकते थे। स्थानीय पुलिस ने महिला समेत तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। मृतक का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल पठानकोट में किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिक्षक सुशील ने स्टूडेंट्स को बांटी वर्दियां




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शिक्षा खंड रैत में कार्यरत केंद्र मुख्य शिक्षक सुशील धीमान दो महीने बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति से पहले विद्यार्थियों को फ्री यूनिफार्म वितरित की। राजकीय प्राथमिक पाठशाला के सेंटर स्कूल प्रेई में कार्यरत सुशील धीमान ने 10 जून, 2025 को ज्वॉइन किया उस समय इस सेंटर में 11 बच्चे थे, उनके प्रयासों से यह संख्या बढ़कर 16 हो गई। खंड शिक्षा अधिकारी मिन्टो देवी ने बताया कि अपने 38 साल के कार्यकाल में सुशील बहुत मेहनती अध्यापक रहे हैं और बच्चों से यह लगाव उनका शुरू से रहा है।

## नूरपुर दशहरा उत्सव में सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजा साहिब दशहरा व रामलीला क्लब नूरपुर के द्वारा 2 अक्तूबर को नूरपुर के किला ग्राउंड में दशहरे का आयोजन बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ किया जा रहा है। दशहरा के इस शुभ अवसर पर कांगड़ा चंबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज व स्थानीय विधायक रणवीर सिंह निक्का बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। दशहरे का आगाज सायं 4:30 बजे किला ग्राउंड में किया जाएगा।

क्लब के प्रधान गौरव महाजन ने बताया कि इस वर्ष दशहरा उत्सव में मुख्य आकर्षण रावण मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों के साथ-साथ सुंदर-सुंदर आतिशबाजी का विशेष प्रबंध किया गया है तथा दशहरा कमेटी ने 11 दिनों तक चलने वाले इस दशहरा उत्सव के उपलक्ष पर नूरपुर बाजार एवं मंदिरों को भी रंग-बिरंगी लाइटों के द्वारा सजाया गया है। क्लब के प्रधान ने नूरपुर की समस्त जनता का दशहरा एवं रामलीला में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया है।

## सीयू में एबीवीपी के 18 डीआर निर्विरोध निर्वाचित



केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनावों में 20 विभागीय प्रतिनिधियों में से 18 पर एबीवीपी परिषद के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एबीवीपी** ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश में छात्र संघ चुनावों में बड़ी कामयाबी हासिल की है।

इस चुनाव में 20 विभागीय प्रतिनिधियों में से 18 पर परिषद के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। यह परिणाम संगठन की मजबूत पकड़ और विद्यार्थियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। एबीवीपी की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बताया कि निर्विरोध चुने गए प्रतिनिधियों में बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज से

### शाहपुर कैंपस में दो डीआर पदों पर होगा 3 को चुनाव

नितिन ठाकुर, सुनील कपूर, हर्षित पुंडीर, एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज से साक्षी ठाकुर, गौरव, लैंग्वेजेज से दिव्यांशु चौधरी, अभिषेक, अर्थ एंड एनवायरनमेंटल साइंस से अभय, लाइफ साइंस से करण व ईशा सकलानी, मैथमेटिक्स, कंप्यूटर एंड इन्फॉर्मेशन साइंस से गुलाब सिंह, नीरज, फाइन आर्ट्स एंड आर्ट एजुकेशन से हर्ष मिश्रा, आर्यन चौधरी, टूरिज्म, ट्रैवल एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट से स्वास्तिक भारद्वाज, जर्नलिज्म, मास कम्युनिकेशन एंड न्यू मीडिया से प्रगति पांडे तथा सोशल साइंस से निशांत सकलानी व मोहनलाल शामिल हैं। 3 अक्तूबर को शाहपुर परिसर के स्कूल ऑफ फिजिकल एंड मैटेरियल साइंसेज में दो विभागीय प्रतिनिधियों के चुनाव होने जा रहे हैं। परिषद की ओर से दीक्षांत राणा और कुशल उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं।

## हलेड़ में लगाए गए नए ट्रांसफॉर्मर से वोल्टेज की समस्या से मिलेगी निजात

# विधायक मलेंद्र ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने मंगलवार को पंचायत राजा खासा के हलेड़ गांव में 9 लाख रुपए की लागत से स्थापित 63 केवीए क्षमता वाले नवीनतम ट्रांसफॉर्मर का विधिवत उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जा रहे हैं और पुरानी डिस्ट्रिब्यूशन लाइनों को बदला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हलेड़ में लगाए गए इस ट्रांसफॉर्मर से अब लोगों को वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी और उपभोक्ताओं को सुचारु व निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि राजा खासा गांव को पहला




हलेड़ गांव में ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन करते विधायक मलेंद्र राजन।

'सोलर मॉडल विलेज' के रूप में घोषित किया गया है। राजा खासा को एक करोड़ रुपए का अनुदान मिलेगा, जिसका उपयोग सौर स्ट्रीट लाइट, सौर वाटर हीटर और सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए किया जाएगा।

इसके साथ गांव के सभी सार्वजनिक स्थानों, जैसे सामुदायिक हॉल, पंचायत कार्यालय, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र को सौर ऊर्जा से संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर एक्सईएन विद्युत बोर्ड संदीप सन्याल, एसडीओ शंकर दयाल, जेई आईपीएच अश्वनी, जेई पीडब्ल्यूडी जस्मेक, प्रधान प्रमोद धीमान, पूर्व प्रधान प्रेम चंद, पूर्व उपप्रधान मनोहर सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता कटोच, युवा कांग्रेस अध्यक्ष वजिंदर पठानिया, राजपूत कल्याण बोर्ड के सदस्य मंजीत ठाकुर, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### जल शक्ति विभाग को दिए समस्या हल करने के निर्देश

**कार्यक्रम** के दौरान ग्रामीणों ने खेतों की सिंचाई के लिए पानी और एक मार्ग के निर्माण की मांग रखी। विधायक मलेंद्र ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि किसानों को भविष्य में दिक्कत न हो। सड़क निर्माण पर उन्होंने कहा कि बजट की कोई कमी नहीं है, लेकिन भूमि विवाद के चलते कार्य अटका हुआ है। उन्होंने ग्रामीणों से आपसी सहयोग कर विवाद को सुलझाने की अपील की, ताकि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। विधायक ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का स्थायी समाधान सरकार की प्राथमिकता है।




लोअर खैरा स्कूल के बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

## विद्यार्थियों ने रैली से दिया स्वच्छता का संदेश

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उच्च विद्यालय लोअर खैरा में स्वच्छता अभियान मुख्याध्यापक बलविंद्र सिंह कटोच की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 16 से 30 सितंबर तक चलाया गया। इसमें स्कूल के स्टाफ व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस बीच चित्रकला, भाषण, नारा लेखन प्रतियोगिता व रैली निकाली गई। बच्चों ने स्वच्छता अभियान पर शपथ भी ली। उन्होंने स्कूल परिसर व उसके साथ लगते स्थानों को भी साफ किया। विद्यार्थियों ने रैली निकाली कर लोगों के स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। चित्रकला में आठवीं की नव्या प्रथम, खुशी द्वितीय तथा सातवीं की अनवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शपथ समारोह में 10वीं कक्षा की तमन्ना ने प्रथम, दिव्यांशी ने दूसरा स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में दसवीं की प्रियंका अव्वल रही।

## रोजगार के अवसरों में सॉफ्ट स्किल्स का भी बहुत महत्व


**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**



स्टूडेंट नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम का आयोजन

**बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की ओर से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से तथा आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्टूडेंट नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. विभा अरोड़ा, एसोसिएट डीन, आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल एलुम्ना, आईआईएम-अहमदाबाद ने विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों से बॉडी लैंग्वेज, लिस्निंग एवं प्रेजेंटेशन स्किल्स, इंटरव्यू और फर्स्ट इम्प्रेशन, स्ट्रेस एवं टाइम मैनेजमेंट, टीम बिल्डिंग और लीडरशिप जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसरों को प्राप्त करने के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता ही नहीं बल्कि सॉफ्ट स्किल्स का भी अत्यधिक महत्व है। डॉ. अरोड़ा ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे निरंतर आत्मविकास की दिशा में प्रयासरत रहें। कार्यक्रम के अंत में कार्यकारी प्राचार्य डॉ राजेश चौधरी ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास और रोजगारपरक कौशलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाते हैं।



















## न्यूज ब्रीफ

### एचआईवी व एड्स पर जागरूकता व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता कॉलेज में रेड रिबन क्लब ने लायुल ट्रेन वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के सहयोग से एचआईवी व एड्स विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया। प्राचार्य डॉ. संजय ठाकुर की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वक्ता राहुल, रीना चंदेल और रोहित ने विद्यार्थियों को एचआईवी व एड्स की रोकथाम, इससे जुड़े मिथकों और संक्रमण के प्रमुख कारणों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर क्लब की संयोजिका प्रो. अर्चना शर्मा सहित प्रो. पंकज, प्रो. नीतीश और प्रो. रेखा ने सक्रिय भूमिका निभाई। कॉलेज के शिक्षक व गैर-शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहा।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के बताए उपाय

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, शाखा बेरथिन के सौजन्य से बेरथिन पंचायत के गुआओं गांव में वित्तीय और डिजिटल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बैंक प्रबंधक महेंदर सिंह और महाप्रबंधक अजय कुमार ने लोगों को बैंक की बचत व ऋण योजनाओं, महिला ऋण योजना, सपनों का संचय योजना, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग, एटीएम व ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और सुरक्षित लेन-देन के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल और कैशलेस लेन-देन लोगों का जीवन सरल बनाते हैं, लेकिन सतर्कता जरूरी है। शिविर में गुआओं गांव के लगभग 50-60 लोग शामिल हुए।

### तलाई में दशहरा उत्सव की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** तलाई हेलिपैड ग्राउंड पर दो अक्तूबर को आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। बाल रामलीला कमेटी तलाई की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में 5 बजे सायं प्रभु श्रीराम के हाथों रावण दहन मुख्य आकर्षण रहेगा। समिति प्रधान पवन कौशल ने बताया कि रावण के पुतले की तैयारी तेजी से चल रही है। दोपहर 1:30 बजे महिला मंडल द्वारा संस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। भाग लेने वाले महिला मंडलों को नकद पुरस्कार व विजेताओं को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। राम-रावण सेना की झांकी भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम की तैयारियों में वरिष्ठ उपप्रधान राकेश शर्मा, स्टेज सचिव महेंद्र ठाकुर, शशिपाल शर्मा, अशोक कौशल, राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### बरमाणा में आरएसएस मनाएगा शताब्दी वर्ष उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड कंदरौर द्वारा इस वर्ष विजयदशमी पर्व विशेष रूप से मनाया जा रहा है, क्योंकि संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है। यह ऐतिहासिक आयोजन बरमाणा स्थित गुग्गा जाहर पीर मंदिर परिसर में आयोजित होगा। संघ के सह प्रचार प्रमुख डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि विजयदशमी संघ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, क्योंकि इसी दिन संघ कार्य का शुभारंभ हुआ था। कार्यक्रम में क्षेत्र की 12 पंचायतों के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिससे यह आयोजन जनसमुदाय में एक सशक्त संदेश देगा। मुख्य अतिथि पूर्व यूको बैंक प्रबंधक बिशनदास सांख्यान होंगे तथा मुख्य वक्ता सुरजीत, विभाग व्यवस्था प्रमुख विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, जातीय भेदभाव की समाप्ति और हिंदू समाज की एकता को सुदृढ़ करना

### पाताल लोक से राम और लक्ष्मण की मुक्ति

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नगर के पुराना बस स्टैंड प्रांगण में आयोजित आदर्श श्रीराम लीला समिति की आठवीं संध्या में मेघनाद युद्ध और पाताल लोक के दृश्य दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग मुख्य अतिथि रहे, जिनका समिति द्वारा भव्य सम्मान किया गया। संघर्षपूर्ण दृश्यों में रावण दरबार, कुंभकरण महल, मेघनाद-लक्ष्मण युद्ध, अहिरावण-महिरावण वध आदि शामिल रहे। प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान की भूमिका क्रमशः अभिषेक टेस्सू, भुवनेश गौतम और रविंदर शर्मा ने निभाई। प्रधान संजय कुमार ने बताया कि राम के जीवन से मर्यादा, सेवा और त्याग की प्रेरणा मिलती है। हनुमान जी पाताल लोक जाकर दोनों भाइयों को राक्षसी चंगुल से मुक्त करवाते हैं और दोनो राक्षसों का वध करते हैं। हनुमान द्वारा पाताल लोक से राम-लक्ष्मण की मुक्ति दर्शकों के लिए भावुक क्षण रहा।

# औहर का प्याऊ बनेगा शुद्धता श्रद्धा व आधुनिकता का संगम

## धर्माणी बोले – रुक्मणी कुंड का पवित्र जल पहुंचेगा लाखों पर्यटकों और राहगीरों तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

चंडीगढ़–मनाली फोरलेन से गुजरने वाले लाखों पर्यटक और राहगीरों के लिए औहर के पास स्थापित नया प्याऊ श्रद्धा, शुद्धता और आधुनिक तकनीक का अद्‌भुत संगम बनकर तैयार है। यह प्याऊ हिमाचल प्रदेश के नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी की पहल पर जल शक्ति विभाग, घुमारवीं उपमंडल की ओर से स्थापित किया गया है।

इस प्याऊ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां उपलब्ध जल बिलासपुर जिले के पौराणिक एवं पवित्र रुक्मणी कुंड से लाया गया है। इसे अत्याधुनिक यूवी ट्रीटमेंट तकनीक से शुद्ध किया जाता है और इसकी गुणवत्ता की जानकारी स्थल पर लगे स्क्रीन पर रियल टाइम में प्रदर्शित होती है। यह सुविधा इसे न केवल अनूठा बल्कि भरोसेमंद भी बनाती है। रुक्मणी


प्याऊ का निर्माण करते कामगार।

कुंड न केवल प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक है, बल्कि धार्मिक आस्था से भी गहराई से जुड़ा है। मान्यता है कि प्राचीन काल में भीषण अकाल के दौरान रुक्मणी नामक महिला ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, जिसके फलस्वरूप यहां जलधारा फूट पड़ी और क्षेत्रवासियों की प्यास बुझी। तब से यह स्थान आस्था और श्रद्धा का केंद्र माना जाता है। यहां का जल औषधीय गुणों से भरपूर है और त्वचा रोगों में लाभकारी माना जाता है।

### जल्द होगा उद्‌घाटन

जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्याऊ का उद्घाटन शीघ्र ही किया जाएगा और इसे औपचारिक रूप से आम जनता और पर्यटकों को समर्पित किया जाएगा। यह प्रयास बिलासपुर की पहचान को राष्ट्रीय पटल पर नई ऊंचाई देगा और यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

### संस्कृति से जुड़ेंगी आने वाली पीढ़ियां

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि औहर का यह प्याऊ केवल प्यास बुझाने का साधन नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। इस पहल से आने वाली पीढ़ियां न केवल अपनी संस्कृति से जुड़ेंगी बल्कि जल



संरक्षण का महत्व भी समझेंगी। प्याऊ स्थल पर लगाई गई एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी आम लोगों तक पहुंचेगी। धर्माणी ने कहा कि जल जीवन का आधार है, जो मानव शरीर के लगभग 60% हिस्से का निर्माण करता है और पाचन, पोषण, तापमान नियंत्रण तथा विषैले तत्वों को बाहर निकालने के लिए अनिवार्य है। औहर का प्याऊ यात्रियों को जहां शुद्ध जल उपलब्ध करवाएगा, वहीं उन्हें जल संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर के महत्व का गहरा संदेश भी देगा।

# एशियन गेम्स में बिलासपुर की साक्षी ठाकुर ने जीता कांस्य पदक



श्रीनगर में तीसरी जूनियर एशियन पेंचक सिलाट प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

**बिलासपुर** की साक्षी ठाकुर ने श्रीनगर में आयोजित तीसरी जूनियर एशियन पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। श्रीनगर में आयोजित जूनियर एशियन पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में बिलासपुर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी साक्षी ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

एशियन स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतकर साक्षी ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ाया और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का तिरंगा लहराया। यह सफलता साक्षी ठाकुर की कड़ी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण के साथ–साथ उनके कोच बृज लाल चैहान के मार्गदर्शन का परिणाम है। बिलासपुर के मुख्य बाजार में सेंसाई बृज लाल चैहान के सानिध्य में चल रही बृज मार्शल अकादमी में साक्षी ने जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना बेहतर प्रदर्शन किया तथा जिला के लिए मेडल अर्जित किए। नेशनल लेवल पर पदक जीतने के बाद साक्षी का चयन एशियन गेम्स के लिए हुआ, जहां पर बिलासपुर की इस बेटी ने अपना विजयी अभियान जारी रखा है।

### डियारा सेक्टर में रामलीला का मंचन, लक्ष्मण के मूर्छित होने के दृश्य से भावुक हुए दर्शक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर के डियारा सेक्टर की रामलीला के आठवें दिन मंच पर पहला दृश्य लक्ष्मण व मेघनाथ युद्ध का रहा। मेघनाथ के वार से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। दूसरा दृश्य भाइयों की बीच प्रेमभाव को समर्पित रहा। लक्ष्मण को मूर्छित देख प्रभु राम दर्द से करहा उठाते हैं और रोते–रोते उनसे आंखें खोलने का आग्रह करते हैं। पिछले काफी समय से राम का अभिनय कर रहे नवीन सोनी पूर्ण रूप से इस किरदार में ढल चुके हैं। उनकी अदाकारी देख दर्शक अपनी आंखों को भीगने से नहीं रोक पाए। हनुमान जी सुषेण वैद्य को लेकर शिविर में पहुंचते हैं। वैद्यराज सुषेण स्थिति को गंभीर बताते हुए शीघ्र अति शीघ्र संजीवनी बूटी लाने के लिए कहते हैं और साथ ही इस कार्य में आने वाली बाधाओं और समय सीमा की तरफ भी इंगित करते हैं। हनुमान संजीवनी लेने के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। अगले दृश्य में जब वीर हनुमान संजीवनी बूटी की पहचान करने में असमर्थ रहते हैं, तो वह पूरा ही पर्वत उठाकर राम शिविर पहुंच जाते हैं। अंतिम दृश्य में संजीवनी बूटी से वैद्य सुषेण लक्ष्मण को मूर्छा से उबार देते हैं। आज की संध्या की मुख्य अतिथि हिमुडा अध्यक्ष जितेंद्र चंदेल रहे। उन्होंने समिति को 11000 रुपए नकद व प्रांगण में अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

# विधानसभा चुनावों से पहले किए वादे को पूरे करें केंद्रीय मंत्री नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गोबिंदसागर एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं कहलूर एडवेंचर वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसाइटी की संयुक्त बैठक का आयोजन मंडी भराड़ी फोरलेन पुल के पास किया गया। बैठक में बिलासपुर के वाटर स्पोर्ट्स पर्यटन एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चर्चा की गई।

वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी निर्मला राजपूत, सरित शर्मा, हेमराज ठाकुर, मोनिका शर्मा एवं सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सत्यदेव शर्मा इत्यादि ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मांग की है कि गोबिंदसागर झील में चेकडैम

**गोबिंदसागर एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने उठाई मांग**

एवं प्राचीन रंगनाथ के मंदिरों को झील में अपलिफ्टमेंट जल्द किया जाए। वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने नड्डा को याद दिलाया कि अपने विधानसभा चुनावों से पहले एम्स बिलासपुर से उपरोक्त घोषणा की थी, जिसके फलस्वरूप जिला बिलासपुर के लोगों ने विधानसभा चुनावों के दौरान चार में से तीन विधानसभा सीटें आपकी झोली में डाली थी। सामाजिक एवं वाटर स्पोर्ट्स संस्थाओं ने नड्डा से आग्रह किया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में आप बहुत ही महत्वपूर्ण पद पर काबिज हैं और साथ में विश्व की बहुत बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, इसलिए बिलासपुर के विकास एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए की गई घोषणा को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में अगर गोबिंदसागर झील में स्थित फोरलेन मंडी भराड़ी के पास चेकडैम लगाया जाता है तो इससे बिलासपुर जिले के पर्यटन को पंख लगेंगे। इस मौके पर कायकिंग, रोइंग, राफ्टिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी अन्वेष शर्मा, निर्मला देवी, शिष्टा गौतम एवं लाडली फाउंडेशन के जिला बिलासपुर के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट इत्यादि समाज सेवक एवं राष्ट्रीय वाटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को बताए उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खेती के लाभ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** द्रोबड़ पंचायत में कृषि विभाग से सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों से मुलाकात की और उन्हें कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं। उन्होंने ने उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खेती के लाभ और मौसम आधारित फसल चक्र पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक खेती प्रोत्साहन योजना, सिंचाई योजनाएं और कृषि यंत्र सब्सिडी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का सही लाभ उठाकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं। ग्रामीणों ने उनके अनुभव और मार्गदर्शन की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की मांग की। डॉ. ठाकुर ने महिलाओं समेत सभी ग्रामीणों को मताधिकार के प्रति जागरूक किया और आगामी चुनावों में सतत मतदान के लिए प्रेरित किया।

### हिंदी वर्णमाला और शुद्ध उच्चारण के महत्व पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमालयन एजुकेशनल एंड ट्रेनिंग सोसाइटी की ओर से हिंदी पखवाड़े के समापन अवसर पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय था 'उच्चारण कौशल विकास : हिंदी वर्णमाला के साथ'। इसका संचालन संस्था के सचिव गोविंद घोष ने किया। उन्होंने बताया कि संस्था समय–समय पर शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े सामाजिक मुद्दों पर कार्यशालाओं व शिविरों का आयोजन करती है। कार्यशाला में डॉ. शालिनी शर्मा रिसोर्स पर्सन के रूप में शामिल रहीं।

उन्होंने हिंदी वर्णमाला और शुद्ध उच्चारण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शुद्ध उच्चारण से न केवल संप्रेषण की स्पष्टता आती है, बल्कि भाषा के प्रति आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मुख की सही स्थिति और ध्वनि की स्पष्टता से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. लेखराज ठाकुर ने की, जबकि मुख्य अतिथि शिक्षा निर्देशक अरुण गौतम रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस कार्यशाला में शिमला, किन्नौर, मंडी, सोलन, बिलासपुर, कुल्लू और कांगड़ा से 175 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंत में गोविंद घोष ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### भाजपा के खिलाफ कांग्रेस चलाएगी 'वोट चोरी–गद्दी छोड़ो' अभियान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कांग्रेस से जुड़े राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन ने घोषणा की कि वह दो अक्तूबर गांधी जयंती के बाद प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा के खिलाफ 'वोट चोरी' और 'गद्दी छोड़ो' अभियान चलाएगा।

इस मुहिम का नेतृत्व प्रदेश के सह संयोजक ठाकुर हीरा पाल सिंह करेंगे। संगठन के अनुसार, यह अभियान गांधीगिरी, अहिंसा और सत्य के रास्ते पर चलते हुए महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को आधार बनाएगा। इसका उद्देश्य जनता में जागरूकता फैलाना है। अभियान के पीछे संगठन ने भाजपा पर लोकतंत्र और संविधान का गला घोंटने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि भाजपा ने विपक्ष से सत्ता छीनने के लिए वोट काटने, खरीदने और केंद्रीय जांच एजेंसियों के दबाव जैसे गलत तरीकों का इस्तेमाल किया है, जो संवैधानिक मर्यादाओं के खिलाफ है। इसके अलावा, सत्ता में रहते हुए भाजपा द्वारा विपक्ष की आवाज दबाना, रोजगार, किसान–बागवान–श्रमिक के मुद्दों, आपदा राहत और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों की अनदेखी करना भी इस अभियान के प्रमुख विषय होंगे। ठाकुर हीरा पाल सिंह ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के एक बयान का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा का अति आत्मविश्वास और घमंड ही उनकी हार का कारण बनेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान जमीनी हकीकत पर कार्य करेगा।

# बिलासपुर बना विकास की नई पहचान

## जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे को दिए नए आयाम

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला आज जिस विकास यात्रा पर अग्रसर है, उसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की भूमिका मील–पत्थर साबित हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने से लेकर बुनियादी ढांचे के विस्तार तक, नड्डा के प्रयासों ने इस छोटे से पहाड़ी जिले को राष्ट्रीय मानचित्र पर अलग पहचान दिलाई है।

नड्डा के कार्यकाल में बिलासपुर को देश के प्रतिष्ठित एम्स संस्थान का उपहार मिला। आज एम्स बिलासपुर न केवल हिमाचल बल्कि पूरे उत्तर भारत के मरीजों के लिए उम्मीद का केंद्र बन चुका है। यहां अत्याधुनिक पेट–सीटी और स्पेक्ट–सीटी मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों का निदान अब बिलासपुर में ही संभव हो गया है। इसके अलावा, वायरोलॉजी रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैब की स्थापना ने प्रदेश को नई वैज्ञानिक शक्ति प्रदान की है। नड्डा ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अमृत फार्मेसी शुरू करवाई, जहां आम लोगों को सस्ती दरों पर जीवनरक्षक दवाइयां उपलब्ध हो रही हैं। साथ ही, नर्सिंग कॉलेज और कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज के निर्माण पर लगभग 178 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। इन संस्थानों के शुरू होने से हिमाचल के युवाओं को मेडिकल शिक्षा और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। एम्स परिसर में ही 26.75 करोड़ रुपए की लागत से विश्राम सदन का निर्माण तेजी से चल रहा है। 250 बिस्तरों वाला यह भवन मरीजों के



परिजनों के लिए ठहरने की बड़ी सुविधा देगा। इसके अलावा, एम्स परिसर में लेक्चर हॉल, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, ओपीडी ब्लॉक और सौर ऊर्जा संयंत्र जैसी आधुनिक सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। आज बिलासपुर केवल एक जिला नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए विकास का आदर्श मॉडल बन चुका है। यहां की स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा संस्थान और सड़क नेटवर्क इस बात का प्रमाण हैं कि जब नेतृत्व दूरदर्शी हो तो छोटे से क्षेत्र को भी अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सकती है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने हाल ही में कहा था कि मेरा प्रयास हमेशा यही रहेगा कि बिलासपुर और हिमाचल का विकास देश की प्रगति के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़े।

### यूट्यूब पर छाया भजन गायक प्रकाश का 'बजीए दे मंदरा जो जाणा' भजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के भजन गायक प्रकाश चंद वर्मा का नया भजन 'बजीए दे मंदरा जो जाणा' शारदीय नवरात्र में भक्तों के बीच खूब लोकप्रिय हो रहा है। नगर अराध्य देव बाबा नाहर जी की महिमा को समर्पित यह भजन स्थानीय पुजारी वर्ग द्वारा मंदिर में रिलीज किया गया, जिसे लोगों का भरपूर स्नेह और सराहना मिल रही है। प्रकाश वर्मा ने बताया कि इस भजन को संगीत निर्देशक परमजीत पम्मी ने स्वरबद्ध किया है और इसका वीडियो निर्देशन साहिल वर्मा (घुमारवीं) ने किया है। यह भजन मंडी भराड़ी, गोपाल मंदिर, और बाबा नाहर सिंह मंदिर परिसर में फिल्माया गया है। इसकी पहाड़ी शैली और कर्णप्रिय शब्दों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

### एनटीपीसी कोलडैम में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का समापन




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**एनटीपीसी** कोलडैम में 14 सितंबर से चल रहे हिंदी पखवाड़े का समापन 29 सितंबर को भव्य अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन के साथ हुआ। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर एवं संगिनी संघ की अध्यक्षा रेखा ठाकुर ने मानव संसाधन प्रमुख उमेश कुमार, सभी विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में देश के प्रख्यात कवि शंभू शिखर, गजेंद्र प्रियांशु, राजेंद्र चेतन, चेतन चर्चित और राजेश अग्रवाल ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। कवियों ने अपने हास्यपूर्ण अंदाज से पूरे माहौल को हंसी–खुशी से सराबोर कर दिया। दर्शकों ने कविताओं का खूब आनंद लिया और तालियों की गूंज से कवियों का उत्साहवर्धन करते रहे। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत इस वर्ष विभिन्न साहित्यिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें स्वरचित कविता पाठ, चित्र से कहानी, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम शामिल थे। इन गतिविधियों में सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कीद्ध समापन समारोह के दौरान, पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया गया। एनटीपीसी कोलडैम समय–समय पर ऐसे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से न केवल कर्मचारियों और उनके परिवारों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और जागरूकता बढ़ा रहा है।

**मीटिंग** जिला आउटसोर्स यूनियन की बैठक में मानदेय वृद्धि को लागू और एरियर जारी करने की उठाई मांग

# आउटसोर्स कर्मियों की समस्याओं पर गरजी यूनियन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** आउटसोर्स यूनियन की बैठक जिला अध्यक्ष पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आउटसोर्स कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

वहीं, कर्मचारियों ने सरकार के प्रति गहरा रोष प्रकट किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राजनीतिक दलों ने चुनावों के दौरान आउटसोर्स कर्मियों को स्थायी नीति और बेहतर सुविधाओं के लुभावने वादे कर वोट तो बटोरे, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन वादों को भुला दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनावों के समय आउटसोर्स कर्मियों के लिए स्थायी नीति बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन सत्ता में तीन वर्ष पूरे होने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे कर्मचारी स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं।

**सरकार को चेताया सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो आंदोलन करेंगे**


बिलासपुर के जिला अध्यक्ष पवन कुमार की अध्यक्षता में हुई जिला आउटसोर्स यूनियन की बैठक।

बैठक में सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी का भी उल्लेख किया गया, जिसमें कहा गया है कि रोजगार के नाम पर लंबे समय तक किसी का शोषण नहीं किया जा सकता। साथ ही प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा कंप्यूटर शिक्षकों और बागवानी विभाग के आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करने के निर्देशों का हवाला देते हुए प्रदेश सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की गई।

उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा पिछले विधानसभा सत्र में की गई मानदेय वृद्धि की घोषणा को तुरंत लागू करने और घोषणा के दिन से एरियर जारी करने की मांग उठाई। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

बैठक में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष यूनस अख्तर, जिला संचालक शब्बीर मोहम्मद, कोषाध्यक्ष श्याम कटोच, सोम शर्मा, कुलवीर सिंह, मनोज कुमार, शकुंतला देवी, मनु कुमारी, सरिता देवी, सपना देवी सहित विभिन्न विभागों के आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद रहे।

# धौलरा मंदिर में मां दुर्गा के 'महागौरी' स्वरूप की पूजा


महागौरी की पूजा करते आचार्य सुधांशु भट्टाचार्य महाराज।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** के धौलरा मंदिर में चल रहे शारदोत्सव यानी दुर्गा पूजा के 8वें नवरात्र पर मां दुर्गा के 'महागौरी' स्वरूप की पूजा की गई। सैकड़ों भक्तों ने मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप को पुष्पांजलि अर्पित की।

मां की आरती व भोग के पश्चात हवन यज्ञ भी किया गया। अष्टमी तिथि को मां गौरी को नारियल का भोग लगाया गया। संधिपूजा व बलिदान आरती भी की गई। इस पूजा को शिमला से आए आचार्य सुधांशु भट्टाचार्य महाराज ने विधिवत रूप से संपन्न करवाया। वहीं, सायं काल को महागौरी की अष्टमीविहीत आरती की गई, जिसमें हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर व राष्ट्रीय सेवा समिति की प्रांत कार्यवाहिका डॉ. मुक्ता ने शिरकत की। दुर्गा पूजा समिति की संस्थापिका डा. मल्लिका नड्डा ने बताया कि 1 अक्तूबर सुबह 11 बजे मां दुर्गा की महानवमी विहीत पूजा होगी तथा दोपहर 12 बजे मां को भोग लगाया जाएगा। आरती, हवन व कन्या पूजन भी दोपहर के समय होगा।

### कभी भी किसी को ओटीपी न बताएं

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा शाहतलाई के सौजन्य से नाबार्ड के सहयोग से कोसरियां पंचायत के ब्राह्मणीकंलां सहकारी सभा समिति में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य सहकारी बैंक तलाई के शाखा प्रबंधक अजय ठाकुर ने उपस्थित लोगों वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने एटीएम और ऑनलाइन माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक किया तथा धोखाधड़ी से बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंक कभी भी किसी भी उपभोक्ता से एटीएम कार्ड या सीवीवी नंबर और एटीएम पिन की जानकारी नहीं मांगता है और न ही कभी किसी को ओटीपी न बताएं। इस दौरान फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति–सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### आज चमेरा पावर स्टेशन से छोड़ा जाएगा पानी

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** एक अक्तूबर को सुबह 6:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चमेरा पावर स्टेशन के जलाशय से अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा। इस दौरान बांध परिसर खड़ामुख से बग्गा तक को खाली किया जाएगा, जिससे रावी नदी का जलस्तर सामान्य से कहीं अधिक रहेगा। उपमहाप्रबंधक प्रशांत कुमार त्रिवेदी ने बताया कि खड़ामुख से बग्गा तक की पंचायतों राड़ी, लोथल, खड्डल, औराफाटी, उलांसा, लेच, प्यूहरा, गैहरा और दुर्गेठी के निवासियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय के दौरान नदी के किनारे न जाएं और न ही अपने मवेशियों को वहां छोड़ें। यह एहतियात किसी भी जानमाल की हानि से बचाव के लिए जरूरी है। प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

### शुभम धीमान विजेता व अभिषेक उपविजेता



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला स्नूकर एंड पूल एसोसिएशन द्वारा आयोजित दशहरा टूर्नामेंट 2025 का समापन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ हुआ। यह टूर्नामेंट महासचिव डॉ. अनूप शर्मा के सहयोग से प्रायोजित किया गया था। समापन समारोह में एएसपी लखनपाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और समाज में खेल संस्कृति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शुभम धीमान ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि अभिषेक उपविजेता रहे। संस्था के अध्यक्ष शक्ति चौहान ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में और भी बड़े स्तर पर ऐसे आयोजन करने का संकल्प जताया। जिला स्नूकर एंड पूल एसोसिएशन चंबा की ओर से सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों और प्रायोजकों का आभार प्रकट किया गया।

### प्रश्नोत्तरी में प्रियंका व सिमरन की टीम प्रथम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के अर्थशास्त्र विभाग एवं अर्थसृजन सोसाइटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती पर प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद और नारा लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रश्नोत्तरी से हुई, जिसमें सात टीमों ने भाग लिया। प्रियंका एवं सिमरन की टीम प्रथम स्थान पर रहीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह के 1991 के आर्थिक सुधारों में योगदान को याद करते हुए उनके नेतृत्व और निस्वार्थ सेवा की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक प्रो. संतोष देवी ने जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य विभागों के सदस्य भी मौजूद रहे।

### बरोट में तीन दिवसीय मेला कल से

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी की बरोट पंचायत के ठंडी गुलाई में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय मेले का आयोजन 2 से 4 अक्तूबर तक किया जा रहा है। युवक मंडल बरोट द्वारा आयोजित इस मेले का शुभारंभ पंचायत प्रधान डॉ. रमेश ठाकुर करेंगे। 3 अक्तूबर की सांस्कृतिक संध्या में 'तान्त्रा बॉय' मास्टर वीरबल मुसाफिर मुख्य कलाकार होंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में छोटा भंगाल घाटी के नानक चंद मौजूद रहेंगे। 4 अक्तूबर को प्रसिद्ध लोकगायक कुशल वर्मा गीतों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि घाटी के समाजसेवक घनश्याम सिंह होंगे।मेले में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कबड्डी, वॉलीबॉल, लंबी कूद, ऊंची कूद और घड़ा तोड़ जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। साथ ही, चौहार व छोटाभंगाल घाटियों के महिला मंडल नाटियां प्रस्तुत करेंगे। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### समाजसेवक की पहल से होनहारों को प्रोत्साहन

**अनंत ज्ञान, बरोट।** बड़ा ग्रां पंचायत के बड़ागांव निवासी व पूर्व कृषि अधिकारी सुरिंद्र कुमार ठाकुर सेवानिवृत्ति के बाद समाजसेवा में जुट गए हैं। अपने माता-पिता की स्मृति में स्थापित 'प्रेमी देवी व बैंसी राम मेमोरियल' के तहत उन्होंने कोठी कोहड़ पंचायत की सभी पाठशालाओं के होनहार विद्यार्थियों को नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को ₹1100, मिडल स्कूल के छात्रों को ₹2100, उच्च माध्यमिक के विद्यार्थियों को ₹3100 और जमा दो के विद्यार्थियों को ₹5100 की राशि भेंट की गई। ठाकुर ने घोषणा की कि यदि किसी विद्यार्थी के माता-पिता नहीं रहे हों, या आर्थिक स्थिति कमजोर हो, तो उनकी शिक्षा का पूर्ण खर्च वे उठाएंगे। साथ ही, 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई हेतु भी ₹5100 की सहायता दी जाएगी। इस अवसर पर उनके भाई प्रमोद सिंह, पूर्व प्रधान भीम सिंह ठाकुर, रमेश ठाकुर व रूप लाल भी उपस्थित रहे। इस नेक पहल से शिक्षा क्षेत्र में प्रेरणा का संचार हुआ है।

### 208 छात्रों व कर्मचारियों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय की महिला विकास समिति और आंतरिक शिकायत समिति द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जोनल अस्पताल मंडी के सहयोग से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत एक दो दिवसीय जागरूकता शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर का प्राथमिक उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का शीघ्र पता लगाना और प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक पोषण के बारे में शिक्षित करना था। शिविर के पहले दिन जागरूकता सत्र आयोजित किया गया और 208 महिला छात्रों और कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच सफलतापूर्वक की गई। महिला प्रतिभागियों के हीमोग्लोबिन और रक्तचाप की जांच की गई। इस पहल का उद्देश्य एनीमिया रक्तालपता और संबंधित स्वास्थ्य चिंताओं की निगरानी के महत्व को उजागर करना था। दूसरे दिन महिला स्वास्थ्य और पोषण मूल्यों पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ.पावनेश जिला कार्यक्रम अधिकारी ने महिला स्वास्थ्य और पोषण मूल्यों पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

### वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट 6 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञप्ति अधिकारी पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि उपमंडल पधर में 6 अक्टूबर को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट की तिथि निर्धारित की गई है। ड्राइविंग टेस्ट और वाहन की पासिंग हरडगलू मैदान में की जाएगी। इसके लिए 1 अक्टूबर से स्लॉट खोल दिए जाएंगे। वाहनों की पासिंग के लिए संपूर्ण औपचारिकताएं जैसे फीस और टैक्स की ऑनलाइन रिसिप्ट ही मान्य होगी। साथ ही यह भी अवगत करवाया है कि सभी संबंधित निर्धारित तिथि को वांछित दस्तावेजों सहित 10 बजे प्रातः निश्चित स्थान पर पहुंच जाएं। बिना स्लॉट बुकिंग के किसी का भी ड्राइविंग टेस्ट नहीं लिया जाएगा।

### ट्राले की चपेट में आई मासूम, गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भोटा बाईपास के चुआण गांव के पास एक 5 वर्षीय बच्ची समाक्षी, पुत्री देवेश कुमार, सड़क पार करते समय एक ट्राले की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, समाक्षी स्कूल से घर लौट रही थी और मिठाई लेने के लिए सड़क किनारे की दुकान जा रही थी। इसी दौरान ट्रैफिक का ध्यान न देने की वजह से वह ट्राले की चपेट में आ गई। गंभीर रूप से घायल और बेहोश बच्ची को उसकी माँ मेडिकल कॉलेज हमीरपुर लेकर पहुंचीं, जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्राले को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है। दुर्घटना की जांच जारी है।

### आज व कल लगेगा नि:शुल्क डेंटल केयर कैंप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में डॉक्टर हर्ष कालिया एवं डॉक्टर आस्था कालिया अपने डेंटल क्लीनिक की 18 वर्षों की क्लिनिकल प्रैक्टिस और समाज सेवा के शुभ अवसर पर 1 और 2 अक्टूबर को निशुल्क डेंटल केयर कैंप का आयोजन कर रहे हैं। यह कैंप प्रविस बैंक न्यू रोड के सामने स्थित उनके डेंटल क्लिनिक के फर्स्ट फ्लोर पर आयोजित होगा। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य लोगों को दांत और मुंह से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक करना और नवीनतम तकनीक से उनका सफल उपचार प्रदान करना है। कैंप में मरीजों को मुफ्त दवाइयां, माउथवॉश, पेस्ट, जेल्स आदि भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराए जाएंगे। डॉक्टर कालिया ने लोगों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे निशुल्क कैंपों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

# भरमौर में एचआरटीसी की बस खराब होने से लगा 2 घंटे जाम

## वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रही ठप, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

भरमौर बस स्टैंड के पास मंगलवार दोपहर एचआरटीसी की एक बस बीच सड़क में खराब हो गई, जिससे दो घंटे तक यातायात ठप हो गया। यह घटना सुबह लगभग 11 बजे की है, जब निगम की बस अचानक रास्ते में ही बंद हो गई। बस के खड़ा हो जाने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

काफी मशक्कत के बाद लोगों ने मिलकर बस को धक्का देकर सड़क किनारे किया, तब जाकर रास्ता साफ हो पाया और यातायात सामान्य हो सका। इस दौरान एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि एचआरटीसी की पुरानी और खटारा बसें आए दिन बीच रास्ते में खराब हो रही हैं, जिससे यात्रियों को नियमित रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



लोगों ने धक्का देकर बस को हटाया साइड में, तब जाकर सुचारु हो सका यातायात

गौरतलब है कि पहले भी निगम की बसों के बीच रास्ते में खराब होने के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। लोगों ने मांग की है कि पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में नई और तकनीकी रूप से बेहतर बसों की तैनाती की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके और लोगों को सुरक्षित व सुचारू परिवहन सुविधा मिल सके।

## सिहुंता और कामला में बताई सरकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश सरकार के विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत आर्यन कला मंच के कलाकारों ने चंबा जिला की सिहुंता और कामला पंचायतों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण जनता को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और समाज में बढ़ते नशे, विशेषकर चिट्टे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना था। कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना, स्वरोजगार योजना, स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, महिला समृद्धि योजना और अनुसूचित जाति-जनजाति विकास निगम की ऋण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रमों के दौरान विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। पंचायत प्रधान सिहुंता अनिल कुमार और कामला पंचायत प्रधान अनुराधा की उपस्थिति में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लिया और इसे बेहद उपयोगी बताया। कलाकारों ने नशा मुक्ति का सशक्त संदेश देते हुए सामाजिक जागरूकता को प्रभावी ढंग से बढ़ाया।

# 8 दिन बाद रावी नदी में मिला इंटर्न डॉक्टर इशिका का शव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज चंबा की होनहार मेडिकल इंटर्न डॉ. इशिका (23) का शव आठ दिन की लंबी जद्दोजहद के बाद सोमवार देर शाम रावी नदी से बरामद किया गया।

डॉ. इशिका, विजय कुमार शर्मा की पुत्री, जिला शिमला के जुब्बल तहसील के गांव हाथकोटी की रहने वाली थीं। 21 सितंबर की आधी रात 2 से 3 बजे के बीच परेल के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी और सीधे रावी नदी में समा गई थी। इस दर्दनाक हादसे में एक इंटर्न डॉक्टर की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि डॉ. इशिका का कहीं पता नहीं चल पाया था।

खबर मिलते ही पुलिस चौकी द्रड्डा का स्टाफ, थाना टीम, होमगार्ड जवान और स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक जांच के बाद शव को चंबा अस्पताल के मृतक गृह में रखवाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। शव घर पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा हितेश लखनपाल ने शव बरामद होने की पुष्टि की है।

### गहरे सदमे में परिवार और मेडिकल कॉलेज

डॉ. इशिका की असमय मौत ने परिवार को तोड़कर रख दिया है। वहीं पीजेएनजीएमसी चंबा में उनके साथी डॉक्टर और छात्र गहरे सदमे में हैं। स्थानीय लोगों ने इस घटना को बेहद हृदयविदारक बताया और कहा कि यह हादसा पूरे क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है। रावी की तेज धाराओं ने भले ही आठ दिन तक बेटी को अपने आगोश में रखा, लेकिन अब उसका निर्जीव शरीर लौटाकर परिजनों को गहरे मातम में डुबो दिया।

# आरएस बाली पर लगाए सभी आरोप बेबुनियाद: मनीष सरीन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के अध्यक्ष आर.एस. बाली के समर्थन में डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता मनीष सरीन ने प्रेस नोट जारी किया। उन्होंने हाल ही में बाली के खिलाफ फैलाई जा रही अफवाहों और आरोपों को पूरी तरह झूठ, राजनीतिक षड्यंत्र और दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार करार दिया। सरीन ने कहा कि पालमपुर होटल का लेन-देन पूरी तरह कानूनी और पारदर्शी था। सभी भुगतान दस्तावेजीकृत और बैंकिंग नियमों के अनुसार हुए। ओटीएस योजना के तहत 4,400 से अधिक खातों का समाधान किया गया, जिससे साफ है कि आरएस बाली ने किसी के लिए विशेष सुविधा नहीं दी, बल्कि नियम और न्याय का पालन किया।



उन्होंने सोशल मीडिया पर बाली के परिवार की निजी जानकारी लीक करने की निंदा करते हुए इसे दुर्भावनापूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित हमला बताया। सरीन के अनुसार, यह हमला केवल उनके व्यक्तित्व और जनता के विश्वास को कमजोर करने की कोशिश है। बाली परिवार के योगदान को याद करते हुए सरीन ने कहा कि उनके पिता की उद्यमशीलता और स्वयं आरएस बाली की पर्यटन क्षेत्र में प्रतिबद्धता हिमाचल की प्रगति का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने जोड़ा कि बाली की ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा सभी नेताओं के लिए मिसाल हैं। सरीन ने दोहराया कि बाली पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं और अफवाहों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सत्य की जीत हमेशा रहती है और आरएस बाली ने इसे फिर साबित किया है। हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। प्रेसवार्ता के दौरान मनीष सरीन के साथ राजेश चोभियाल, इच्छा राम टंडन, योगराज महाजन, रजत शर्मा, विशाल सिंह, विकास सिंह और विकास धीमान भी मौजूद रहे।

# स्कूल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

## डीसी को सौंपा ज्ञापन, प्रधान पर लगाए स्कूल भवन स्थानांतरण के आरोप



चडासा स्कूल भवन स्थानांतरण के विरोध में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपने जाते खुंदेल पंचायत के ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विकास खंड मैहला की ग्राम पंचायत खुंदेल में प्राथमिक पाठशाला चडासा के निर्माण को लेकर ग्रामीण और पंचायत प्रधान के बीच विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने जिलाधीश चंबा को ज्ञापन सौंपकर पंचायत प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि एनएचपीसी द्वारा प्राथमिक पाठशाला चडासा के लिए भवन निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत की गई थी। इस स्कूल के लिए देसा तानी ने 10 विस्वा भूमि दान की थी और वहीं निर्माण कार्य भी शुरू किया गया था। ग्रामीणों ने प्लाट तैयार किया और ब्रेस्टवाल भी लगा दी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रधान आरती देवी के पिता पवन शर्मा ने 26 सितंबर, 2025 से निर्माण कार्य दडोशा गांव में शुरू करवा दिया, जबकि पहले से तय स्थान चडासा बच्चों के लिए अधिक सुविधाजनक था। उनका कहना है कि दडोशा स्थान लगभग एक किलोमीटर दूर है, जिससे बच्चों को स्कूल आने-जाने में कठिनाई होगी।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तेरह वर्षों से चडासा गांव में ही स्कूल चल रहा है। गांव के देवी चंद ने अपने तीन कमरे नि:शुल्क स्कूल के लिए दिए हैं और सरकार ने अब तक किराया नहीं दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रधान ने सरकारी धन हड़पने के उद्देश्य से निर्माण कार्य दूसरी जगह शिफ्ट किया है। इस मामले को लेकर अदालत चंबा में स्टे के लिए याचिका भी दायर की है, जिसका निर्णय लंबित है। ग्रामीणों ने जिलाधीश से मांग की है कि दडोशा में चल रहे निर्माण कार्य को तुरंत रोका जाए और चडासा गांव में ही स्कूल भवन का निर्माण शुरू किया जाए ताकि बच्चों को पढ़ाई में असुविधा न हो। साथ ही जिन मजदूरों की पेमेंट बाकी है, उन्हें भी पंचायत प्रधान से दिलवाया जाए।

## 108 एंबुलेंस में करवाया सफल प्रसव, दोनों सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला के चुराह उपमंडल की लेसुई पंचायत के धनेली गांव में 108 एंबुलेंस सेवा एक बार फिर जीवनदायिनी साबित हुई। सोमवार सुबह धनेली गांव की कांता देवी पत्नी पुतिन को प्रसव पीड़ा के चलते तीसा सिविल अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उनकी पीड़ा बढ़ गई। इस पर 108 एंबुलेंस के स्टाफ ई. डेडिकेश कुमार और पायलट सागर चंद ने हिम्मत दिखाते हुए हंटरमोड़ के पास बीच रास्ते में ही सुरक्षित प्रसव करवाया। कांता देवी ने एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। बाद में मां और नवजात को सिविल अस्पताल तीसा में भर्ती किया गया, जहां दोनों की हालत स्थिर और संतोषजनक बताई जा रही है। 108 सेवा की तत्परता और मानवीय भावना ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता सिद्ध की है।

## गागल में कल विश्व जागृति मिशन आयोजित करेगा श्रद्धा पर्व

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल द्वारा परम पूज्य सदगुरु सुधांशु महाराज के अनुयायियों द्वारा 2 अक्टूबर वीरवार को हिमाचल धाम आश्रम गागल में श्रद्धा पर्व का आयोजन करेगा। मंडल के संचालक प्रवीन कपिला ने बताया कि यह आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। जिसमें सत्संग-संकीर्तन, ओम का उच्चारण और गुरु प्रतीमा के समक्ष आरती का आयोजन होगा। उन्होंने इस दिव्य कार्यक्रम में 15 वृद्धजनों, समाज सेवी और कर्मठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सत्संग के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों, मातृ शक्ति और अन्य श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धा से श्रद्धा पर्व मनाने और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

# जोगिंद्रनगर माता मंदिर में लगा भक्तों का तांता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर जोगिंद्रनगर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ काली माता मंदिर में दुर्गा अष्टमी का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने मां के चरणों में मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। परंपरानुसार कन्या पूजन भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और जयकारों की गूंज पूरे दिन बनी रही। मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। सुरक्षा, स्वच्छता और प्रसाद वितरण की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रही।दुर्गा अष्टमी के इस आयोजन में न केवल स्थानीय लोग, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से आए भक्तों ने भी भाग लिया। श्रद्धालुओं का कहना था कि इस पावन दिन मां दुर्गा की आराधना से जीवन में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

- वैदिक मंत्रोच्चार व महाआरती से भक्तिमय हुआ मंदिर परिसर
- श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर लिया मां दुर्गा का आशीर्वाद

# शंभू शिखर और अन्य कवियों ने हास्य की फुहारों से बांधा समां

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



एनटीपीसी कोलडैम में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन के साथ हिंदी पखवाड़े का समापन

एनटीपीसी कोलडैम में 14 सितंबर से आरंभ हुए हिंदी पखवाड़े का समापन अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन के साथ हुआ। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर एवं संगिनी संघ की अध्यक्ष रेखा ठाकुर ने मानव संसाधन प्रमुख उमेश कुमार, सभी विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में देश के प्रख्यात कवि शंभू शिखर, गजेंद्र प्रियांशु, राजेंद्र चेतन, चेतन चर्चित और राजेश अग्रवाल ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी।

कवियों ने अपने हास्यपूर्ण अंदाज से पूरे माहौल को हंसी-खुशी से सराबोर कर दिया। दर्शकों ने कविताओं का खूब आनंद लिया और तालियों की गूंज से कवियों का उत्साहवर्धन करते रहे। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत इस वर्ष विभिन्न साहित्यिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें स्वरचित कविता पाठ, चित्र से कहानी, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम शामिल थे। इन गतिविधियों में सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। समापन समारोह के दौरान, पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया गया। एनटीपीसी कोलडैम समय-समय पर ऐसे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से न केवल कर्मचारियों और उनके परिवारों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि कार्यस्थल को भी रचनात्मक एवं उत्साहपूर्ण बनाए रखने में योगदान कर रहा है।

## नागचला चौक में 50 वाहनों की जांच, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से नागचला चौक में वाहन निगरानी शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 50 निजी बसों और ट्रकों की जांच प्रेशर हॉर्न तथा ऊंची ध्वनि में बजाए जा रहे संगीत के उपयोग को लेकर की गई। शिविर में नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

पुलिस विभाग ने 10 वाहनों का चालान किया तथा बसों से ऊंची ध्वनि वाले संगीत के स्पीकर हटवाए। बस संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित गति सीमा में सुरक्षित ढंग से वाहन चलाएं और प्रेशर हॉर्न व ऊँचे संगीत का प्रयोग न करें। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मंडी के क्षेत्रीय अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि ऐसे अभियान भविष्य में भी निरंतर चलाए जाएंगे ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# शिवपुरी धाम समताणा के कलाकारों ने निकाली शोभायात्रा, शिव तांडव ने मोहा मन



शिव भक्तों की झांकियों का बिझड़ी, मैहरे और भोटा में हुआ जोरदार स्वागत

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** दशहरा उत्सव के अंतर्गत शिवपुरी धाम समताणा के कलाकारों ने सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और भगवान शिव का रूप धारण किए कलाकारों ने भाग लिया। शोभायात्रा बिझड़ी, मैहरे और भोटा बाजार से होते हुए गुजरी, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। भगवान शिव के रूप में कलाकारों ने जब शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत किया, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और दर्शक भी झूमने लगे। लगभग 25 वाहनों में सजे झांकियों के इस काफिले को देखने के लिए सड़क किनारे भारी भीड़ उमड़ी।

शिवपुरी धाम में दशहरे के दिन 100 फुट से ऊंचे रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतलों के दहन की भव्य योजना है। आयोजकों ने बताया कि यह झांकियां पूरे हमीरपुर जिले में भ्रमण करेंगी। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक की व्यवस्था को बखूबी संभाला और झांकियों का स्वागत भी किया। दशहरे की शाम को समताणा शिव मंदिर में होने वाला रावण दहन दृश्य देखने योग्य होगा।

## मोदी सरकार के जीएसटी सुधारों से आम जनता और व्यापारी वर्ग को बड़ी राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा मंडी शहर के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर मंगलवार को मंडी शहर के विभिन्न दुकानदारों व व्यापारियों से संवाद स्थापित कर जीएसटी सुधारों पर चर्चा की। भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने बताया कि 2017 से 2025 के अनुभव के आधार पर मोदी सरकार ने अब पुन: जीएसटी में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। इसके तहत 28 प्रतिशत स्लैब को घटाकर 18, 12 को घटाकर 5 और 5 प्रतिशत को घटाकर शून्य कर दिया गया है। इन सुधारों से आम जनता को रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित आवश्यक वस्तुएं पहले से कहीं अधिक सस्ती मिल रही हैं। वहीं आवश्यक दवाओं पर भी अब शून्य शुल्क लागू होने से गरीब और मध्यम वर्ग को सीधी राहत मिल रही है। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता अजय ठाकुर व जिला परिषद अध्यक्ष पाल ने भी अपने विचार रखे और जीएसटी सुधारों की सराहना की। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भूतनाथ बाजार, चंद्रलोक सहित विभिन्न क्षेत्रों में पत्रक भी वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा सदर मंडल अध्यक्ष राहुल सेन ने की। इस मौके पर नगर निगम मेयर वीरेंद्र भट, भाजपा जिला महामंत्री करण, भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, जिला सचिव रोहित, कार्यालय मंत्री रमन, प्रवीन मेहता, अंकू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- मंडी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों से संवाद कर दी जीएसटी जानकारी

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं,** बनारसी देवी पत्नी आर्मी नं. 3958807 सिपाही प्यार सिंह (से.नि.) गांव धमरेड, डाकघर जलपेहड़, तह. जोगिंद्रनगर, जिला मंडी हि.प्र. ने अपना नाम बदलकर बनारसी कुमारी से बनारसी देवी रखा है तथा मेरी सही जन्मतिथि 22/04/1948 है।

**कार्यालय नगर पंचायत रिवालसर जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश**

**सार्वजनिक सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1994 के तहत नगर पंचायत रिवालसर द्वारा विभिन्न प्रकार के करों व शुल्कों को अधिरोपित किया गया है। जिनके लिए उपविधियां बनाई गई हैं। निम्नलिखित उपविधियों के प्रारूप आम जनता की सूचना हेतु नगर पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। अतः कोई भी व्यक्ति कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा, सुझाव व आपति भीतर 15 दिन के दर्ज करवा सकता है । निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त दावों व आपतियों पर विचार नही किया जाएगा।

1. Erection, E&hibition, affi&ation of Advertisement and Hoarding Bye Laws- 2025
2. Trade License Bye Laws 2025
3. Pet Registration Bye Laws- 2025

सचिव
नगर पंचायत रिवालसर
जिला मंडी, हि. प्र.

' **संगति** आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आपको ऊंचाई से गिरा भी सकती है, इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें। **-स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# क्रिकेट में कटुता

एशिया कप 2025 भारतीय क्रिकेट के लिए यादगार भी रहा और कड़वा अनुभव भी। मैदान पर भारतीय धुरंधरों ने कमाल का खेल दिखाया, अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया और फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब अपने नाम किया, लेकिन यह जीत भी वह खुशी नहीं दे सकी, जिसकी उम्मीद करोड़ों भारतीयों ने की थी क्योंकि फाइनल के बाद जो नजारा सामने आया, उसने क्रिकेट को हाशिए पर धकेल दिया और राजनीति को केंद्र में ला खड़ा किया। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान पहली बार आमने-सामने थे। जाहिर था कि मैच से इतर तनाव हावी रहेगा। शुरुआत से ही माहौल विवादों से घिरा रहा-शेक हैंड पर रोक ने खटास पैदा की और फाइनल तक आते-आते कटुता खुलकर सामने आ गई। भारतीय टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी? के अध्यक्ष और पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया।

यह सिर्फ खेल भावना का मामला नहीं था, बल्कि भू-राजनीति का बोझ भी था जिसे खिलाड़ी चाहकर भी उतार नहीं पाए। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बार-बार बुलाने के बावजूद मंच पर नहीं आए। आहत नकवी ट्रॉफी लेकर स्टेडियम से बाहर निकल गए और विजेता भारतीय टीम ने काल्पनिक ट्रॉफी के साथ तस्वीर खिंचवाकर जश्न मनाया। यह दृश्य हास्यास्पद था, लेकिन इसमें छुपी कड़वाहट कहीं ज्यादा गहरी थी। सवाल उठता है कि आखिर नकवी के अलावा कोई और ट्रॉफी क्यों नहीं सौंप सकता था? बीसीसीआई इस स्थिति को संभालने में नाकाम क्यों रहा? इस पूरे घटनाक्रम के पीछे एक और परत है। नकवी ने फाइनल से पहले सोशल मीडिया पर ऐसी तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनसे भारतीय टीम की नाराजगी स्वाभाविक थी। एक तस्वीर में पाकिस्तानी खिलाड़ी विमान से उतरते दिखे और पीछे फाइटर जेट खड़ा था-यह महज संयोग नहीं, बल्कि शक्ति प्रदर्शन का संकेत लग रहा था।

नकवी ने मशहूर फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें विमान दुर्घटनाग्रस्त होने का इशारा था। यह वही इशारा था जिसे पाकिस्तानी गेंदबाज हारिस रऊफ ने भारत के खिलाफ मैच के दौरान दोहराया था। ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों का गुस्सा भड़कना स्वाभाविक था। दूसरी ओर पाकिस्तान भी पीछे नहीं रहा। रनर-अप मेडल खिलाड़ियों को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष ने दिए, लेकिन जब नकवी ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा को चेक थमाया तो उन्होंने भी उसे किनारे रख दिया। यानी दोनों टीमें इस विवाद में बराबर की हिस्सेदार रहीं। हार-जीत से परे दोनों देशों ने परिपक्वता खो दी और बड़े-बुजुर्गों की जगह चिड़चिड़े बच्चों जैसा बर्ताव किया। इस सबके बीच, सबसे बड़ा नुकसान क्रिकेट को हुआ। उपमहाद्वीप में यह खेल हमेशा पुल का काम करता रहा है।


राजनीतिक तनाव के बावजूद दोनों देशों के बीच मुकाबले खेल-भावना का प्रतीक माने जाते रहे हैं, लेकिन इस बार क्रिकेट को ही राजनीति की भेंट चढ़ा दिया गया। भारत के अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा, पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी और साहिबजादा फरहान, श्रीलंका के पथुम निसांका और भारत के स्पिनर कुलदीप यादव-इन सबने शानदार प्रदर्शन किया। तिलक वर्मा की फाइनल में खेली गई पारी लंबे समय तक याद रखी जाएगी, लेकिन इन उपलब्धियों पर किसी ने गौर नहीं किया। सारी सुर्खियां नकवी, ट्रॉफी और विवाद ने हथिया लीं। भारतीय टीम दबाव में थी। देश की जनता पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के मूड में नहीं थी और खिलाड़ियों से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऐसे में ट्रॉफी न लेने का फैसला शायद खिलाड़ियों के लिए अपने देशवासियों को संदेश देने का तरीका रहा हो।

पाकिस्तान की टीम हार से खिन्न होकर और नीचे गिर गई। इस आपसी हठधर्मिता ने क्रिकेट की उस शक्ति को चोट पहुंचाई, जिसकी क्षमता हमेशा रिश्ते जोड़ने की रही है। आईसीसी की आचार संहिता में ट्रॉफी न लेने पर कोई सजा नहीं है, लेकिन इसे खेल भावना के खिलाफ माना जा सकता है। सूर्यकुमार यादव से कारण पूछा जा सकता है, नकवी को भी चेतावनी या जुर्माना लग सकता है, परंतु सच्चाई यह है कि फाइनल जीतने वाली टीम ही खिताब की असली हकदार होती है और भारत को ट्रॉफी मिलनी ही चाहिए।

बहरहाल, यह टूर्नामेंट गलत वजहों से याद किया जाएगा, क्योंकि इसमें खेल से ज्यादा राजनीति हावी रही। एशिया कप को खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की वजह से याद होना चाहिए था, लेकिन वह विवादों और कड़वाहट का प्रतीक बन गया। उपमहाद्वीप का यह सबसे लोकप्रिय खेल यदि इसी राह पर चला तो आने वाला समय शुभ नहीं होगा। क्रिकेट, जो अब तक दिलों को जोड़ने का जरिया रहा है, उसे कटुता का मैदान बनने से रोकना बेहद लाजिमी है। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्रता सेनानी व पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री



**प्रताप सिंह कैरों**
**जन्म :** 1 अक्तूबर 1901
**मृत्यु :** 6 फरवरी 1965

**प्रताप** सिंह कैरों प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रमुख नेता थे। उस समय 'पंजाब' के अंतर्गत हरियाणा और हिमाचल प्रदेश भी थे। प्रताप सिंह का जन्म अमृतसर जिले के 'कैरों' नामक ग्रामक ग्राम में हुआ था। खालसा कालेज से बीए कर अमरीका गए और वहां के मिशिगन विश्वविद्यालय से एमए किया और वहीं वे भारत की राजनीति की ओर अग्रसर हुए। भारतीय स्वतंत्रता के लिए अमरीका में 'गदर पार्टी' के नाम से जो संस्था स्थापित हुई थी, उसके कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने लगे। भारत वापस आने पर 1926 ई. में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए और तब से स्वतंत्रता प्राप्त होने तक कांग्रेस के आंदोलनों में निरंतर भाग लेते रहे और जेल गए। भारत के स्वाधीन होने के पश्चात् विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए और पंजाब के मुख्यमंत्री बने। जिन दिनों वे मुख्यमंत्री थे उन दिनों पंजाब की राजनीतिक स्थिति अत्यंत विस्फोटक थी। ■



कविता

## भूलें नहीं अतीत

शिव सन्याल, मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा (हि.प्र)

**भूलें** नहीं अतीत, उसी से सब कुछ सीखा।
आगे-आगे देख, भाग्य में क्या है लिखा।
मीठी यादें छोड़, बीत यह कल है जाता।
नई चुनौती साथ, आज यह ले कर आता।
मिले कर्म अनुसार, लिखा है जितना दाना।
इतना रखना याद, भूल मत पिछला जाना।
भूलें नहीं अतीत, मिले हैं जिन के साये।
दिया हमें है साथ, तभी हम कुछ बन आए।
रखना हम को याद है, भूलें नहीं अतीत।
दुख सुख का है मेल, लगे जीवन में मेला।
खट्टी मीठी बात, सदा तुम मन में चखना।
चले गए दे सीख, याद तुम उन को रखना।
सेवा करके आज तुम, लो सबका दिल जीत।
फर्ज यही है आप का, भूलें नहीं अतीत।
देता हम को सीख है, गया समय जो बीत।
कैसे बीते दिन यहां, भूलें नहीं अतीत।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# समाज सहयोग से सुगम बनी आरएसएस की शताब्दी यात्रा



**दत्तात्रेय होसबाले**
**(सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा अब सौ वर्षों की पूर्णता की ओर अग्रसर है। यह यात्रा केवल एक संगठन की नहीं, बल्कि समर्पण, परिश्रम और समाज के सहयोग की कहानी है। संघ के कार्य को सफल बनाने में न केवल प्रचारकों और कार्यकर्ताओं का, बल्कि समाज के सामान्य नागरिकों, परिवारों, माताओं-भगिनियों, संतों एवं विचारशील व्यक्तियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संघ के प्रारंभिक काल के युवा कार्यकर्ता देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर संघ के कार्य को राष्ट्रसेवा का माध्यम मानकर पूरे समर्पण के साथ जुड़ गए।

अप्पाजी जोशी जैसे गृहस्थ स्वयंसेवक से लेकर दादाराव परमार्थ, बालासाहब व भाऊराव देवरस, यादवराव जोशी, एकनाथ रानडे जैसे प्रचारक, डॉक्टर हेडगेवार के मार्गदर्शन में संघ कार्य को जीवन का लक्ष्य मानकर आजीवन लगे रहे। संघ का कार्य समाज की भावनाओं के अनुरूप होने के कारण धीरे-धीरे समाज में स्वीकार्यता पाता गया। स्वामी विवेकानंद के विदेश प्रवास के दौरान कही गई बात कि जैसे चीटियों को शक्कर का पता लगाने के लिए अंग्रेजी सीखने की जरूरत नहीं होती, वैसे ही भारतीय अपने सात्विक कार्यों को बिना किसी बाहरी भाषा के सहजता से समझते हैं, यह बात संघ के संदर्भ में पूरी तरह सत्य साबित हुई। संघ के सात्विक कार्य को सामान्य जन ने समय के साथ न केवल स्वीकार किया, बल्कि समर्थन भी दिया। स्वयंसेवकों के परिवार संघ कार्य संचालन के केंद्र रहे और मातृशक्ति का सहयोग संघ के विस्तार में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। राष्ट्र सेविका समिति के माध्यम से मौसी केलकर से लेकर प्रमिलाताई मेढ़े जैसी मातृसमान हस्तियों ने संघ कार्य को नई दिशा दी।

समाज के विविध क्षेत्रों में संघ प्रेरणा से दत्तोपंत ठेंगड़ी, यशवंतराव केलकर, बालासाहेब देशपांडे, एकनाथ रानडे, दीनदयाल उपाध्याय, दादासाहेब आपटे जैसे समाजसेवकों ने संगठनों की स्थापना कर राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।


इन संगठनों ने शिक्षा, श्रम, सेवा, महिला जागरण, व्यापार, मजदूर कल्याण और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। इस प्रकार संघ का प्रभाव केवल संगठन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि व्यापक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बना। संघ ने समय-समय पर राष्ट्रीय हित के विषयों को उठाया और समाज का समर्थन प्राप्त किया। चाहे धर्मांतरण विरोधी आंदोलन हों, हिंदू एकता का आह्वान हो या धार्मिक समरसता के प्रयास, हर बार समाज की सज्जन शक्ति ने संघ को मजबूती से समर्थन दिया। मीनाक्षीपुरम के मतांतरण विरोधी सम्मेलन में लाखों लोगों की भागीदारी इस समर्थन का जीवंत उदाहरण है।

1964 में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना में स्वामी चिन्मयानंद, मास्टर तारा सिंह, जैन मुनि सुशील कुमार , बौद्ध भिक्षु कुशोक बकुला और सिख गुरु जगजीत सिंह जैसे विभूतियों की सहभागिता इस बहुलता का परिचायक है। उडुपी में आयोजित विश्व हिंदू सम्मेलन में सभी प्रमुख धर्माचार्यों और संतों का आशीर्वाद संघ को प्राप्त हुआ।

इस सम्मेलन का उद्घोष था। 'हिंदव: सोदरा: सर्वे', अर्थात सभी हिंदू भारत माता के पुत्र हैं। गोहत्या बंदी, राम जन्मभूमि आंदोलन और अन्य राष्ट्रीय मुद्दों पर संतों का आशीर्वाद संघ को निरंतर प्राप्त होता रहा। स्वतंत्रता के बाद संघ पर लगाए गए प्रतिबंधों और आपातकाल के कठिन समय में भी समाज के सामान्य नागरिकों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने संघ के पक्ष में खड़े होकर इसका समर्थन किया। इन कठिन दौरों में स्वयंसेवकों के परिवार, विशेषकर माताएं और भगिनियां, संघ कार्य को संभालने और आगे बढ़ाने में महती भूमिका निभाती रहीं। इन सभी कठिनाइयों के बावजूद संघ का कार्य निरंतर और अक्षुण्ण रूप से चलता रहा। आज संघ की शताब्दी यात्रा एक नए युग में प्रवेश कर रही है। संघ ने घर-घर संपर्क के माध्यम से समाज के सभी वर्गों से संवाद और सहभागिता का संकल्प लिया है।

इसका उद्देश्य देश के बड़े शहरों से लेकर दूरदराज के गांवों तक पहुंचकर राष्ट्र निर्माण में समूची सज्जन शक्ति को जोड़ना है। यह प्रयास केवल संगठन के विस्तार के लिए नहीं, बल्कि समरस, सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए है। समाज के व्यापक सहयोग और सहभागिता से ही संघ की यह यात्रा सफल और सुगम बनी है और भविष्य में भी समाज का सहयोग राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक होगा। इस प्रकार संघ की सौ वर्षों की यात्रा त्याग, समर्पण, संगठित प्रयास और समाज के अनन्य सहयोग की मिसाल बनकर इतिहास में अमर हो गई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**





# संसार के योगी : लाहिड़ी महाशय का आधुनिक जीवन के लिए संदेश

**लेखक : विधि बिरला**

बनत बनत बन जाए-एक एक कदम चलते हुए, लक्ष्य को पाना। लाहिड़ी महाशय ने इन सरल, किंतु गहन शब्दों से साधकों को सदा ही प्रोत्साहित किया कि वे पूर्ण रूप से वर्तमान में जीएं, अपने सम्मुख उपस्थित क्षण को अपना सर्वस्व दें और विश्वास दिलाया कि भविष्य स्वयं ही दिव्य विधान के अनुसार निर्मित हो जाएगा। लाहिड़ी महाशय का जन्म 30 सितंबर, 1828 को बंगाल के घुरणी गांव में हुआ था। अपने तैंतीसवें वर्ष में, रानीखेत के समीप हिमालय की तलहटी में सरकारी लेखाकार के रूप में कार्य करते हुए वे अमर महावतार बाबाजी से मिले। 'योगी कथामृत' में वर्णित एक पावन भेंट में, बाबाजी ने उन्हें पवित्र क्रियायोग की दीक्षा और उन्हें इस दीर्घकाल तक अज्ञात योग विज्ञान की प्रविधि को पुन: संसार में लाने का दिव्य कार्य सौंपा।

बनारस स्थित अपने घर लौटकर, लाहिड़ी महाशय ने सच्चे जिज्ञासुओं-अमीर-गरीब, राजा-रंक, या ऊंच-नीच का भेद किए बिना क्रियायोग में दीक्षित करना आरंभ किया। यह प्राचीन प्रविधि, जैसा कि योगानंदजी ने समझाया, सीधे प्राण-शक्ति पर काम करती है, शारीरिक क्षय को धीमा करती है और आध्यात्मिक उन्नति को तीव्र करती है। 1861 में इसका पुनरुत्थान, जैसा कि योगानंदजी ने उल्लेख किया, 'संपूर्ण मानव जाति के लिए एक अत्यंत पवित्र क्षण' था। जिस प्रकार फूलों की सुगंध को छिपाकर नहीं रखा जा सकता, परमहंस योगानंदजी ने लिखा, 'उसी प्रकार आदर्श गृहस्थ का जीवन चुपचाप व्यतीत करते लाहिड़ी महाशय, अपने स्वाभाविक तेज को छिपाकर नहीं रख सके। भारत के कोने-कोने से भक्त-भ्रमर इस जीवन मुक्त सद्गुरु से सुधा पान करने के लिए मंडराने लगे।' लाहिड़ी महाशय का महान् जीवन सबके लिए एक उदाहरण है: एक जीवनसाथी, अभिभावक और व्यवसायी के रूप में व्यक्ति अपने संसारिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए भी ईश्वर के साथ निरंतर संपर्क बना सकता है। उनका जीवन, इस चिर-प्राचीन प्रश्न का एक मौन किंतु सशक्त उत्तर था : क्या संसार में रहते हुए ईश्वर-साक्षात्कार संभव है? उनके दीप्तिमान उदाहरण ने सिद्ध किया कि यदि व्यक्ति आंतरिक वैराग्य के साथ जीवन जीए तो यह न केवल संभव है, अपितु सहज है।

उनकी रहस्यमयी मुस्कान में ईश्वर-साक्षात्कार के आनंद की कुछ कुछ झलक दिखाई देती है। बाहरी जगत में नाममात्र की रुचि प्रदर्शित करने वाली उनकी अधखुली आंखें आंतरिक परमानंद का संकेत करती हुई आधी बंद भी हैं। आज भी, अनेकों भक्तजन उनकी छवि-जो सुरक्षा, स्वास्थ्य लाभ और गहन ध्यान के लिए एक मौन आह्वान प्रदान करती है, की आध्यात्मिक शक्ति को प्रमाणित करते हैं। उनकी दृष्टि हृदय को भेदती हुई, साधक को भीतर ईश्वर की उपस्थिति की ओर खींचती हुई तथा निष्ठापूर्वक आने वालों को मार्गदर्शन देने के लिए सदा तत्पर प्रतीत होती है। सभी के लिए उनका एक सरल परामर्श था: 'ध्यान में ही अपनी सभी समस्याओं का समाधान ढूंढो। व्यर्थ अनुमान लगाते रहने के बदले ईश्वर से प्रत्यक्ष संपर्क करो-'अंतरात्मा के सक्रिय मार्गदर्शन से स्वयं के तार जोड़ लो; उनके माध्यम से बोलने वाली ईश्वर-वाणी के पास जीवन की प्रत्येक समस्या का उत्तर है।' उनके प्रमुख शिष्य, स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी, जिन्हें श्रद्धा से 'ज्ञानावतार' के रूप में जाना जाता है, ने लाहिड़ी महाशय के आध्यात्मिक मिशन को दृढ़ शुद्धता के साथ आगे बढ़ाया।


श्री श्री लाहिड़ी महाशय





श्री श्री परमहंस योगानंद

1917 में, श्रीयुक्तेश्वरजी के शिष्य परमहंस योगानंदजी ने योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) की स्थापना की और लाहिड़ी महाशय द्वारा सिखाए गए क्रियायोग के प्राचीन विज्ञान को प्रसारित किया।

आज भी, वाईएसएस उनके आशीर्वादों के एक जीवंत माध्यम के रूप में इस कार्य को करती आ रही है, सच्चे जिज्ञासुओं को जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य: ध्यान के दैनिक अभ्यास के माध्यम से ईश्वर के साथ साक्षात्कार, के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। योगावतार के रूप में पूजित लाहिड़ी महाशय का जीवन आधुनिक युग के लिए एक चिर-उपस्थित मार्गदर्शक के रूप यह दर्शाता है कि दैनिक कर्तव्यों को निभाते हुए एक एक कदम चलकर अपने जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जो निष्ठापूर्वक ईश्वर की खोज करते हैं, उन सभी के लिए, उनके शब्द आज भी एक दिव्य वचन की तरह गुंजायमान् हैं: 'बनत, बनत, बन जाए।' ('निरंतर प्रयास करते करते, एक दिन पा लेंगे! अपना परम लक्ष्य।')

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जहां वरिष्ठजनों का होता सम्मान,वही परिवार बनता है महान



**नरेंद्र भारती**
**स्वतंत्र लेखक (मंडी)**

बुजुर्ग हमारे समाज की आत्मा होते हैं। वे अनुभवों का भंडार होते हैं, जिनसे हमें जीवन के कई महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं। जैसे वटवृक्ष बच्चों को अपनी छाया में सुरक्षित रखता है, वैसे ही बुजुर्ग परिवार और समाज के लिए सहारा होते हैं। हर साल 1 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाया जाता है, लेकिन यह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम बनकर रह गया है। 364 दिन बुजुर्गों की उपेक्षा और अनदेखी होती है, उनके लिए कोई खास याद या सहारा नहीं होता। 2025 में भी वृद्धों की स्थिति कुछ खास नहीं बदली है।

वे अपने परिवारों में अकेलेपन और उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। वह आश्रमों की ओर मजबूर हो रहे हैं, जहां न केवल उनकी शारीरिक जरूरतें पूरी की जाती हैं, बल्कि वे मानसिक रूप से भी टूट रहे हैं। यह बड़ा दुखद और चिंताजनक विषय है कि जिन बच्चों के लिए बुजुर्गों ने अपना जीवन समर्पित किया, वही बच्चे आज उन्हें दर-दर की ठोकरें खिला रहे हैं। यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि हमारे ही समाज में बुजुर्गों के लिए कोई सहारा नहीं बचा।

बुजुर्ग परिवार का स्तंभ होते हैं। उनके अनुभव, उनका ज्ञान और उनकी शांति से ही परिवार और समाज को स्थिरता मिलती है। पर आज स्थिति यह है कि वृद्ध अपने ही घरों में अनदेखे और उपेक्षित महसूस करते हैं। कई बार बुजुर्गों के खिलाफ मारपीट, मानसिक उत्पीड़न की घटनाएं भी सुनने को मिलती हैं। यह समाज के लिए एक बड़ी शर्म की बात है कि जिनका हमने पालन-पोषण किया, वे आज बुजुर्गों को यातनाएं दे रहे हैं। सरकार ने बुजुर्गों के लिए कई योजनाएं और कानून बनाए हैं, जैसे वृद्धावस्था पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, और वृद्ध आश्रम, परंतु ये योजनाएं केवल कागजों में ही सीमित रह गई हैं। कई बार देखा गया है कि इन योजनाओं का लाभ बुजुर्गों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पाता। लोग, खासकर आधुनिक परिवार के सदस्य, बुजुर्गों से ठीक तरह से व्यवहार नहीं करते। बहुएं और बेटे, जो कभी उनकी देखभाल करते थे, आज कई बार बुरा बर्ताव करते हैं। आज के दौर में भागदौड़ और आधुनिकता के कारण परिवार टूट रहे हैं। बच्चे अपने काम-धाम में इतने व्यस्त हो गए हैं कि बुजुर्गों के लिए समय देना उनके लिए मुश्किल हो गया है।

वे अक्सर अकेलेपन में जी रहे हैं। वृद्ध आश्रमों का रुख करना बुजुर्गों के लिए आखिरी विकल्प बन गया है, जहां वे अक्सर घर की याद और अकेलेपन में डूबे रहते हैं। यह सोचने वाली बात है कि जो माता-पिता अपने बच्चों के लिए अपना सब कुछ त्याग देते हैं, वही बच्चे आज उन्हें महीनों में बांट देते हैं कि किस महीने किसके घर रहना है। बुजुर्गों का यह बंटवारा सामाजिक दुर्भाग्य है। उनकी भावनाओं की अनदेखी करना और उन्हें परिवार से अलग-थलग कर देना, यह सब अत्यंत दुखद और असंवेदनशील कार्य हैं।

**अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर विशेष**

हमें समाज के रूप में अपनी सोच बदलनी होगी। बुजुर्गों को केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि स्नेह और सहारा भी देना होगा। बुजुर्गों की सेवा करना हमारे धर्म और संस्कार का हिस्सा है। उनका सम्मान ही हमारी सभ्यता की असली पहचान है। बुजुर्गों की सेवा में ही हमारा सबसे बड़ा तीर्थ है। सरकार को चाहिए कि वह बुजुर्गों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानूनों को कड़ाई से लागू करे और बुजुर्गों के विरुद्ध होने वाले अन्याय पर सख्त कार्रवाई करे। प्रशासन को भी ऐसे मामलों में त्वरित और प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि बुजुर्गों को उनका हक मिल सके। अंतत:, हमें यह समझना होगा कि दुनिया में सब कुछ मिल सकता है, लेकिन मां-बाप और बुजुर्ग फिर कभी नहीं मिलते। जब तक हम बुजुर्गों को उनका सम्मान नहीं देंगे, तब तक अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस का कोई वास्तविक अर्थ नहीं होगा। हमें चाहिए कि हम हर दिन बुजुर्गों का सम्मान करें, उनकी सेवा करें और उन्हें समाज में उनका उचित स्थान दें। तभी हमारा समाज सच में संवेदनशील, सम्मानित और सभ्य बन पाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# हमारे भीतर के अंधकार को मिटाने का पर्व है विजयदशमी ...



**श्री श्री रवि शंकर**
**आध्यात्मिक गुरु**

विजयदशमी का दिन सच्चाई की जीत का है, देव शक्ति की जीत का है। देवासुर संग्राम न केवल संसार में, बल्कि हमारे भीतर भी निरंतर चलता रहता है। इसमें दैवीय गुणों की जीत ही हमारी असली जीत है। तब ही सुख, शांति, समृद्धि और सफलता प्राप्त होती है।

यदि आसुरी शक्ति की जीत हो, तो दुख और दरिद्रता फैलती है। इसलिए वैदिक परंपरा में दशहरे के दिन एक-दूसरे को बधाई दी जाती है: 'स्वस्थ रहें, तृप्त रहें, और आपके सभी कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ें।' उत्सव के दौरान बहुत से लोग मौन व्रत रखते हैं, जिसके फलस्वरूप उनके तन-मन की शुद्धि हो जाती है। हमारे पूर्वज इतने मेधावी रहे, उन्होंने हर मौसम के हिसाब से कोई न कोई त्योहार बनाया। जिससे हम एक त्योहार से दूसरे त्योहार में व्यस्त रहें और जीवन में चिंताओं को जगह ही न मिले। सेवा के काम में लग जाएं, तो मन प्रसन्न हो जाता है और यदि अपने बारे में ही दिन-रात सोचते रहते हैं, तो दु:खी होते रहते हैं। ये सोचें-मैं कौन हूं? न मैं शरीर हूं, न मैं बुद्धि हूं, न मैं मन हूं। इस तरह से स्वयं के बारे में विमर्श करने से भी हम प्रसन्न हो जाएंगे, सुखी हो जाएंगे। हम खुद के बारे में कुछ नहीं जानते।

हम बीच में ही उलझे रहते हैं, कुछ न कुछ लेकर हम अपने मन में गांठ बनाते जाते हैं। मन के जो ये सारे भ्रम हैं, इसी को माया कहते थे। माया की पकड़ से बचकर हमारे सारे भ्रम दूर हों जाएं, इसके लिए ध्यान करें। उसके लिए ही यह सब उपाय है, त्योहार मनाएं, देवी को पूजें और ये अनुभव करें कि देवी तो हमारे भीतर है - 'या देवी सर्वभूतेषु...'। चेतना के रूप में वे सबमें है, यह सारा संसार उस चैतन्य सत्ता की ही लीला है। इस बात को हमें बार-बार स्वयं को याद दिलाते रहना चाहिए। एक घर में एक ही व्यक्ति खुश रहे, ये करीब- करीब असंभव है। जब तक सभी को खुशी नहीं बांटते तब तक एक व्यक्ति भी खुश नहीं रह सकता है, तो इसलिए घर में हर एक व्यक्ति के भीतर ज्ञान, ध्यान, सेवाभाव, प्रसन्नता, त्याग-भाव ये सब जागे, तब जाकर सुखी परिवार, सुखी संसार बनेगा। बार-बार हमको जागना पड़ेगा और बार-बार जगाने के लिए ही तो यह सब उत्सव है। जागो और भागो मत। कुछ पसंद नहीं आए, तो हम भागते हैं।

भागने से भाग्य नहीं खुलेगा, जागो तो भाग्य खुल जाएगा। भाग्य यही है कि सारा संसार आपका अपना है। परमात्मा यहीं है, अभी है, हमारे भीतर है। यह विश्वास हमको बार-बार जताते रहना पड़ेगा। बाकी संसार का काम भी साथ में करते रहना चाहिए। जीवन में संतोष तभी उपजेगा, जब हम जीवन में दोनों को संतुलित करते जाएं। व्यावहारिक काम और आध्यात्मिक पहलू इन दोनों में से कोई एक चीज छोड़ दोगे, तो भी जीवन अपूर्ण रह जाएगा। विजयदशमी का संदेश है-विजय हो-इस दिन अपनी आत्मा को जगाएं, भीतर के अंधकार को मिटाएं और नई ऊर्जा, नई चेतना के साथ आगे बढ़ें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# रेबीज पर अभिलाषी के छात्रों को मिला ज्ञान

## वेटरनरी विज्ञान संकाय ने मनाया विश्व रेबीज दिवस, टीकाकरण व जागरूकता पर रहा जोर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** अभिलाषी विश्वविद्यालय के वेटरनरी विज्ञान संकाय द्वारा विश्व रेबीज दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और शैक्षिक उत्साह के साथ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलाधिपति डॉ. आर.के. अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, कुलपति प्रो. एचके चौधरी, वेटरनरी विज्ञान संकाय के डीन डॉ. वीके गुप्ता और कृषि संकाय के डीन व आईक्यूएसी प्रमुख डॉ. पीसी शर्मा के मार्गदर्शन और समर्थन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नरेश, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, एसडीवीएच गोहर उपस्थित रहे।



अभिलाषी विश्वविद्यालय में विश्व रेबीज दिवस पर जागरूकता और टीकाकरण अभियान के दौरान छात्र व आयोजक।

कार्यक्रम की शुरुआत वेटरनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स (वीसीसी) में आयोजित एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान से हुई, जहां परिसर और आसपास के क्षेत्रों के कई कुत्तों को टीकाकरण किया गया। इसके बाद डॉ. नरेश नेगी ने एक जागरूकता व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने रेबीज के कारणों, इसके संचरण के तरीकों, निवारक उपायों और रेबीज नियंत्रण में टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। वहीं मुख्यातिथि डॉ. नरेश ने छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की और एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियानों, पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम और आवारा कुत्तों की आबादी प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया।

डॉ. नरेश ने छात्रों और संकाय सदस्यों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया और उनके साथ विस्तृत चर्चा की। छात्रों ने रेबीज नियंत्रण, पशु स्वास्थ्य और पशु कल्याण से संबंधित कई प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. नरेश ने विस्तार से उत्तर दिया। इसी के साथ कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने अपने संबोधन में विश्व प्रख्यात वैज्ञानिक लुई पाश्चर के अग्रणी योगदान को रेखांकित किया और छात्रों को सैद्धांतिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुप्रयोग से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए डॉ. नरेश के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और कहा कि उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण से छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने डॉ. नरेश को आश्वस्त किया कि विवि की ओर से उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा व विवि उनके साथ मिलकर पशु कल्याण और रेबीज नियंत्रण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए तत्पर है। इस कार्यक्रम का समापन डॉ. अजय पटियाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी व कुलपति प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी व सचिव नरेंद्र कुमार ने डॉ. डी.पी. दहिया और सभी प्रतिभागियों को इस उपलब्धि के लिए और संस्थान का गौरव बढ़ाने के लिए बधाई दी।

# महिला सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा

## एसडीएम पधर की अध्यक्षता में खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को बाल विकास सेवा के अंतर्गत खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति, चुनौतियों और क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में पूरक पोषाहार कार्यक्रम, पूर्व-शाला शिक्षा, आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाएं और सेवाओं के सार्वभौमिकरण पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा संबंधी प्रावधानों और घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 की जानकारी पर भी विचार-विमर्श किया गया।



खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में चर्चा करते एसडीएम पधर सुरजीत सिंह व अन्य।

बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी है अनमोल योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, सशक्त महिला योजना, पोषण अभियान और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। एसडीएम सुरजीत सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए नियमित अनुश्रवण और फील्ड विजिट अनिवार्य हैं। बैठक में बाल विकास परियोजना द्रंग में किए जा रहे पोषण अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह निरोधक अधिनियम तथा मनरेगा के तहत निर्मित हो रहे आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। एसडीएम ने बताया कि बाल विकास परियोजना द्रंग में 10 वृतों में संचालित 265 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 माह से 3 वर्ष तक के 2123 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखआश्रय योजना के तहत 55, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत 324 मामले स्वीकृत हुए हैं।

बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी द्रंग कुंदन हाजरी, तहसील कल्याण अधिकारी चन्दन वीर सिंह, बीडीओ द्रंग विनय चौहान, प्रधानाचार्य पधर स्कूल ललित ठाकुर, पर्यवेक्षकों सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### पुंदल व डलाह में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पधर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल पधर नितिन चंदेल ने बताया कि 11 केवी गवाली चौहार फीडर की एचटी व एलटी लाइन की मरम्मत के दृष्टिगत 1 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक गांव डलाह, पुंदल, सुराहण, सियुन, सनेड, सकरोग, कथोटधार, डायनापार्क पेखरा, वल्ह टिक्कर, सरनी, घुनाग, द्रुन, रोपा और साथ लगते क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 11 केवी ग्वाली ग्रुम्मा फीडर की एचटी व एलटी लाइन की मरम्मत के दृष्टिगत 3 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक गांव ग्वाली, उरला, चुक्कू, मसवाहन, कोटरोपी, नागन और साथ लगते क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी।

### मिशन वात्सल्य से संवर रही बच्चों की तकदीर

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** जिला बाल संरक्षण इकाई मंडी द्वारा जंजैहली में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास सिराज खंड के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में मिशन वात्सल्य, मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना तथा इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना से अनाथ और असहाय बच्चों की तकदीर और तस्वीर संवर रही है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की गारंटी मिल रही है। विभाग के कर्मचारियों को सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र बच्चा पीछे न छूटे। बाल विकास परियोजना अधिकारी रमेशचंद ठाकुर ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, देई, पोषण और जजैहली खंड में चल रही सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

### बलद्वाड़ा में 15 आवारा कुत्तों को लगाया टीका

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मां भगवती सेवा संस्था बल्द्वाड़ा द्वारा एंटी रेबीज दिवस के अवसर पर हटली क्षेत्र के बलद्वाड़ा बाजार में आवारा कुत्तों के लिए टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान 15 कुत्तों को रेबीज रोधी टीके लगाए गए तथा कुछ घायल कुत्तों का मौके पर उपचार भी किया गया। संस्था के संस्थापक ने बताया कि यह अभियान पशु चिकित्सालय बलद्वाड़ा के सहयोग से संपन्न हुआ। वक्ताओं ने बताया कि समूह आवारा पशुओं की सहायता, रेस्क्यू, वैक्सीनेशन, स्वच्छता जैसे सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय रहता है तथा स्थानीय लोगों का सहयोग भी लगातार मिल रहा है। इस अभियान में कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे और कार्य को सफल बनाया।

### सब्जी विक्रेता लगाएं रेट लिस्ट: एसडीएम

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल पधर एसडीएम सुरजीत सिंह ने क्षेत्र के सब्जी विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी है कि वे उपभोक्ताओं से मनमाने दाम वसूलने से परहेज करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सब्जी विक्रेता अपनी दुकान पर सब्जियों की रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन समय-समय पर निरीक्षण करेगा और यदि किसी दुकानदार ने रेट लिस्ट नहीं लगाई या फिर निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूले, तो उसके खिलाफ चालान कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मंत्री पुत्र के बयान पर कर्मचारी 'लाल'

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार, महासचिव उमेश कुमार, वरिष्ठ पदाधिकारी चमन लाल, गौतम दुलटा, सुशील शर्मा, जगदीश राणा, नरेश शर्मा, विपिन डोगरा, चमन लाल कलवान, प्रैस सचिव पंकज शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के बेटे द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'भ्रष्ट' कहने को गैर जिम्मेदाराना बयान बताते हुए निंदा की है। कर्मचारी समाज ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे असंवेदनशील बयानों से विचलित नहीं होगा।

### संधोल में मनाया जाएगा दशहरा महोत्सव

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल संधोल में हर साल की तरह इस बार भी दशहरे को लेकर भव्य आयोजन किया जाएगा इस महोत्सव में प्रदेश के प्रसिद्ध लोक गायक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 2 अक्तूबर को 10 बजे उत्सव का शुभारंभ किया जाएगा इसके उपरांत 10:15 बजे क्षेत्र के स्कूली बच्चों द्वारा रंगम कार्यक्रम 1 से 2 बजे तक महिला मंडलों की रस्सा कसी प्रतियोगिता और तीन से 6 बजे तक मेले में भाग लेने वाले मुख्य्य कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी शाम 7 बजे रावण दहन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा दशहरा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष विभु जम्वाल व आयोजन कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य्य कलाकार डॉक्टर सतीश ठाकुर और कुमार विकी होंगे उन्होंने क्षेत्र भारत की जनता से इस विशाल कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया है।

### एचआरटीसी कर्मचारियों ने लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शरद नवरात्रि की पावन अष्टमी तिथि पर हिमाचल पथ परिवहन निगम जोगिंद्रनगर के समस्त कर्मचारियों ने मिलकर विशाल भंडारे का आयोजन किया। यह भंडारा निगम कार्यालय परिसर में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।भंडारे में जोगिंद्रनगर के स्थानीय लोग, स्कूली बच्चे, कर्मचारी तथा श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन माहौल भक्तिमय रहा और मां दुर्गा के जयकारों से परिसर गूंज उठा। क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि एचआरटीसी परिवार हर वर्ष नवरात्रों के दौरान भंडारे का आयोजन करता है, ताकि स्थानीय जनता व श्रद्धालुओं को मिल बैठकर भक्ति और सेवा का अवसर मिल सके। उन्होंने सभी जोगिंद्रनगर वासियों को अष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और धार्मिक आस्था को मजबूत करता है। भंडारे में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें नगरवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति आयोजकों के उत्साह को और बढ़ाने वाली रही।

### बगलामुखी मंदिर सेहली में किया कन्या पूजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** तुंगल क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता बगलामुखी मंदिर सेहली में दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माता के मंदिर में कन्या पूजन एवं हवन-पाठ सम्पन्न हुआ। माता के पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर कन्या पूजन व हवन-पाठ की परंपरा निभाई जाती है। इस वर्ष भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आकर पूर्णाहुति में भाग लिया और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। हवन-पाठ में पंडित प्रदीप शर्मा, अभिनव शर्मा, अक्षित शर्मा, अभिषेक शर्मा, शुभम शर्मा, नमन शर्मा तथा ललित शर्मा ने भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मां के भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन भी किया गए।

# विश्व रेबीज दिवस पर स्कूली बच्चों को किया जागरूक

- भाषण प्रतियोगिता में नैंसी प्रथम व सविता द्वितीय
- स्वास्थ्य विभाग ने सभी विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित
- डॉ. पीयूष वैद्या के सौजन्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी रत्ती डॉ. पीयूष वैद्या के सौजन्य से वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टावां चौक में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल विपन सैनी ने की। इस अवसर पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक रत्ती सुरेश चंदेल ने बच्चों को रेबीज की बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बीमारी लायसा वायरस संक्रमित जानवरों, विशेषकर कुत्तों के काटने से फैलती है और समय पर टीकाकरण कर इसे रोका जा सकता है।

सुरेश चंदेल ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक रेबीज से शून्य मानव मृत्यु का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि रेबीज के लक्षण देर से प्रकट होते हैं, लेकिन यह बीमारी घातक होती है, इसलिए प्राथमिक उपचार और टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। भाषण में नैंसी प्रथम, सविता द्वितीय और रिया तृतीय रहीं। पेंटिंग में वैशाली प्रथम, स्वाती द्वितीय और नैंसी तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कुशम लता, अध्यापक पूर्ण चंद, समिता, उर्मिल कुमारी, सुरेंद्र कुमार, सुनीता कुमारी, प्रेमी देवी, आशा कार्यकर्ता टावां चौक सहित 99 छात्र उपस्थित रहे।

# निबंध में कनिका, नारा लेखन में सौम्य, चित्रकला स्पर्धा में बलजीत व भाषण में चेतन ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति द्वारा युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान के तहत नशा मुक्ति नारे के साथ स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला, भाषण, प्रश्नोत्तरी, स्लोगन, गीत व निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मंडी शहर के छह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों से 52 छात्रों भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति कार्यालय परिसर सौली खड्ड मंडी में किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल नेरचौक से बलजीत ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि दूसरा स्थान आरूषी डीएवी खलियार व तीसरा स्थान ताकी आलम बाल स्कूल मंडी ने हासिल किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल मंडी की कनिका प्रथम,गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल की लावण्य दूसरा स्थान व तीसरा स्थान अर्शिया 10वीं कक्षा डीएवी नेरचौक ने हासिल किया। वहीं गायन प्रतियोगिता में बडोग स्कूल से ध्रुव प्रथम, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या मंडी की स्वाति दूसरे और तीसरा स्थान सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल मंडी के कार्तिक ने हासिल गया। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल मंडी के चेतन ने प्रथम स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या मंडी की आंचल शर्मा ने दूसरा और तीसरा स्थान एंजल पटियाल ने हासिल किया।



युवा बचाओ-भविष्य बचाओ अभियान के तहत स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताओं का आयोजन।

नारा लेखन प्रतियोगिता में बाल स्कूल मंडी के सौम्य प्रथम, गुरू गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल पडडल की वंशिका ने दूसरा और डीएवी नेरचौक की आरूषी तीसरे स्थान पर रही। जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बड़ोग स्कूल ने प्रथम, पीएमश्री कन्या स्कूल मंडी दूसरे और तीसरे स्थान गुरू गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल पड्डल मंडी रहा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले उतकृष्ठ छात्रों को पुरूस्कार व प्रतियोगिता में भागेदारी के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के उपाध्यक्ष जोगिंदर वालिया, महासचिव भीम सिंह व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या बंदना सरोच, सरस्वती विद्या मंदिर से मानवी व जागृति, डीएवी नेरचौक कुसुम सहित कई मौजूद रहे।

# उहलधार गांव में बढ़ता जा रहा पेयजल संकट

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** जलशक्ति विभाग के मंडल बैजनाथ के अंतर्गत बीड़ अनुभाग के उहलधार गांव में पेयजल संकट विकराल होता जा रहा है। विभाग द्वारा स्थापित उठाऊ पेयजल योजना का पंप हाउस 28 फरवरी को भारी बारिश के चलते आई बाढ़ में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। साथ ही जल भंडारण टैंक भी पूरी तरह नष्ट हो गया है, जिससे गांव में पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है। गांव के निवासी हीरालाल, निगरू राम व हल्कू राम ने बताया कि पिछले सात माह से पंप हाउस की मरम्मत नहीं हुई है। विभाग की उदासीनता के कारण ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने विधायक किशोरी लाल से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। जलशक्ति विभाग बैजनाथ के सहायक अभियंता सरती शर्मा ने बताया कि डीपीआर बनाकर डीसी कांगड़ा को भेज दी गई है। बजट स्वीकृत होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। तब तक उहलधार के लोग पानी की कमी से जूझते रहेंगे।

# श्रीराज माधव राय पूजन से हुआ टारना मेले का शुभारंभ, मंदिर तक निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में शरद नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर निगम टारना मेला आयोजित किया गया। मेला का शुभारंभ प्रात: 10 बजे श्रीराज माधव राय पूजन के साथ हुआ, जिसके बाद सिद्धकाली मंदिर, इंदिरा मार्किट में स्थित भैरवनाथ की पूजा की गई। इसके बाद भूतनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की गई और वहीं से टारना पौड़ियों से टारना माता मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। उसके उपरांत टारना माता पूजन व कन्या पूजन व भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला में स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टाल लगाए गए।



मेले के शुभारंभ अवसर पर पूजा-अर्चना करने के उपरांत महापौर व पार्षदगण।

- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण
- सांस्कृतिक व सामाजिक मूल्यों को समर्पित रहा एमसी का आयोजन

इसके अतिरिक्त टारना माता परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। महापौर ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों और स्वयं सहायता समूहों का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारे सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय मूल्यों को मजबूती प्रदान करते हैं। इस अवसर पर उपमहापौर माधूर कपूर, राजेंद्र मोहन, वीरेंद्र सिंह आर्य, सुदेश कुमारी, हरदीप सिंह, निर्मल वर्मा, दीपाली जसवाल, कृष्णभानू, नितिन भाटिया, संजय शर्मा, नगर निगम के आयुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार, सहायक अभियंता नरेश, अनुभाग अधिकारी राकेश गुलेरिया, गैर सरकारी संगठनों के सदस्य एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कब्जे हटाने की प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, आदेश लागू करे सरकार: भूपेंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा सरकाघाट और धर्मपुर खंड ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा किसानों के कब्जे वाली जमीन से बेदखली पर लगाई गई रोक को तुरंत लागू करने की मांग की है। सभा ने बताया कि हाईकोर्ट द्वारा कब्जे नियमित करने संबंधी एक्ट की धारा 163ए को निरस्त करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने 19 और 26 सितंबर को स्थगन दिया था, फिर भी विभागीय अधिकारी नोटिस जारी कर रहे हैं जो सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना है।

किसान सभा के भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस बारे में मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सभी विभागों को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश देने की मांग की गई है, अन्यथा अवमानना याचिका दायर की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मामला लाखों गरीब परिवारों से जुड़ा है जिनमें अधिकांश दलित हैं, इसलिए सरकार को सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी हस्तक्षेप करना चाहिए। सभा ने स्पष्ट किया कि वे सिर्फ छोटे किसानों के वैध कब्जे नियमित करने की मांग कर रहे हैं, न कि बड़े भूमालिकों के। उन्होंने चेताया कि इस मुद्दे को निचला-उपरला हिमाचल बनाकर भ्रम फैलाया जा रहा है। किसान सभा 13 अक्तूबर को शिमला में राज्य सम्मेलन करेगी, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

# कल ग्राम पंचायतों में नशे के खिलाफ दिलाई जाएगी शपथ: डॉ. विना राठौर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर खंड को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से गठित नशा मुक्ति अभियान समिति 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी जयंती पर आयोजित ग्राम सभाओं में सामूहिक शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसकी रूपरेखा अंबेडकर भवन सजाओ पीपलू में आयोजित क्षेत्रीय कमेटी की बैठक में तैयार की गई जिसकी अध्यक्षता डॉ. विना राठौर ने की।



धर्मपुर खंड में नशा मुक्ति को लेकर क्षेत्रीय समिति की बैठक में योजना बनाते सदस्य।

उन्होंने बताया कि शिमला में हुई राज्य स्तरीय स्रोत व्यक्ति कार्यशाला में धर्मपुर के प्रयासों की सराहना हुई है और आगामी छह माह के लिए सघन अभियान की योजना बनाई गई है। 2 अक्तूबर के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है जो विभिन्न पंचायतों में जाकर अभियान का संचालन करेंगी। समिति के कार्यकर्ता पहले ही पंचायतों में पहुंचकर शपथग्रहण और जन जागरूकता कार्यक्रमों की तैयारी में जुट गए हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 15 अक्तूबर को ग्रामीण महिला दिवस पर धर्मपुर में महिला सम्मेलन आयोजित होगा।

- धर्मपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए गांव-गांव चलाया जाएगा अभियान

इसके साथ ही 2 अक्तूबर से गांव और पंचायत स्तरीय नशा मुक्ति समितियों के गठन का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाएगा। 3 अक्टूबर को धर्मपुर क्षेत्रीय कमेटी की बैठक होगी जबकि अन्य क्षेत्रीय बैठकें भी अक्तूबर माह में आयोजित की जाएंगी।

# आईडीडीआरआर समर्थ के तहत छात्र मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन



आईडीडीआरआर समर्थ के तहत छात्र मॉडल प्रदर्शनी के दौरान बच्चे व अध्यापकगण।

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर 'समर्थ 2025' अभियान के अंतर्गत उपमंडल स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन एसडीएम सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आपदा प्रबंधन, सुरक्षित निर्माण तकनीकों और सामुदायिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। उपमंडलाधिकारी स्वाति डोगरा ने विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा बनाए गए रचनात्मक मॉडल्स का निरीक्षण कर उनकी कल्पनाशीलता और जागरूकता की प्रशंसा की।

- एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने नवाचारों का किया निरीक्षण

प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पौंटा का 'डिजास्टर रेजिस्टैंट कंस्ट्रक्शन मॉडल' और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हवाणी का 'जियो रिजिलिएंस कंस्ट्रक्शन मॉडल इन हिल्स' सर्वश्रेष्ठ चुना गया, जिन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। समर्थ 2025 अभियान का उद्देश्य आपदाओं की बजाय सुदृढ़ता को बढ़ावा देना है और यह 1 से 31 अक्टूबर तक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के समन्वय में चलाया जा रहा है।

**कार्यक्रम** कोटली में पांच दिवसीय रामलीला उत्सव की दूसरी संध्या

# कोटली में राम को मिला वनवास

**प्रशांत मोहन, अनंत ज्ञान**

**कोटली।** स्थानीय किसान भवन में आयोजित किया जा रहे पांच दिवसीय रामलीला उत्सव की दूसरी संध्या के अवसर पर प्रस्तुत किए गए रामलीला के दृश्यों में सर्वप्रथम राम बनवास का मनोरम दृश्य दिखाया गया।

उधर, राम के वियोग में अयोध्या के महाराज दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं। ननिहाल से लौटे भरत पिता की मृत्यु एवं राम के वन गमन पर माता कैकई को बहुत बुरा भला सुनाते हैं और राम से मिलने वनों की ओर निकल जाते हैं। राम भरत मिलाप के दृश्य के बीच पिता की मृत्यु के शोक में विलाप कर रहे दोनों भाइयों को देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। भरत प्रभु श्रीराम की खड़ावां अपने शीश पर उठा कर ले जाते हैं। अयोध्या वासियों के इस प्रकार चित्रकूट पर्वत पहुंच जाने के डर से राम सीता और लक्ष्मण सहित उस स्थान को छोड़कर पंचवटी पहुंचते हैं। जहां उनकी मुलाकात रावण की बहन स्वरूप नखा से होती है। स्वरूपनखा राम और लक्ष्मण में से किसी एक से विवाह करने की इच्छा पर लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं।



कैकई के किरदार में शिल्पा।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक नारायण सिंह कटोच ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आगाज किया। उन्होंने 11000 रुपए की नगद राशि सहयोग के रूप में भेंट की। उनकी धर्मपत्नी कौशल्या कटोच, बड़े भाई नेकराम कटोच, भाभी कला देवी, सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक रामलाल ठाकुर, पुलिस चौकी कोटली के प्रभारी बृजभूषण शर्मा, इंद्र सिंह, भूरी सिंह, आलोक भारती स्कूल के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह राठौड़ इत्यादि गणमान्य उपस्थित रहे। दो पूर्व कलाकारों को मुख्य अतिथि के हाथों नारद का किरदार निभा चुके हुकुम सिंह तथा जटायु का किरदार निभा चुके बृजलाल ठाकुर को सम्मानित किया गया।

### हास्य का तड़का

**रामलीला** उत्सव के दौरान दर्शक दीर्घा में अग्रणी पंक्ति में बैठे छोटे बच्चों को हास्य/कॉमिक का इंतजार रहता है। लगातार रामलीला के दृश्य देखते हुए बच्चे आयोजकों से कॉमिक दिखाए जाने की मांग पर कॉमिक प्रस्तुत किया गया तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता है। बलीभद्र, खेम सिंह जिंदू तथा सुरजन सिंह जमवाल की तिकड़ी मंच पर अपनी कॉमेडियन अदाओं से बच्चों सहित सभी दर्शकों का बखूबी मनोरंजन किया और खूब तालियां व वाहवाही बटोरी।

# महादेव रामलीला में हुआ बाली वध

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** महादेव में खेली जा रही रामलीला में सीता हरण से आहत हुए राम लक्ष्मण से कहते हैं कि जिसका डर था वही हुआ। दोनों भाई सीता की खोज में वन वन भटकते रहते हैं इस दौरान उन्हें कई परेशानियां तो जरूर झेलनी पड़ती हैं मगर राम दु:खी लोगों को जहां सुख चैन पहुंचाते हैं सहित शापितों को मुक्ति भी प्रदान करते हैं। राम-लक्ष्मण और उनकी भेंट ब्राह्मण के भेष में हनुमान से होती वे हनुमान से सुग्रीव के यहां जाने का मार्ग पूछते हैं काफी संवाद के बाद हनुमान भी अपने वास्तविक रूप में आ जाते हैं व राम के सामने नतमस्तक होकर उन्हें लक्ष्मण सहित अपने कंधों पर बिठाकर सुग्रीव के यहां ले जाते हैं जहां एक दूसरे का सुख दु:ख बांटा जाता है व सुग्रीव के भाई बाली को उसके किए की सजा देने की योजना बनाई जाती है। अंतत: बाली को राम छुपकर निशाना बनाते हैं यानि बाली मारा जाता है व उसके महल में सुग्रीव की पुन: वापसी कर किष्किंधा का राजपाट उसे संभाला जाता है। इसके साथ ही रावण की कैद से सीता को मुक्त कराने को लेकर मंत्रणा का एक बड़ा दौर शुरू हो जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सैनिक के घर की समस्या का मौका देखा

**अनंत ज्ञान, जोल।** ऊना जिले में तहसील बंगाणा के गांव हारसा जंदोड़ा (जोल) में राज महें (राज्य महासचिव) राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान ने रमेश चंद पुत्र मिलखी के घर में बह रहे पानी की समस्या का मौका देखा। रमेश चंद जो कि पंजाब रेजिमेंट व डिफेंस सिक्योरिटी कोर में से सेवानिवृत्त हैं। राज ने बताया कि रमेश चंद के रिहायशी मकान के पीछे उनके पड़ोसियों ने पीने वाले पानी के नल की पाइप को तोड़ रखा है, जिसमें मामूली से जोड़ लगा रखे हैं, जो कि हर आए दिन पानी का रिसाव करते रहते हैं। रमेश चंद के पड़ोसियों ने अपनी जमीन का बरसात का पानी भी उसके मकान की दीवार के साथ छोड़ रखा है, जिस कारण रमेश चंद के मकान की दीवार पूरी तरह से खराब हो चुकी है और पानी रमेश चंद के मकान के अंदर से नालियों की तरह से बह रहा है। इस बारे कई बार पंचायत प्रधान को बताया व तहसील प्रशासन को भी बताया पर रमेश चंद के पड़ोसी न ही दीवार की रिपेयर करने देते हैं और न ही पानी का कोई समाधान करते है। रमेश चंद ने जिला प्रशासन से जल्द उचित कार्रवाई अमल में लाने बारे गुहार लगाई है।

### भंजाल स्कूल में बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भंजाल में स्वास्थ्य विभाग गगरेट की टीम ने बच्चों की स्वास्थ्य जांच के अंतर्गत एचवी जांच की। पंजीकरण के बाद पाठशाला के सभी बच्चों का एचवी का टेस्ट किया गया। स्कूल कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि पाठशाला की अध्यापिका संतोष ठाकुर, नरेश कंवर व टीम ने इस शिविर संचालन की व्यवस्था की। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ज्योतिका शर्मा, विवेक चंद, वीना मनकोटिया उपस्थित थे।

### 82 मेधावी विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के समाजसेवी व जीआरसी कंपनी दिल्ली के मैनेजिंग डायरेक्टर रछपाल सिंह राणा की ओर से दो अक्तूबर को अरलु में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित करवाया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के अलग-अलग स्कूलों के लगभग 82 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। रछपाल सिंह राणा व उनकी धर्मपत्नी बिमल राणा की ओर से उनके स्वर्गीय पिता बाबू राम की याद में पिछले तीन वर्षों से वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन करवाया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। वहीं, इस मौके पर समारोह में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा स्थानीय लोगों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस बार भी दो अक्तूबर दिन वीरवार को अरलु में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित करवाया जा रहा है। इसमें जिला ऊना के डीसी जतिन लाल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### अंब कॉलेज में छात्रों को मिली मुफ्त जांच सुविधा

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** स्थानीय गवर्नमेंट कॉलेज में छात्रों के स्वास्थ्य व कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्रों के लिए टीबी (तपेदिक), एनीमिया (खून की कमी), एचबी (हीमोग्लोबिन) जांच और कैंसर स्क्रीनिंग जैसी मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। कॉलेज प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नशे से दूर रखना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। एसएमओ डॉ. राहुल कटना ने बताया कि इस कैंप में एनीमिया, टीबी और एचबी की मुफ्त जांच की जाएगी, ताकि यदि किसी छात्र में स्वास्थ्य समस्या पाई जाती है, तो उसे समय रहते उचित इलाज मिल सके। वहीं, सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा ने कहा, हमारी कोशिश है कि अधिक से अधिक छात्रों की स्क्रीनिंग की जाए और उन्हें समय रहते इलाज व जागरूकता प्रदान की जाए। हम चाहते हैं कि छात्र नशीली दवाओं और नशे की लत से दूर रहें और स्वास्थ्य के प्रति सजग बनें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने भाग लिया और इसे युवाओं में स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के समाधान की दिशा में एक सराहनीय पहल माना गया।

### राजन शर्मा ने शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन से की भेंट

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल पदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने धर्मशाला में स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन राजेश शर्मा से भेंट की, उन्होंने स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्म को लेक्चरर संघ की लंबित पड़ी मांगों के बारे में बताया और उनसे मांगों को पूरा करने का आग्रह किया। मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया कि लेक्चर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का एक प्रतिनिधिमंडल हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी के नेतृत्व में हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा से भेंट करेगा। इस अवसर पर मुकेश सलारिया भी उपस्थित थे।

## जीएसटी इंस्पेक्टर 50,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश सतर्कता व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ऊना की टीम ने एक जीएसटी इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। जानकारी के अनुसार अंशुल धीमान जीएसटी निरीक्षक निवासी गांव व डाकघर दध, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा को विजिलेंस टीम ने हिरासत में लिया है। वह जीएसटी कार्यालय ऊना में 50,000 रुपए की रिश्वत लेते समय पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि आरोपी निरीक्षक ने शिकायतकर्ता से कुल 1,25,000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी, जिसमें से 50,000 की राशि आज ट्रैप के दौरान स्वीकार करते हुए पकड़ा गया। सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम की ओर से मौके पर ही कार्रवाई को अंजाम दिया गया और आरोपी को हिरासत में लेकर आगामी कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामले की गहन जांच जारी है। फिलहाल मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई की जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी की दरों में बदलाव के कारण कई वस्तुओं के दाम अब कम हो गए हैं। इस बीच दुकानदार प्रिंट रेट पर ही सामान बेच रहे हैं, इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस कारण जीएसटी निरीक्षक व अन्य टीमें लगातार दबिश भी दे रही हैं।

# पंचायत चुनाव : रोस्टर से पहले ही सियासी बिसात बिछी, गांवों में अफवाहों का दौर तेज

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** पंचायतीराज चुनावों की आहट ने उपमंडल बंगाणा के गांवों में राजनीतिक तापमान को अप्रत्याशित रूप से गर्म कर दिया है।

रोस्टर की औपचारिक घोषणा से पहले ही संभावित आरक्षणों को लेकर चर्चाओं का ऐसा दौर चल पड़ा है, जिसने गांवों की फिजाओं में राजनीतिक सरगर्मी घोल दी है। चौपालों, चाय की दुकानों और खेत-खलिहानों से लेकर सोशल मीडिया तक हर ओर एक ही चर्चा है सीट ओपन होगी या रिजर्व? और इस बार किसका नाम चलेगा? हालांकि, अधिकारिक रोस्टर अभी तक जारी नहीं हुआ है, लेकिन अफवाहों की रफ्तार किसी तूफान से कम नहीं। कोई कह रहा है कि रोस्टर जारी हो चुका है, तो कोई उसे अभी 'अंदरूनी सूचना' बता रहा है। वहीं, कुछ लोग इस भ्रम का फायदा उठाकर सोशल मीडिया के जरिए जनता को गुमराह भी कर रहे हैं, जो न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अनुचित है, बल्कि सामाजिक सौहार्द के लिए भी घातक साबित हो सकता है। प्रधान पद को लेकर विशेष चर्चाएं हैं। यदि यह पद ओपन रहता है, तो कई प्रभावशाली स्थानीय चेहरे मैदान में उतर सकते हैं। वहीं, महिला ओपन या आरक्षित सीट होने की स्थिति में राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल जाएंगे। हर संभावित उम्मीदवार अपने स्तर पर रणनीति बना रहा है, स्थानीय जनसमर्थन हासिल करने की कोशिशों में लग गया है।

**महिला ओपन या आरक्षित सीट होने की स्थिति में राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल जाएंगे**

### जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में युवाओं की दस्तक, चर्चाएं चरम पर

वार्ड पांच मुछाल्ली से जिला परिषद सदस्य की सीट को लेकर चर्चाएं चरम पर हैं। यदि यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होती है, तो कई नई और उभरती हुई दावेदारियां सामने आ सकती हैं। वहीं, अगर पुरुष ओपन होती है, तो युवाओं को एक नया मंच मिलेगा। इस बार का पंचायत चुनाव महज अनुभव आधारित नहीं, बल्कि युवाओं की भागीदारी व विजन पर भी आधारित होता दिख रहा है। युवाओं में अभूतपूर्व जोश है, जो इसे केवल चुनाव नहीं, बल्कि अपना भविष्य गढ़ने का अवसर मान रहे हैं। हालांकि, चुनावी रोस्टर अभी तक सार्वजनिक नहीं हुआ है, लेकिन राजनीतिक बिसात पहले ही बिछनी शुरू हो चुकी है। कौन किस गुट में जाएगा, किसे सामाजिक व जातिगत समीकरणों का समर्थन मिलेगा। इन सवालों के जवाब रोस्टर आने के साथ ही सामने आने लगेंगे। कुछ लोग सोशल मीडिया या व्यक्तिगत स्तर पर भ्रामक जानकारी फैलाकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं, ऐसे में नागरिकों से अनुरोध है कि केवल अधिकारिक माध्यमों से ही जानकारी प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें।

### लोकतंत्र की नई परिभाषा

2025 का पंचायत चुनाव महज एक प्रशासनिक कवायद नहीं, बल्कि जनभागीदारी, युवा नेतृत्व और स्थानीय विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह चुनाव गांव-गांव में लोकतांत्रिक चेतना का उत्सव बनकर सामने आ रहा है, जिसमें हर मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। रोस्टर की घोषणा किसी भूचाल से कम नहीं होगी। यह तय करेगा कि किसे चुनावी मैदान में उतरने का अवसर मिलेगा और किसे अबकी बार अपनी दावेदारी रोकनी पड़ेगी। सभी की निगाहें अब उस दिन पर टिकी हैं, जब आधिकारिक रूप से आरक्षण सूची जारी होगी, तब तक के लिए गांवों में कयासों का दौर, बैठकों की बहस और सोशल मीडिया की हलचल जारी है। पंचायती राज चुनाव 2025 में जनता की जागरूकता, युवाओं की भागीदारी और पारदर्शी प्रक्रिया से एक नए युग की शुरुआत हो सकती है यदि अफवाहों से सावधान रहकर, तथ्य और नियमों के आधार पर निर्णय लिए जाएं।

## चिंतपूर्णी के दरबार में उमड़ा भक्तों का हुजूम

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मंगलवार को माता चिंतपूर्णी के दरबार में दुर्गा अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारियों ने विशेष पूजा-अर्चना की और माता रानी को छप्पन प्रकार के भोग लगाए गए। इसके अलावा हवन कुंड में आहुतियां डालकर सुख-समृद्धि की कामना की गई और मंदिर के गर्भगृह में नारियल की बलि दी गई। दुर्गा अष्टमी नवरात्र के दौरान एक महत्वपूर्ण दिन है, जब भक्त देवी दुर्गा की आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा करते हैं। इस दिन को विशेष रूप से कन्या पूजन और हवन के लिए जाना जाता है, जो भक्तों को देवी की विशेष कृपा प्राप्त करने में मदद करता है। अष्टमी के दिन भक्त प्रात:काल स्नान कर घर और मंदिर की स्वच्छता करते हैं, इसके बाद गंगाजल से माता का अभिषेक कर लाल चंदन, अक्षत, चुनरी और पुष्प अर्पित करते हैं। दुर्गा अष्टमी पर चिंतपूर्णी मंदिर में विशेष पूजा और अनुष्ठान किए गए, जिसमें पुजारियों ने हवन में आहुतियां अर्पित की और नारियल की बलि दी।

## ऑनलाइन क्विज में भाग लेने के लिए किया प्रेरित




महाविद्यालय श्री चिंतपूर्णी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान आयोजित।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र ऊना व एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय श्री चिंतपूर्णी, भरवाईं परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्रांगण में गोष्ठी व स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 60 छात्र-छात्राओं सहित प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र व मेरा युवा भारत ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने की, जबकि कॉलेज की प्राचार्या रितु जसवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर एनएसएस इकाई के प्रभारी डॉ. विनोद भी विशेष रूप से मौजूद रहे। जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग क्विज के बारे में विस्तार से जानकारी दी और 50 से अधिक छात्रों को ऑनलाइन क्विज में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रव्यापी क्विज 15 अक्तूबर तक मेरा भारत पोर्टल पर आयोजित की जा रही है। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10,000 युवाओं को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में इस क्विज में भाग लेकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

## दीपक सोनी ने 'हुनर का मंच' में हासिल किया द्वितीय स्थान



समारोह के दौरान दोनों उभरते गायकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित टीवी रियलिटी शो 'हुनर का मंच' के फाइनल राउंड में हिमाचल प्रदेश के नौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से दो युवा प्रतिभाएं दीपक सोनी (ग्राम पंचायत पंजोआ लड़ोली) और उज्ज्वल शर्मा (ग्राम बेहड़ जस्वां) ने अपनी गायकी का लोहा मनवाया।

इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच दीपक सोनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि चिंतपूर्णी क्षेत्र का भी नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर गांव पंजोआ लड़ोली में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा नेता इंजीनियर राम पॉल, ग्राम पंचायत प्रधान बलविंदर, सर्वहितकारी सभा के सचिव कुशल संदल, सर्वहितकारी युवा शक्ति क्लब पंजोआ लड़ोली के प्रधान अतुल धीमान सहित कई गणमान्य व्यक्तियों व ग्रामीणों ने भाग लिया। समारोह के दौरान दोनों उभरते गायकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र की यह युवा प्रतिभा अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## रैबीज बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** विश्व रैबीज जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में रैबीज जागरूकता पर एकदिवसीय कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मंच का संचालन तनु ठाकुर ने किया। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी बंगाणा डॉ. राजेश कुमार मुख्यातिथि व रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को रैबीज बीमारी के कारणों, लक्षणों व बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रैबीज एक जानलेवा विषाणुजनित रोग है, जो प्राय: पागल कुत्तों और बिल्लियों के काटने से फैलता है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जंगा ने बताया कि रैबीज बीमारी से विश्वभर में हर वर्ष लगभग 55,000 लोगों की मृत्यु होती है, जिनमें से लगभग 20,000 मौतें भारत में होती हैं। यह बीमारी लाइलाज है, लेकिन समय पर सतर्कता और टीकाकरण से बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को संक्रमित जानवर काट ले तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच व टीकाकरण अवश्य करवाना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सिकंदर नेगी ने मुख्यातिथि डॉ. राजेश कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. श्रेया ठाकुर व प्रो. कमलेश कुमार सहित कॉलेज के विद्यार्थी एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## जगत राम ने मोदी सरकार पर लगाया डबल टैक्स व वादाखिलाफी का आरोप

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कामरेड जगत राम, सचिव राष्ट्रीय इंटक व महासचिव प्रदेश इंटक ने मीडिया से कहा कि मोदी सरकार ने पहले जीएसटी पर 9 स्लैब लागू करके जनता पर डबल टैक्स लगाया। इसी टैक्स के जरिए पिछले 8 वर्षों में देश के लोगों से 55 लाख करोड़ से अधिक की रकम वसूली गई, अब जब उन्होंने इस टैक्स को थोड़ा कम किया है, तो वाहवाही लूट रहे हैं और उत्सव मना रहे हैं, जो एक शर्मनाक कार्रवाई है।

जगत राम ने कहा कि मोदी ने झूठे वादे करके जनता को गुमराह किया। उन्होंने कहा था कि 15 लाख रुपए हर नागरिक को दिए जाएंगे, एक साल में करोड़ों सरकारी नौकरियां दी जाएंगी, लेकिन इन बातों की कोई सच्चाई नहीं है। इसके उलट, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है और सरकारी संस्थानों में लाखों पद खाली पड़े हैं, जिन्हें भरने की कोई कोशिश नहीं की जा रही। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में रेलवे, बैंक, विमा और कई अन्य सार्वजनिक संस्थानों को बेच दिया जा रहा है, जिससे ट्रेड यूनियनों को कमजोर किया जा रहा है।

कांग्रेस के दौर में श्रमिकों के लिए बनाए गए 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड बना दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने मंत्रियों के द्वारा समुदायों में नफरत का माहौल पैदा किया है। विदेश नीति पूरी तरह से असफल रही है, चीन हर दिन धमकियां दे रहा है। इन परिस्थितियों में, जगत राम ने कहा कि मोदी सरकार के जाने के बाद ही देश की सही प्रगति संभव होगी।

## छात्रों ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में नेहरू युवा केंद्र ऊना और एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग विषय पर ऑनलाइन क्विज तथा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मंच संचालन तनु ठाकुर ने किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र, जिला ऊना के यूथ को-ऑर्डिनेटर प्रदीप चौधरी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रीय चेतना व नई पीढ़ी के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका पर प्रेरक विचार साझा किए। साथ ही स्वच्छता पखवाड़े के तहत युवाओं को स्वच्छता बनाए रखने व समाज को प्रेरित करने का संदेश भी दिया। एनएसएस इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।




अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग पर ऑनलाइन क्विज और स्वच्छता पखवाड़े का किया आयोजन।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां युवाओं को राष्ट्र निर्माण व स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से अपने ज्ञान और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। वहीं, स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत छात्रों ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी कर स्वच्छ व स्वस्थ समाज का संदेश दिया। इस अवसर पर रोवर हेड प्रोफेसर कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## विशेष बैठकें 1, 3 व 4 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश में निकट भविष्य में होने वाले शहरी निकायों के चुनावों को ध्यान में रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की पूर्वावलोकन प्रति(प्रीव्यू कॉपी) तैयार कर दी गई है। यह प्रति नगर निगम ऊना कार्यालय में सभी हितधारकों व नागरिकों के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने नगर निगम वासियों से अपील की है वे 1, 3 और 4 अक्तूबर को आयोजित बैठकों में भाग लेकर अपने-अपने वार्ड अथवा मतदान केंद्र से संबंधित मतदाता सूची का ध्यानपूर्वक निरीक्षण करें। यदि किसी वार्ड में किसी पात्र मतदाता का नाम छूट गया हो अथवा गलत प्रविष्टि दर्ज हो गई हो, तो नागरिक बैठक के दौरान अपने सुझाव दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी सुझाव बैठक की कार्रवाई में शामिल किए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि बैठक के उपरांत कार्रवाई रजिस्टर पर हस्ताक्षर अवश्य करें।

## कुटलैहड़ में जीएसटी कम होने पर धन्यवाद सम्मेलन आज

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आगामी 1 अक्तूबर को भाजपा द्वारा एक भव्य धन्यवाद सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू किए गए नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स के प्रति आभार प्रकट करने के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन का आयोजन बुधवार को दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय, होटल कर्णराज, बंगाणा में किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं व भाजपा समर्थकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता व कुटलैहड़ के पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए इन सुधारों से देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा व मजबूती मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं व समर्थकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में सम्मेलन में शामिल होकर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें और आभार व्यक्त करें। दविंदर ने कहा कि अनुराग ठाकुर का कुटलैहड़ आगमन क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनके मार्गदर्शन व नेतृत्व से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन भाजपा की मजबूती और संगठनात्मक एकजुटता का प्रतीक बनेगा। भाजपा पदाधिकारियों ने भी लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के इस महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाया जा सके।

**आयोजन** विधायक विवेक शर्मा ने किया थानाकलां अस्पताल में बहु-विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

# थानाकलां व बंगाणा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा जल्द होगी शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां में बहु-विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया।

यह शिविर स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना और समाज में स्वस्थ परिवार की नींव रखना है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव और हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। कुटलैहड़ क्षेत्र में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कुटलैहड़ के सिविल अस्पताल बंगाणा और थानाकलां को और सुदृढ़ किया जाएगा। यहां पूर्णकालिक स्टाफ, हर प्रकार के रक्त व पैथोलॉजी टेस्ट, जन औषधि केंद्र से सस्ती दवाइयों की उपलब्धता व आधुनिक उपकरणों के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएंगी। विधायक ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार व मजबूत समाज की आधारशिला होती है। इस अभियान के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और वृद्धाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने पर फोकस किया जा रहा है।




बहु-विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ पर विधायक को शॉल देकर सम्मानित करते हुए।

उन्होंने कहा कि समय पर जांच व उपचार से न केवल महिलाओं का स्वास्थ्य सुधरेगा, बल्कि परिवार व समाज भी सशक्त होगा। शिविर में महिलाओं के लिए गायनेकोलॉजी, नेत्र रोग, अस्थि रोग, दंत चिकित्सा, हृदय रोग, शुगर व ब्लड प्रेशर जांच, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और लैब टेस्ट जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 500 से अधिक मरीजों की जांच की। शिविर में आए लोगों ने विधायक और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की। विवेक शर्मा ने यह भी घोषणा की कि जल्द ही थानाकलां और बंगाणा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी शुरू की जाएगी। इससे स्थानीय लोगों को जिला मुख्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और उन्हें अपने क्षेत्र में ही बेहतर सुविधा मिल सकेगी। कुटलैहड़ जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के बहु-विशेषज्ञ शिविर आयोजित होना बड़ी राहत की बात है।

पहले लोगों को छोटी-छोटी जांच व उपचार के लिए ऊना या धर्मशाला तक जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा उनके दरवाजे तक पहुंच रही है। विधायक ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कुटलैहड़ का कोई भी नागरिक स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे। अस्पतालों में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य केंद्रों को और आधुनिक बनाया जाएगा और यहां अत्याधुनिक मशीनें स्थापित की जाएंगी। शिविर में पहुंचे मरीजों ने बताया कि इस पहल से उन्हें बहुत लाभ हुआ है। सस्ती दवाइयों की उपलब्धता, मुफ्त टेस्ट और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम से परामर्श पाकर उन्हें बड़ी राहत मिली है। खासकर महिलाओं ने कहा कि इस प्रकार के शिविर नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए, ताकि समय पर उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयोजित यह बहु-विशेषज्ञ शिविर कुटलैहड़ क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का प्रतीक है। विधायक विवेक शर्मा की यह पहल न केवल लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता को भी बढ़ावा देगी। इस तरह की पहलें यह साबित करती हैं कि अगर जनप्रतिनिधि क्षेत्र की जरूरतों को सही ढंग से समझें और सरकार से तालमेल बिठाकर योजनाओं को धरातल पर उतारें, तो ग्रामीण जनता को भी शहरों जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य स्टाफ एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## श्रीराम जी ने बाली को दिया उपदेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल के हटली स्थित श्री राम नाटक क्लब में नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत सप्तम दिवस पर भगवान श्रीराम की लीला मंचित की गई।

इस अवसर पर बाली वध का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय व संवाद अदायगी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन के दौरान प्रभु श्रीराम ने बाली को धर्म, नीति व न्याय का उपदेश दिया, जिसे सुनकर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा तथा कुटलैहड़ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यतिथि विवेक शर्मा का क्लब प्रबंधन कमेटी द्वारा पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीराम नाटक क्लब हटली बीते कई दशकों से धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का कार्य कर रहा है। नवरात्र महोत्सव के अवसर पर यहां प्रस्तुत होने वाली रामायण की लीलाएं नई पीढ़ी को हमारी परंपरा व आदर्शों से जोड़ती हैं। उन्होंने कलाकारों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह से श्रीराम, लक्ष्मण, बाली व सुग्रीव का प्रसंग जीवंत किया गया, वह न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज को भाईचारे व आदर्शों का संदेश भी देता है। विवेक शर्मा ने मंच से यह भी कहा कि धार्मिक आयोजन किसी भी समाज की मजबूती की नींव होते हैं, जब समाज अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ता है, तो एक सकारात्मक सोच का संचार होता है।



बंगाणा उपमंडल के हटली स्थित श्री राम नाटक क्लब में मुख्यातिथि व अन्य।

उन्होंने श्रीरामचरितमानस का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान राम ने सदैव धर्म, न्याय व कर्तव्यपालन को सर्वोपरि रखा। बाली वध का प्रसंग भी इसी नीति को दर्शाता है कि अन्याय व अधर्म के विरुद्ध खड़ा होना ही सच्चा धर्म है। इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा ने क्लब प्रबंधन को 11,000 रुपए की नकद राशि भेंट करते हुए कहा कि यह योगदान केवल आर्थिक सहयोग नहीं है, बल्कि उनकी ओर से इस सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का संकल्प भी है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, कुटलैहड़ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक ने भी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हटली क्लब ने वर्षों से जो परंपरा कायम रखी है, वह पूरे क्षेत्र की शान है।

# दशहरा उत्सव में एआई से होगी निगरानी : त्रिवेदी

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू। एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) हिमाचल प्रदेश अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में इस बार सुरक्षा व्यवस्था और भी हाईटेक होगी। उन्होंने बताया कि पहली बार उत्सव में कुल्लू पुलिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का सहारा लेकर निगरानी की जाएगी। यह बात उन्होंने मंगलवार को कुल्लू में प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी इस बार 1200 जवानों के हवाले होगी। इसके अलावा सभी देव स्थलों सहित पूरा कुल्लू शहर नो फ्लाई जोन होगा, बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने वालों पर कार्रवाई होगी।

वहीं, उन्होंने कहा कि इस बार पहली बार उत्सव में लोगों की सुरक्षा अन्य गतिविधियों पर नजर रखने के आधुनिक तकनीक एआई की भी मदद ली जाएगी। उत्सव स्थलों में कुल 136 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी नजर रखी जाएगी। दशहरा के दौरान किसी तरह की मुश्किल न आए, इसके लिए शहर को 14 सेक्टरों में बांटा गया है। हर सेक्टर में सेक्टर ऑफिसर के साथ जवानों की ड्यूटियां लगाई जाएंगी।



एडीजीपी हिमाचल प्रदेश अभिषेक त्रिवेदी कुल्लू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

## सुरक्षा के लिहाजे से 14 सेक्टर में बांटा उत्सव स्थल, 136 सीसीटीवी कैमरे रखेंगे नजर

उन्होंने कहा कि दशहरा में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आते हैं। किसी तरह का चूक न हो इसके लिए बाकायदा ड्रोन से भी नजर रखी जाएगी। पुलिस कुल्लू जिले की सीमा में प्रवेश करने वालों पर कड़ी नजर रखेगी। बजौरा, रामशिला आदि स्थानों पर ट्रैफिक नाके भी लगाए जाएंगे। वहीं, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद रहेगी।

उन्होंने बताया कि इस बार 1200 जवानों के हाथ में सुरक्षा का जिम्मा रहेगा। उन्होंने बताया की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी रोड मैप जारी कर दिया गया है और शहर में 21 जगहों पर पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ड्रोन, बम डिस्पोजल दस्ता, डॉग स्कवैड, सहित अन्य कई अलग-अलग दस्ते बनाए गए हैं जो हर गतिविधि पर पूरी नजर रखेंगे। लिहाजा, जिला पुलिस दशहरा को लेकर अलर्ट है।

## दशहरा को रवाना हुए शंचूल महादेव

अनंत ज्ञान, बंजार। बंजार घाटी के कोठी फतेहपुर टील बछूट के देवता शंचूल महादेव अपने देवालय बछूट से अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा के लिए अपने सैकड़ों देउलुओं और ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ रवाना हो गए हैं। तीन दिनों में लगभग सौ किलोमीटर पैदल चलने के वाद शंचूल महादेव अपने अस्थायी शिविर ढालपुर कुल्लू पहुंचेंगे। पहले दिन का ठहराव बंजार, दूसरे दिन रात को बालीचौकी, तीसरे दिन टिकरा बावड़ी में शंचूल महादेव अपने हारियानों के साथ विश्राम करेंगे। चौथे दिन सुबह ढालपुर अपने अस्थायी शिविर में पंहुचने के बाद शंचूल महादेव रघुनाथ के मंदिर सुल्तानपुर जाएंगे। उसके बाद वापस अपने अस्थायी शिविर में लौटने के बाद सात दिनों तक पूरे कुल्लू दशहरा के समापन तक अपने अस्थायी शिविर में लोगों को अपने दर्शन देकर उन्हें आशीर्वाद देंगे। कारदार गोपी चौहान ने बताया कि शंचूल महादेव कुल्लू दशहरा में आकर अपने अस्थायी शिविर में उनके दर्शन करने वाले दिन दुखी लोगों के दुख को दूर करते जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से शंचूल महादेव के दरबार में आकर उनके दर्शन करते हैं।

## डीसी ने तैयारियों का जायजा लिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। डीसी कुल्लू ने कुल्लू दशहरे की तैयारियों का जायजा लेते हुए रथ मैदान तथा लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने रथ मैदान में रथयात्रा के शुभारंभ के लिए आवश्यक कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कलाकेंद्र की आवश्यक मरम्मत पूरी करके इसे प्रस्तुतियों के लिए तैयार करने के भी निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि इस बार दशहरा उत्सव समिति भाषा संस्कृति विभाग के सौजन्य से कुल्लू दशहरा नाट्योत्सव 5 व 6 अक्तूबर, अटल सदन, शाम 4 बजे प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। इसमें 5 अक्तूबर को (लघु नाटक) दृष्टि ग्रुप, गांधीनगर द्वारा चिड़ियों का अनशन, रेनबो ग्रुप का अंग्रेजो भारत मत छोड़ो, भुलंग रंगसभा समूह द्वारा चांद कुल्लवी, शमशी नाट्य श्रेष्ठ संस्था, भुंतर द्वारा बूढ़ी काकी, का मंचन होगा तथा 6 अक्तूबर को ऐक्टिव मोनाल ग्रुप, कुल्लू द्वारा (हास्य नाटक) बिच्छू का मंचन होगा। शास्त्रीय संगीत एवं कवि सम्मेलन देव सदन 3 अक्तूबर प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के कई वरिष्ठ व नवोदित कवि एवं कलाकार प्रस्तुति देंगे।

# डीसी ऑफिस कुल्लू में बम ब्लास्ट की धमकी देने वाला आरोपी काबू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

दो मई, 2025 को जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित डीसी कार्यालय को ई मेल के माध्यम से बम ब्लास्ट की धमकी देने के आरोपी को धर दबोचने में जिला पुलिस को सफलता मिली है। मंगलवार को एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने प्रेस वार्ता में कहा कि इस मामले में कुल्लू पुलिस ने दिल्ली के युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम के द्वारा उसे अदालत में पेश किया गया, जहां पर उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी पर अन्य राज्यों में भी इस तरह की धमकी देने का आरोप है।

कुल्लू पुलिस की टीम के द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पता लगाया जा रहा है कि उसके साथ और कौन-कौन लोग इसमें शामिल है। कुल्लू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला कुल्लू के डीसी कार्यालय को 02.05.2025 को ईमेल के माध्यम से बम ब्लास्ट की धमकी मिली थी। जांच के दौरान पुलिस टीम के द्वारा मैंगलोर और बैंगलोर से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। इस अपराध में इस्तेमाल किया गया फोन कर्नाटक के मेडिकेरी से चुराया हुआ पाया गया। इसके अलावा, एक संदिग्ध नितिन शर्मा उर्फ खालिद निवासी बलजीत नगर, नई दिल्ली की पहचान हुई, जिसका तमिलनाडु, पुडुचेरी और हैदराबाद में इसी तरह की धमकियां भेजने का आपराधिक रिकॉर्ड था। आरोपी नितिन शर्मा उर्फ खालिद को मैसूर पुलिस ने अगस्त 2025 में गिरफ्तार किया था और अब उसे जांच के लिए कुल्लू लाया गया है, जहां पुलिस टीम ने आरोपी की पांच दिन की पुलिस रिमांड प्राप्त कर ली है। वहीं, इस मामले में आरोपी के अंतरराज्यीय संबंधों की बारीकी से जांच की जा रही है।



## पांच दिन की पुलिस कस्टडी

कुल्लू के पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन के नेतृत्व में हुई जांच में, आरोपी की पहचान नितिन शर्मा उर्फ खालिद निवासी बलजीत नगर, नई दिल्ली के तौर पर हुई है। स्थानीय अदालत ने आरोपी को पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा है, ताकि इस पूरे मामले की परतें खोली जा सकें।

## तकनीकी सुरागों ने पहुंचाया अपराधी तक

जांच अधिकारियों ने इस डिजिटल अपराध के सोर्स तक पहुंचने के लिए गहन तकनीकी विश्लेषण का सहारा लिया। उन्होंने खुलासा किया कि इस धमकी भरे मेल को भेजने के लिए उपयोग में लाए गए दो मोबाइल फोन मैंगलोर और बेंगलुरु से जब्त किए गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि ये दोनों डिवाइस कर्नाटक के मेडिकेरी से चोरी किए गए थे। इन्हीं तकनीकी सुरागों ने पुलिस को दिल्ली के नितिन शर्मा तक पहुंचाया।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 किमी का ऊबड़-खाबड़ सफर होगा आसान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार तांदी-किलाड़ सड़क मार्ग पर मड्ग्रां से तिंदी तक 25 किमी के ऊबड़-खाबड़ हिस्सा चकाचक होने जा रहा है। सीमा सड़क संगठन की 94 आरसीसी यूनिट जल्द इस हिस्से पर टारिंग का काम शुरू करने जा रही है। आजादी से अब तक यह सड़क कच्ची रही, जिस कारण सफर जोखिम भरा और मुश्किल था। स्थानीय विधायक अनुराधा राणा की पहल पर यह काम संभव हुआ है। उन्होंने बीआरओ दीपक प्रोजेक्ट के मुख्य अभियंता से शिमला में कई बार बैठक कर इस मुद्दे को उठाया था। विधायक ने कहा कि संगठन ने आश्वासन दिया है और अब पहली बार इस सड़क पर टारिंग होने जा रही है। अनुराधा ने कहा कि इससे पहले किसानों और ग्रामीणों की मांग और उदयपुर से मड्ग्रां के बीच सड़क पर टारिंग का काम पूरा किया गया, लेकिन पिछले दिनों घाटी में आई प्राकृतिक आपदा के कारण मड्ग्रां और तिन्दी के बीच टारिंग का काम शुरू नहीं हो सका, लेकिन अब यह काम भी जल्द शुरू होने जा रहा। सड़क सुधरने से लाहौल के उदयपुर उपमंडल के साथ-साथ चंबा जिले के किलाड़ पांगी को भी फायदा मिलेगा। क्षेत्र में पर्यटन कारोबार को नई रफ्तार मिलेगी और किसानों के कृषि उत्पादों को मंडियों तक पहुंचाना आसान हो जाएगा। बीआरओ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी पुष्टि की है कि टारिंग कार्य जल्द शुरू होगा। उधर, उदयपुर उपमंडल के ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक अनुराधा राणा और बीआरओ का आभार जताया है। ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष दलीप बौद्ध ने कहा कि जो काम पूर्व के विधायक व मंत्री नहीं कर पाए, उसे मौजूदा विधायक ने कर दिखाया है।

### सरकार की योजनाओं के बारे में किया जागरूक

अनंत ज्ञान, निरमंड। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा तहसील कल्याण अधिकारी निरमंड के माध्यम से डे-केयर सेंटर निरमंड में शिविर आयोजित किया गया। जागरूकता शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया गया। शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार निरमंड रजत शर्मा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनके कल्याण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर छेमित तथा बैंक अधिकारियों ने भी भाग लिया और वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की। शिविर के दौरान मेडिकल ऑफिसर ने वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। बैंक अधिकारियों ने पेंशन खातों के संचालन, डिजिटल लेन-देन, वित्तीय साक्षरता व साइबर फ्रॉड से बचने के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों ने इस प्रकार के शिविरों को पंचायत स्तर पर भी आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। तहसील कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग का यह प्रयास वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक, सुरक्षित व आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही उन्होंने वर्षगांठ नागरिकों को विभिन्न योजनाओं जैसे कि वृद्धावस्था पेंशन योजन, विधवा एवं परित्यक्ता महिला पेंशन योजना विकलांगता पेंशन योजना, आयुष्मान भारत,हिमकेयर योजना वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित अन्य कार्यक्रम, आवास सहायता, वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र इत्यादि की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### आशीष बने भाजपा के आईटी प्रदेश सहसंयोजक

अनंत ज्ञान, आनी। संगठन चुनाव पर्व के मध्यनजर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश आईटी सहसंयोजकों की घोषणा कर दी है। आनी विधानसभा क्षेत्र से युवा एंव तेजतर्रार पूर्व में मंडी संसदीय क्षेत्र के आईटी संयोजक आशीष शर्मा को अब भाजपा हिमाचल प्रदेश में आईटी सहसंयोजक पद की कमान सौंपी गई। वरिष्ठ नेता अमर ठाकुर, विधायक लोकेंद्र कुमार, दूनी चंद ठाकुर, शशि मल्होत्रा, वेद ठाकुर, विवेक वर्मा, नरोत्तम ठाकुर सहित भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं में उनकी इस ताजपोशी से खुशी का माहौल है। वहीं, आशीष शर्मा ने कहा कि यह मेरे लिए न केवल सम्मान का विषय है, बल्कि संगठन के प्रति मेरी प्रतिबद्धता को और भी दृढ़ करने वाला क्षण है। इस अवसर पर आशीष शर्मा ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार प्रकट किया, जिनके विश्वास व आशीर्वाद से उन्हें यह दायित्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रांत संगठन मंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश आईटी विभाग संयोजक अनील डडवाल, संसदीय क्षेत्र पूर्णकालिक विस्तारक सुरेश शर्मा, पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य गोविंद सिंह ठाकुर, माननीय विधायक लोकेंद्र कुमार, जिलाध्यक्ष कुल्लू अमित, वरिष्ठ नेता अमर ठाकुर सहित सभी विधायकगण व समस्त प्रदेश, जिला, मंडल के दायित्ववान कार्यकर्ताओं का कोटिशः धन्यवाद किया है, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व व मार्गदर्शन में पार्टी निरंतर नये आयाम स्थापित कर रही है।

### किसानों की बेदखली रोकने की उठी मांग

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी। हिमाचल किसान सभा ने किसानों की जाली वापसी और गरीब किसानों की बेदखली रोकने की मांग को लेकर जिला प्रशासन व सरकार से गुहार लगाई है। सभा ने कहा है कि गांव डगान के किसान बंसी लाल की जाली 13 मई, 2023 को निकाली गई थी, जबकि इस मामले पर सर्वोच्च न्यायालय में बाबू राम बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य शीर्षक से दायर वाद में 28 नवंबर, 2024 को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी हो चुका है। सभा ने स्पष्ट किया कि अदालत के आदेश के बावजूद किसानों की भूमि से जाली हटाना और उन्हें बेदखली की ओर धकेलना न्यायसंगत नहीं है। सचिव गीताराम ने कहा कि गरीब किसानों के अधिकारों की रक्षा करना सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस दौरान किसान सभा ने पूर्व विधायक राकेश का भी ध्यान इस मामले की ओर आकर्षित करवाया और उनसे किसानों की आवाज बुलंद करने की अपील की। किसान सभा ने मांग की कि किसानों की जाली तत्काल वापस लगाई जाए।

### आपदा में टूटे सपनों को संजोने में जुटा फेडरेशन

अनंत ज्ञान, मनाली। कोठडी क्लस्टर स्तरीय फेडरेशन (सीएलएफ) प्राकृतिक आपदा में टूटे सपनों को संजोने में जुटा हुआ है। इसमें कोठड़ी सीएलएफ में सात पंचायतों के स्वयं सहायता समूह की दर्जनों महिलाएं शामिल हैं। सभी महिलाओं ने अपने-अपने स्तर पर मदद कर धन एकत्रित किया और सात परिवारों को आर्थिक मदद देकर उन्हें सहारा दिया। कोठड़ी सीएलएफ की सदस्यों की माने, तो मनाली में इस बार प्राकृतिक आपदाओं ने बहुत से लोगों के घर- उजाड़ दिए। ऐसे हालात में टूटे हुए परिवारों के लिए वो एक उम्मीद बनकर आगे आए। कुल्लू जिला की नसोगी खंड विकास नगर के इस कोठड़ी सीएलएफ ने यह पहल कर मिसाल कायम की है। कोठड़ी सीएलएफ की प्रधान ज्योति ने बताया कि इस पहल में उपप्रधान महक, सचिव सुषमा, सह सचिव नेहा और कोषाध्यक्ष निशा देवी ने अहम भूमिका निभाई।

# बड़ाग्रां-पनंगा सड़क पर ढांक से गिरकर युवक की मौत

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। जिला कुल्लू की बड़ाग्रां-पनंगा सड़क पर एक दर्दनाक हादसा पेश आया है। जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे कृष्ण नेगी जब सब्जी मंडी पतलीकूहल से अपने घर बड़ाग्रां पहुंचे व सड़क किनारे अपनी गाड़ी पार्क करके उतरे और गाड़ी की खिड़की बंद कर रहे थे, तो तंग जगह होने के कारण वे अपना संतुलन खो बैठे। संतुलन बिगड़ने से वे सीधे ढांक से नीचे लगभग 200 मीटर नीचे सड़क पर जा गिरे। गंभीर रूप से घायल कृष्ण नेगी को पीजीआई चंडीगढ़ पहुंचते ही मृत्यु हो गई। व्यक्ति की पहचान 31 वर्षीय कृष्ण नेगी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने इस दुखद घटना का कारण सड़क के किनारे क्रैश बैरियर का न होना बताया है।



यहां से नीचे गिरे कृष्ण नेगी।

## जनता का सब्र टूट रहा

देवेंद्र नेगी ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस जगह पर हर दिन स्थानीय लोगों के अलावा स्कूली बच्चे गाड़ियों के इंतजार में बैठते हैं, और क्रैश बैरियर न होने के कारण आगे भी ऐसी गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से बिना किसी विलंब के क्रैश बैरियर लगाने का काम तुरंत शुरू करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि विभाग की अनदेखी से जनता का सब्र टूट रहा है, जो आक्रोश के रूप में बाहर आ सकता है।

## पांच साल में तीसरी मौत; विभाग की अनदेखी पर सवाल

यह ढांक स्थानीय लोगों के अनुसार बेहद खतरनाक है। स्थानीय ग्रामवासियों का कहना है कि ये पिछले पांच वर्षों से लगातार लोक निर्माण विभाग से इस स्थान पर क्रैश बैरियर लगाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे पहले, इसी ढांक से एक कार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई थी। इसके अलावा, एक अन्य महिला की भी यहां गिरने से मौत हो चुकी है। पूर्व प्रधान ने ठेकेदार की जवाबदेही तय करने की मांग की। पंचायत के पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र नेगी ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अगर यहां क्रैश बैरियर लगा होता, तो उनके चचेरे भाई कृष्ण नेगी की जान बच सकती थी। नेगी ने बताया कि इस जगह पर लगभग 80 मीटर क्रैश बैरियर लगाने का टेंडर लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा चुका है, लेकिन ठेकेदार ने समय पर काम क्यों नहीं किया, इसकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

# आपदा के बाद तीर्थन घाटी में पर्यटकों की आमद, पश्चिम बंगाल से पहुंचा परिवार

अनंत ज्ञान, बंजार

हिमाचल प्रदेश की तीर्थन घाटी में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण बीते तीन महीनों में पर्यटन कारोबार पर गहरा असर पड़ा। संपर्क मार्ग, पुल, बिजली, पानी और नेटवर्क बाधित होने से पर्यटकों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई थी। अब हालात कुछ हद तक सामान्य होते ही पर्यटन गतिविधियां धीरे-धीरे दोबारा शुरू हो गई हैं। बंजार उपमंडल की तीर्थन और जीभी घाटियों में वीकेंड के दौरान बाहरी राज्यों से सैलानी पहुंचने लगे हैं। पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और आंध्र प्रदेश से आए पर्यटक यहां की शुद्ध आबोहवा और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क, जलोड़ी पास और सरेलसर झील जैसे दर्शनीय स्थल एक बार फिर सैलानियों से गुलजार होने लगे हैं। हालांकि, कुछ ऊपरी क्षेत्र जैसे शर्ची, पेखड़ी, रांगथड और श्रीकोट अब भी पूरी तरह बहाल नहीं हो पाए हैं। फिर भी, घाटी में टैक्सी और निजी वाहनों से आने वाले पर्यटक सुरक्षित यात्रा कर रहे हैं। वेस्ट बंगाल से आए निखिल साहा और उनका परिवार बिना किसी डर के तीर्थन घाटी पहुंचे और स्थानीय होमस्टे में ठहरकर प्रकृति का आनंद लिया।

पर्यटन कारोबारी पंकी सूद ने बताया कि भारी बारिश और भूस्खलन से घाटी में सड़कें, पुल और कई पर्यटन इकाइयां क्षतिग्रस्त हुई हैं। अभी भी पर्यटकों की संख्या काफी कम है, जिससे टैक्सी ऑपरेटरों और होमस्टे मालिकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पर्यटन विभाग को तीर्थन घाटी में पर्यटन को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए। दिवाली या नववर्ष तक पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

# देवांश बास्केटबॉल टीम में चयनित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। लाहौल स्पीति जिले के तांदी गांव के निवासी देवांश लारजे ने हाल ही में मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में लाहौल स्पीति की टीम का प्रतिनिधित्व किया और अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश की टीम में अपना स्थान पक्का किया। देवांश अब पांवटा साहिब में 2 अक्तूबर तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं, जहां वह अपने खेल को और भी बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अपनी खेल क्षमताओं को निखारने के लिए प्रयासरत हैं। इसके बाद, वह 4 से 10 अक्तूबर तक देहरादून में होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि पर जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अब 12300 फुट ऊंचाई पर स्थित पटसेउ में भी बजेगी फोन की घंटी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने कहा कि जियो की परिनियोजन टीम के बलराम जोशी और उनकी टीम ने उल्लेखनीय प्रयास करते हुए ओडीएससी साइट का सफल एकीकरण किया है।

इसके परिणामस्वरूप पटसेउ जो समुद्र तल से 12,300 फुट की ऊंचाई पर स्थित है, उसे लेकर दीपक ताल तक के क्षेत्र में 4जी-एलटीई नेटवर्क कवरेज का विस्तार संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि न केवल बेस कैंप में संचार सुविधा को सुदृढ़ करेगी, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-3 (लेह-मनाली मार्ग) से दीपक ताल की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को भी अब लगातार और विश्वसनीय नेटवर्क कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। डीसी ने कहा कि इतनी दुर्गम और उच्च हिमालयी भौगोलिक परिस्थितियों में नेटवर्क सुविधा पहुंचाना एक बड़ी तकनीकी चुनौती थी, जिसे जियो की टीम ने अपनी मेहनत, लगन और तकनीकी विशेषज्ञता से पूरा किया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस परियोजना से क्षेत्र में आपात स्थितियों के दौरान त्वरित संचार सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे प्रशासनिक कार्यों में भी सुविधा होगी तथा पर्यटकों और स्थानीय निवासियों दोनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। किरण भड़ाना ने जियो टीम के इस समर्पण और उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल जिले के विकास व संचार व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने विशेष रूप से बलराम जोशी और उनकी टीम की प्रशंसा की, जिनके प्रयासों से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके साथ ही उन्होंने जियो हिमाचल प्रदेश सर्कल की नेतृत्व टीम के अंतर्गत स्टेट बिजनेस हेड गौरव कुमार, चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर धीरेंद्र तथा परिनियोजन टीम लीड बलराम जोशी का भी विशेष आभार व्यक्त किया।

# आनी कस्बे में कल बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान, आनी। बिजली बोर्ड ने जानकारी दी है कि 2 अक्तूबर (वीरवार) को आनी फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

जानकारी देते हुए सहायक अभियंता भूषण लाल ठाकुर ने बताया कि आनी के बिजली कार्यालय परिसर में नया ट्रांसफार्मर लगाया जाना है और आवश्यक रखरखाव व मरम्मत कार्य किया जाएगा। फलस्वरूप बिजली बाधित रहने से नालदेरा, मिशन कॉलोनी, नागरिक अस्पताल आनी, किरण बाजार, नागरिक न्यायालय आनी, रुना, कष्टा, धार, थबोली, जाबन, अमरबाग, गाडा-डीम, काथला तथा बिजली कार्यालय के आसपास के क्षेत्रों की आपूर्ति प्रभावित होगी। विभाग ने आम जनता से सहयोग की अपील की है।

# अक्तूबर माह से अब निरमंड अस्पताल में पर्ची बनाने के लिए मरीजों का लगेगा 10 रुपए शुल्क

अनंत ज्ञान, आनी

एसडीएम निरमंड एवं रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) के अध्यक्ष मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में निरमंड अस्पताल रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीते सत्र के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा आगामी सत्र 2025-26 के लिए अनुमानित आय व व्यय की रूपरेखा रखी गई।



रोगी कल्याण समिति की बैठक के दौरान चर्चा करते हुए एसडीएम व अन्य अधिकारी।

अध्यक्ष ने बताया कि नए सत्र में आरकेएस की अनुमानित आय करीब 25 लाख 20 हजार रुपए होगी, जबकि खर्चा 35 लाख 28 हजार रुपए रहने का अनुमान है। सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अस्पताल में मुफ्त पर्ची के बजाए अब पर्ची बनाने के लिए मरीजों से अब एक अक्तूबर से 10 रुपए शुल्क लिया जाएगा। बैठक में अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों की सुविधा के लिए गर्मी व सर्दी में तापमान नियंत्रित रखने के लिए प्रबंधन करने पर भी विचार किया गया। इसके अलावा मशीनरी व उपकरणों की खरीद, दवाइयां व इंजेक्शन की व्यवस्था, श्रीखंड महादेव यात्रा के लिए दवाइयां, स्टेशनरी व अन्य सामग्री की खरीद, अस्पताल के सौंदर्यीकरण, भवन की टूट-फूट की मरम्मत, भवन की सफेदी, पार्किंग को कंक्रीट से पक्का करने, निकासी नालियां बनाने जैसे प्रस्ताव पारित किए गए। आरकेएस के अंतर्गत अस्पताल के सौंदर्यीकरण व मरम्मत पर करीब 5 लाख रुपए तथा मशीनों व उपकरणों की खरीद पर 2 लाख 35 हजार रुपए खर्च करने का प्रावधान रखा गया है। वहीं, अस्पताल के साथ एक मंजिला भवन के लेंटर पर छत डालकर मीटिंग हॉल बनाने का भी प्रस्ताव रखा गया, जबकि अस्पताल प्रांगण को पेवर ब्लॉक डालकर पक्का भी किया जाएगा। बैठक में कार्यकारी बीएमओ प्रदीप नेगी, मेडिकल अफसर प्रतिभा नेगी, बीडीओ नरेश कुमार, बीड़ीसी निरमंड के उपाध्यक्ष बिंद राम सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया।

## मांग पत्र

## डीसी कुल्लू से मिले तलाड़ा पंचायत के प्रतिनिधि

# आपदा प्रभावितों की मदद करे सरकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू की सैंज घाटी के ग्राम पंचायत तलाड़ा के हर परिवार की ओर से एक मांग पत्र मंगलवार को ढालपुर में डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश को सौंपा गया। वहीं मांग रखी गई कि आपदा से प्रभावित हर परिवार की जल्द से जल्द सरकार के द्वारा मदद की जाए।

तलाड़ा पंचायत के प्रधान सुभाष ठाकुर ने बताया कि इससे पहले भी कई बार पंचायत की मांगों को लेकर प्रशासन व सरकार से मांग रखी गई, लेकिन इस पर कोई गौर नहीं किया गया। पंचायत के प्रधान सुभाष ठाकुर ने बताया कि साल 2023 में एनएचपीसी की लापरवाही से डैम से छोड़े गए पानी की वजह से ग्राम पंचायत तलाड़ा को दरिया के पानी के कटाव से भारी नुकसान पहुंचाया था और हमारे देवता के स्थान जमीनें घर और सपांगनी पैदल चलने वाला पुल भी पानी में बह गया था। इस कारण ग्राम पंचायत तलाड़ा बहुत ही बुरी स्थिति में आ गई थी, लेकिन साल 2025 में पुनः भारी बारिश व एनएचपीसी की लापरवाही से ग्राम पंचायत तलाड़ा व परिवारों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। इसकी सुरक्षा के लिए ग्राम सभा में साल 2023 में ही प्रस्ताव पारित किया था और एनएचपीसी से मांग रखी थी कि ग्राम पंचायत तलाड़ा के हिस्से में जो नदी के किनारे (1) तलाड़ा पंप हाउस से गौहरू देवता तक कंकरीट क्रेट वायर लगाया जाए। इसके अलावा सपांगणी में चलने वाला पैदल पुल पुनः स्थापित किया जाए, ताकि आम जनमानस को कोई नुकसान न झेलना पड़े। सुभाष ने बताया कि ग्राम पंचायत तलाड़ा के सामने विहाली में ही एनएचपीसी की हैड रेस टनल लीकेज कर रही है। पहाड़ी दरक रही है उसे बंद किया जाए, ताकि उसे टूटने का खतरा न हो, लेकिन एनएचपीसी ने एक नहीं सुनी। सुभाष ने बताया कि शैउगा गौहर के सामने अपनी कालोनी बचाने के लिए करोडों रुपए की सुरक्षा दीवार खड़ी कर दी, लेकिन पानी का बहाव ग्राम पंचायत तलाड़ा की तरफ मोड़ दिया। इस कारण 2025 में हुई भारी बारिश व कटाव से ग्राम पंचायत तलाड़ा के आकलन के हिसाब से 130 मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अन्य बहुत आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं और पूरी जमीन बैठ चुकी है। इसका मुख्य कारण एनएचपीसी क लापरवाही भी है।



तलाड़ा के लोग डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश को समस्याओं से अवगत करवाते हुए।

# कला उत्सव प्रतियोगिता आनी में संपन्न

अनंत ज्ञान आनी। ब्लॉक आनी, जिला कुल्लू में ब्लॉक स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का सफल आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए सभी विद्यालयों से प्रविष्टियां 27 सितंबर तक राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी में आमंत्रित की गई थीं। कुल आठ विद्यालयों ने विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का वीडियो देखकर मूल्यांकन किया और परिणाम घोषित किए। नाटक, कथा वाचन, एकल गीत और दृश्य कला (द्विआयामी व त्रिआयामी) में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी ने प्रथम स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समूह नृत्य और संगीत वादन समूह में पीएम श्री विद्यालय आनी प्रथम रहा, जबकि संगीत समूह और नाटक में राजकीय उच्च विद्यालय गेटेड ने शानदार प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त किया। वहीं, एकल नृत्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दलाश ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में विजेता रहे सभी प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय कला उत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# तीर्थन घाटी के आपदा प्रभावितों तक पहुंची समाजसेवी सरबजीत की मदद

अनंत ज्ञान, तीर्थन



जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में इस बार हुई भारी बारिश, बाढ़ व भूस्खलन के कारण कई इलाकों के लोगों को भारी नुकसान हुआ है। इस दुख की घड़ी में आपदा प्रभावितों को सहायता देने के लिए कई स्वयंसेवी संगठन व अन्य समाजसेवी लोग आगे आ रहे हैं।

तीर्थन घाटी गुशैणी में पिछले दिनों शिमला जिले के नामी समाजसेवी सरदार सरबजीत सिंह बॉबी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। इस दौरान वह आपदा प्रभावित लोगों से भी मिले थे और उन्हें हर यथा संभव सहायता देने का आश्वासन दिया था। आपदा से प्रभावित लोगों को फार्म भरने के पश्चात प्रति परिवार 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने का भी वादा किया है। समाजसेवी सरदार सरबजीत सिंह बॉबी की संस्था अल्मायटी ब्लेसिंग व हिम समाज सेवा संस्था नेरचौक के सहयोग से तीर्थन घाटी गुशैणी में राहत सामग्री से भरा एक वाहन पहुंचा। जिसे यहां के आपदा प्रभावित परिवारों को वितरित किया गया। संस्था की ओर से राशन की करीब 100 किट, जिसमें दाल, चावल आटा, नमक तथा कुछ में वर्तन व कपड़े थे। गुशैणी में यह राहत सामग्री यहां की स्थानीय ग्राम पंचायत पेखड़ी, नोहंडा और शर्ची के करीब 100 प्रभावित परिवारों को प्रदान की गई। इसके अलावा सरबजीत सिंह बॉबी ने गुशैणी स्कूल भवन के पुनर्निर्माण के लिए 50 हजार रुपए और बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए अलग से आर्थिक सहयोग भी दिया। इनकी इस पहल से स्थानीय लोगों को काफी राहत पहुंची है। स्थानीय ग्राम पंचायत पेखड़ी के समाजसेवी महेशू ठाकुर, ग्राम पंचायत नोहंडा की समाजसेवीका भीमा देवी, ग्राम पंचायत शर्ची से चंदे राम, राजदेव, हेमराज, घांथू राम, भीमा देवी, धर्मचंद, तारा देवी, पदम सिंह तापेराम, उदय शर्मा और सुरेंद्र ठाकुर आदि लोगों ने सरदार सरबजीत सिंह बॉबी व उनकी टीम का आपदा की इस घड़ी में राहत पहुंचाने के लिए आभार जताया है।

# माता शूलिनी मंदिर में अष्टमी को मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की

अनंत ज्ञान, सोलन



शारदीय नवरात्र की अष्टमी के मौके पर जिला मुख्यालयों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। माता शूलिनी के मंदिर में श्रद्धालुओं ने नवरात्र की अष्टमी को मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। तड़के से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला देखा गया। इस दौरान भीड़ को व्यवस्थित करने को मंदिर में सुरक्षा के इंतजाम रहे। मंदिर में दिनभर भजन-कीर्तन का दौर रहा।

वहीं, नवरात्र में व्रत रखने वाले भक्तों ने घरों पर कन्या पूजन कर उन्हें उपहार देकर अपने व्रत खोले। गंज बाजार स्थित शक्ति पीठम, मॉल रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर, काली माता मंदिर शामती में भी अष्टमी पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। महिलाओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर देवी के आठवें स्वरूप मां कालरात्रि की उपासना की। वहीं, श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कन्याएं जिमाने के बाद उपवास तोड़ा। इस अवसर पर खासकर मां दुर्गा व मां काली की विशेष पूजा-अर्चना की गई। देवी स्वरूप कन्याओं को भोग लगाया गया। बाइपास मार्ग स्थित चामुंडा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा-अर्चना को उमड़ पड़ी। पुलिस लाइन स्थित देवी मंदिर में सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं ने हाजिरी भरनी शुरू कर दी थी। मंदिर में देवी के दर्शन व पूजा-अर्चना को महिलाओं में खासा उत्साह दिखाई पड़ा। शहर के अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। माता शूलिनी मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। मंदिर में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं ने मंदिरों में आने का सिलसिला देखा गया।

# विश्वकर्मा योजना के तहत मिल रहे स्वरोजगार के अवसर

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। सूक्ष्म, लघु व मध्यम मंत्रालय (एमएसएमई) संबंधित पात्र लोगों को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार का अवसर प्रदान कर रहा है इसलिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी दी जाती है, अभी तक प्रदेशभर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 19,700 लोगों का चयन किया गया है। यह वर्ग अब अपना स्वरोजगार शुरू करेंगे।

इसके लिए विभाग की ओर से पात्र लोगों का चयन कर लिया है। तीन स्तरीय जांच के बाद व्यक्ति को पात्रता दी गई है। स्वरोजगार की शुरुआत के लिए एक लाख रुपए तक की सहायता दी जा रही है। जानकारी के मुताबिक दो लाख से अधिक लोगों ने योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया था। पीएम विश्व कर्मा योजना के तहत एमएसएमई उद्यम खोलने के लिए कौशल सत्यापन के बाद सप्ताह में 40 घंटे का प्रशिक्षण मंत्रालय दे रहा है। प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपए प्रतिदिन भत्ता दिया जा रहा है। टूलकिट प्रोत्साहन के लिए 15000 रुपए अनुदान दिया जा रहा है। 18 महीने के लिए एक लाख रुपए तक का लोन पांच फीसदी ब्याज पर दिया जा रहा है। व्यक्ति समय पर लोन वापस देता है, तो दो लाख रुपए तक का अतिरिक्त ऋण ले सकता है। व्यवसाय शुरू करने के बाद प्रचार मंत्रालय की साइट से किए जाने की सुविधा प्रदान की गई है।

पीएम विश्वकर्मा योजना में बढ़ई, नाव निर्माता, अस्त्रकार, लोहार, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, मरम्मतकार, मूर्तिकार, सुनार, कुम्हार, मिस्त्री, टोकरी/चटाई/क्रॉचर बुनकर/झाड़ू बनाने वाले, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, बार्बर, माली, वाशरमैन, टेलर, मछली का जाल बुनने वाले व्यक्तियों का चयन किया। अन्य की चयन प्रक्रिया मंत्रालय जारी है। चयन प्रक्रिया में डीसी, महाप्रबंधक उद्योग विभाग अहम भूमिका निभा रहे हैं। व्यक्ति को 18 पारंपरिक व्यवसायों में से एक में स्वरोजगार दिया जा रहा है। उद्यम को शुरू करने के लिए राष्ट्रीय विपणन समिति तक सहायता कर रही है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय

> इसमें से पात्रता व जांच पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत उद्यम स्थापित करने के लिए पात्रता दे दी गई है। इस योजना के तहत असंगठित क्षेत्र में 18 पारंपरिक व्यवसायों के कारीगरों को फायदा दिया जा रहा है।
> **एके गौतम, सहायक निदेशक, एमएसएमई (डीएफओ) सोलन।**

# डीसी ने माता बालासुंदरी मंदिर में की पूजा-अर्चना

अनंत ज्ञान, नाहन। डीसी सिरमौर व आयुक्त मंदिर न्यास त्रिलोकपुर प्रियंका वर्मा ने अष्टमी नवरात्र के अवसर पर सिरमौर जिले के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में परिवार सहित विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने हवन यज्ञ अनुष्ठान तथा कंजिका पूजन कर जिला वासियों की ओर से सुख और समृद्धि की कामना की। इस दौरान उपमंडलाधिकारी नाहन व मुख्य मेला अधिकारी राजीव सांख्यान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा, मेला अधिकारी उपेंद्र चौहान ने भी माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। डीसी ने बताया कि गत 22 सितंबर से आरंभ हुए इस नवरात्र मेले के दौरान अब तक 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिलोकपुर में माता बाला सुंदरी के दर्शन किए हैं तथा 86 लाख, 94 हजार, 230 रुपए नकदी और 190 ग्राम सोना व 10 किलोग्राम चांदी श्रद्धालुओं द्वारा माता को चढ़ावा स्वरूप भेंट किया गया है। मेले के दौरान जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल व स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।

# बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने लॉरेंस स्कूल के छात्रों के साथ किया संवाद

अनंत ज्ञान, सोलन



लॉरेंस स्कूल सनावर परिसर में फिल्म शूटिंग को पहुंचे बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह ने छात्रों के साथ संवाद किया और उनके साथ एक सुखद शाम बिताई।

इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री यामी गौतम (प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक आदित्य धार की पत्नी और 'विक्की डोनर', 'उरी', 'बाला' और 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं) उन्होंने भी स्कूल परिसर का दौरा किया। यामी गौतम फिल्म का हिस्सा नहीं थीं, लेकिन उन्होंने सनावर के शांत वातावरण का आनंद लिया। फिल्म में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और सारा अर्जुन जैसे जाने-माने कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। शूटिंग के बारे में जानकारी साझा करते हुए स्कूल के पीआरओ, आरएस चौहान ने कहा कि फिल्म की शूटिंग तीन दिन तक परिसर में चली। इस अवसर पर लॉरेंस स्कूल, सनावर के प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह ढिल्लो ने कहा कि लॉरेंस स्कूल न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता और छात्रों के समग्र विकास के लिए जाना जाता है, बल्कि सनावर के पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रसिद्ध है।

यही अनूठा वातावरण स्कूल परिसर को फिल्म उद्योग के लिए आकर्षक बनाता है। लॉरेंस स्कूल, सनावर लंबे समय से कई बॉलीवुड हस्तियों के लिए पसंदीदा संस्थान रहा है, जिन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा इसी स्कूल में भरोसेमंद रूप से सौंपी है। वे हैं, बृजेश साहनी, सुनील दत्त, नरगिस दत्त, प्राण, कबीर बेदी सहित कई प्रसिद्ध सितारों ने अपने बच्चों को इस प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ाया, जो इसके शैक्षिक उत्कृष्टता, समग्र विकास और स्नेही वातावरण की पहचान को दर्शाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई

अनंत ज्ञान, सराहां। भारत सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्य योजना 2024-2025 के अंतर्गत मंगलवार को जागरूकता व प्रचार शिविर का आयोजन एकता आर्गेनाइजेशन-डे केयर सेंटर (बाय पास) सराहां में किया गया। इस शिविर में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे राष्ट्रीय व्योश्री योजना, वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष, वरिष्ठ नागरिक के लिए एकीकृत योजना (वृद्धाश्रम एवं डे केयर सेंटर), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, वृद्धावस्था सुरक्षा पेंशन योजना, वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन (14567) आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस आयोजन में लगभग 50 वृद्धजनों ने भाग लिया और इनके द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। शिविर में इन लोगों के द्वारा एक सीनियर सिटीजन एसोसिएशन (संस्था) को बनाने की भी इच्छा जाहिर की जो भविष्य में बनाई जाएगी। इस शिविर में तहसील कल्याण अधिकारी गोविंद शर्मा व ओम प्रकाश चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनमें एकता आर्गेनाइजेशन सराहां से कमल धीमान व अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति बलवंत सिंह, राजेंदर सिंह ठाकुर, भगत सिंह ठाकुर, स्वरूप सिंह ठाकुर, अनूप शर्मा, नरेश कुमार, प्रमोद कुमार, ऊषा देवी आदि लोगो ने भाग लिया अंत में एकता आर्गेनाइजेशन सराहां द्वारा सभी लोगों को जलपान भी करवाया गया।

### टॉपर्स को मिलेगा ट्रस्ट से नकद पुरस्कार व ट्रॉफी

अनंत ज्ञान, राजगढ़। जवाहर नवोदय विद्यालय नाहन के पूर्व विद्यार्थियों ने ग्राम देरिया हलोनी पुल, राजगढ़ में गुरु-शिष्य मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह अवसर खास इसलिए भी रहा क्योंकि विद्यालय के प्रथम बैच के अध्यापक रहे भगवान दास यादव ने अपने नव-निर्मित भवन का गृह प्रवेश करते हुए डॉ. अमन यादव मेमोरियल ट्रस्ट का शुभारंभ किया। अपने स्वर्गीय पुत्र की स्मृति में स्थापित इस ट्रस्ट के बारे में यादव ने जानकारी दी कि फिलहाल राजगढ़ शिक्षा खंड के आठ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को गोद लिया गया है। इन विद्यालयों के प्लस टू कक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष पांच हजार रुपए नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में शिक्षा खंड के सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को इस योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाएगा। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आरआर अडवाल, अध्यापक ज्योति जोशी और विजय यादव सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे। प्रथम बैच से लेकर वर्तमान समय तक के 100 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने समारोह में भाग लेकर गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को और प्रगाढ़ किया। समारोह के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने गुरुजी के मार्गदर्शन को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए भावपूर्ण शब्दों में आभार व्यक्त किया। वहीं, गुरुजी को शिष्यों द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### 2. 490 किलोग्राम गांजे के साथ एक काबू

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिला पुलिस नशे के सौदागरों की धरपकड़ के लिए विशेष मुहीम चलाए हुए है। इसी कड़ी में पांवटा पुलिस की दो टीमें अलग-अलग सूचनाएं इकट्ठी कर रही थीं, तो एक व्यक्ति मोटर साइकल हीरो स्प्लेंडर पर बहराल की तरफ से आ रहा था जिसे पुलिस ने शक के आधार पर पूछताछ के लिए रोका उसने अपना नाम बबलू पुत्र सोम निवासी बंगाला बस्ती भांटा वाली तहसील पांवटा बताया। शक के आधार पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली उसके पास एक प्लास्टिक के बोरे में एक पारदर्शी पॉलीथिन में हरे भूरे रंग का पतीनुमा पदार्थ, जो कि 2. 490 किलोग्राम था वो जांच में गांजा पाया गया। जिसपर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है और गर्डर करके अदालत में पेश किया गया और पुलिस रिमांड लिया गया है। डीएसपी पांवटा मानवेंद्र ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस की कार्रवाई नशा तस्करों के खिलाफ आगे भी जारी रहेगी।

### स्टोर निर्माण को लेकर गांव में खूनी झड़प

अनंत ज्ञान, नाहन। शिलाई उपमंडल की ग्राम पंचायत बेला के गांव फोराड़ में सोमवार को बड़ा विवाद व मारपीट का मामला सामने आया। घर के पास स्टोर निर्माण कर रहे एक परिवार पर गांव के करीब 15 लोगों ने डंडों, पाइप और कुदाल से हमला कर दिया। पीड़ित पवन पुत्र बलवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने पिता के साथ स्टोर रूम बनवा रहा था। इसी दौरान गांव के लोगों ने अचानक आंगन में घुसकर हमला बोल दिया। आरोप है कि बलवीर सिंह पर डंडे और पाइप से वार किया गया, वहीं पवन की दाहिनी बाजू पर भी चोट पहुंचाई गई। बीच-बचाव करने आई पवन की मां के साथ भी धक्का-मुक्की हुई। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को शिलाई अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर चोटों को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और पवन का बयान कलमबद्ध किया। पवन ने बताया कि उसने हमलावरों का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड भी किया है। पुलिस ने पवन के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। यह मुकदमा धारा 115(2), 191(2), 191(3), 190 और 332 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच जारी है।

### मशरूम को बनाएं दैनिक आहार का हिस्सा

अनंत ज्ञान, सोलन। भाकृअनुप-खुंब अनुसंधान निदेशालय, चंबाघाट, सोलन ने 28 वें राष्ट्रीय मशरूम मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन डॉ. सुधाकर पांडेय, सहायक महानिदेशक (बागवानी विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने किया। यह मेला सोलन शहर को मशरूम सिटी आफ इंडिया घोषित करने के उपलक्ष्य पर प्रति वर्ष 10 सितंबर को आयोजित किया जाता था, लेकिन इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण इसे 30 सितंबर को आयोजित किया गया। निदेशालय के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा, ने सभी का स्वागत करने के बाद सोलन शहर में खुंब उत्पादन की शुरुआत के इतिहास पर चर्चा करते हुए पिछले वर्षों में खुंब पर हुए कार्यों पर प्रस्तुति दी। वर्ष 1983 से स्थापना के बाद निदेशालय द्वारा विकसित मशरूम किस्मों एवं प्रदद्योगिकियों के बारे में विस्तार से बताया। पिछले कुछ वर्षों में गुच्छी, टर्की टेल, वुडइयर, कोरडीसेप्स मशरुम को सफलतापूर्वक उगाने पर भी चर्चा की गई। पुणे, महाराष्ट्र से विशेषातिथि सुश्री स्नेहल माने, जो एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी एवं युवा उद्यमी है, उन्होंने मशरूम को उगाने व केफे के माध्यम से उपोत्पाद मार्किट में उपलब्ध करवाने पर अपनी प्रस्तुती दी। अपने संबोधन में मुख्यातिथि डॉ. सुधाकर पांडेय ने निदेशालय द्वारा किए जा रहे अनुसंधान कार्यों की प्रशंसा करते हुए देश के उत्पादकों का आह्वान किया कि वह निदेशालय के साथ मिलकर इस उभरते हुए उद्योग को और आगे बढ़ाएं।

# माता सीता की खोज को सुग्रीव ने भेजी वानर सेना



श्री जगदंबा रामलीला मंडल की ओर से गंज बाजार सोलन में नौवें दिन की लीला का मंचन करते कलाकार।

अनंत ज्ञान, सोलन

श्री जगदंबा रामलीला मंडल द्वारा गंज बाजार सोलन में नौवें दिन की लीला दिखाई गई।

इसमें सबसे पहले सुग्रीव द्वारा चारों दिशाओं में वानर सेना भेजी गई, दक्षिण दिशा में हनुमान जी के साथ वानर सेना भेजी गई, समुद्र तट पर पहुंच कर हताशा हो गई कि कैसे इस समुद्र को पार कर लंका पहुंचा जाए, इस के बाद हनुमान जी का लंका पहुंचना, अशोक वाटिका उजाड़ना, अक्षय कुमार का वध और उसके बाद लंका दहन की लीला दिखाई गई, जिसे दर्शकों ने खूब सहारा।

मुख्यातिथि स्वामी अमरदेव, स्वामी डॉ. विशुद्धानंद स्वामी, मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी आश्रम के साथ उन के सभी शिष्य, हर्षित, विनीत उपस्थित रहे। स्वामी अमरदेव ने रामलीला के सभी कलाकारों की सहराना की और 45 वर्षों से रामलीला के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। निर्देशक हरीश मारवाहा, सह निर्देशक कुलदीप रावत, प्रधान धर्मेंद्र ठाकुर, महासचिव सुमित खन्ना, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, वरिष्ठ संयोजक मुकेश गुप्ता, सचिव गुरशरण सिंह, सचिव सचिन वर्मा, वरिष्ठ छायाकार संजय वर्मा, सचिव भूपेंद्र चौहान ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह और शोल पहनाकर सम्मानित किया।

# धाली डिब्बर-शिमला बस दुर्घटनाग्रस्त चालक की सूझ-बूझ से टला बड़ा हादसा

अनंत ज्ञान, राजगढ़



जिला सिरमौर के राजगढ़ उपमंडल में मंगलवार सुबह एचआरटीसी की बस सड़क पर पलट गई। ये बस धाली डिब्बर से शिमला जा रही थी। हादसा सुबह करीब 8 बजे के आसपास पेश आया।

जानकारी के अनुसार बस में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और उसका पट्टा टूट गया, जिससे ड्राइवर बस से नियंत्रण खोने लगा। सामने मौत का मंजर देखते हुए ड्राइवर ने पल भर की देरी न करते हुए बस को पहाड़ी से टकराकर सड़क पर ही पलटा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बस शिमला डिपो की बताई गई है। हादसे के समय बस में कुल 8 यात्री सवार थे। इस दुर्घटना में चालक, परिचालक और एक महिला को हल्की चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अपने वाहनों से ठियोग अस्पताल पहुंचाया। पुलिस थाना राजगढ़ के प्रभारी राजविंदर सिंह ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बस सड़क पर पलटी है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। सड़क फिलहाल बंद है, जिसे खोलने के लिए क्रेन मंगवाई गई है। बरहाल जहां एक बार फिर निगम की बसों पर सवालिया निशान लगा है। वहीं, ड्राइवर की सूझबूझ से यह हादसा टला है, उसकी भूरी-भूरी प्रशंसा हो रही है।

# स्पोर्ट्स फेस्टिवल का होगा आयोजन

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। यमुना शरद महोत्सव के अवसर पर इस वर्ष स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह खेल महोत्सव 4, 5 और 6 अक्तूबर को एमसी ग्राउंड, तिब्बतियन स्कूल तथा विभिन्न खेल मैदानों में होगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। कबड्डी टूर्नामेंट एमसी ग्राउंड, पांवटा साहिब प्रथम पुरस्कार 21,000, उपविजेता 11,000 बैडमिंटन टूर्नामेंट, गुज्जर कॉलोनी बैडमिंटन कोर्ट कांप्लेक्स, समय सुबह 9 से शाम 5 बजे तक 7 प्रथम पुरस्कार 11,000, उपविजेता 7,000, श्रेणियां पुरुष युगल (ओपन) व पुरुष युगल (40+ आयु वर्ग) फुटबॉल टूर्नामेंट- तिब्बतियन स्कूल ग्राउंड प्रथम पुरस्कार 15,000, उपविजेता 7,000 वॉलीबॉल टूर्नामेंट एमसी ग्राउंड, पांवटा साहिब प्रथम पुरस्कार 15,000, उपविजेता 7,000। एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि यह स्पोर्ट्स फेस्टिवल केवल खेल प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें खेलों की ओर प्रेरित करना है।

# मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन की समीक्षा शिकायतों के समयबद्ध निपटारे पर जोर

अनंत ज्ञान, सोलन

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने कहा कि ई-ऑफिस का उद्देश्य कागजी कार्यप्रणाली को बदलकर कार्य में तेजी लाना व संपूर्ण प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाना है। राहुल जैन ई-ऑफिस प्रणाली व मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन (1100) विषयों के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

राहुल जैन ने कहा ई-ऑफिस एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। ई-फाइल के माध्यम से फाइल का निष्पादन कभी भी, कहीं भी और किसी भी समय किया जा सकता है। जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राहुल जैन ने कहा कि जिन विभागों ने अपने कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य आरंभ नहीं किया है, वह जल्द ही ई-ऑफिस आरंभ कर कार्यालय की डाक ई-ऑफिस के माध्यम से अन्य विभागों में भेजना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस का सॉफ्टवेयर एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है। यदि किसी विभाग को ई-ऑफिस में कार्य करने में कठिनाई आती है, तो वह ई-ऑफिस का प्रशिक्षण लेने के लिए एनआईसी में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सोलन अनुज शर्मा के मोबाइल नंबर 98050-09799 पर संपर्क कर सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने कार्यालय के कर्मचारियों की हिम ऐक्सेस पर आईडी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जल्द ही अपने डिजिटल हस्ताक्षर बनाने के निर्देश भी दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करना सुनिश्चित बनाएं और पोर्टल का नियमित अनुश्रवण करते रहें, ताकि शिकायतों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित हो सके। सहायक आयुक्त नीरजा शर्मा ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया।

# अर्की-वाया बनोह-जघून बस को बहाल करने की लगाई गुहार

अनंत ज्ञान, अर्की। अर्की से जघून वाया बनोह स्वावा पथ परिवहन निगम की बस को बहाल करने की स्थानीय बीडीसी सदस्य शशिकांत गौतम ने गुहार लगाई है। शशिकांत गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि बरसात के दौरान भारी बारिश से हुए भूस्खलन के कारण गंभरपुल-बनोह-सरली सड़क बंद हो गई थी। इसके चलते विभाग द्वारा अस्थायी तौर पर यह बस बंद कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि अब लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क को दुरुस्त कर इसका फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है। यह सड़क छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बहाल हो चुकी है। पथ परिवहन निगम को अब अर्की से वाया बनोह सरली-स्वावा-जघून बस को बहाल कर देना चाहिए, ताकि यात्रियों, स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्रों, कर्मचारियों और मरीजों को बस सुविधा हो सके।



# बच्चों को जिंदगी में कभी शॉर्टकट का सहारा नहीं लेना चाहिए : भीम

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

अर्की। उपमंडल अर्की के निवासियों की अधिष्ठात्री कुलदेवी मां भद्रकाली के सिद्ध पीठ मंदिर जखोली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य तरीके से नवरात्र मेले का आयोजन किया गया।

सप्तमी व अष्टमी चलने वाले मेले के प्रथम रात्रि के मुख्यातिथि सतीश कुमार युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष व विशेषातिथि के रूप में नया सवेरा जनकल्याण समिति व अधिवक्ता भीमसिंह ठाकुर उपस्थित रहे। सर्व प्रथम मुख्यातिथि द्वारा मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर रात्रि कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान व मेला कमेटी अध्यक्ष रूपसिंह ठाकुर द्वारा आए हुए सम्मानित व्यक्तियों को पुष्प गुच्छ शॉल मफलर एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि उन्होंने स्थानीय बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के मंच के मिलने से बच्चों को आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने मेला आयोजन के लिए मेला कमेटी को 11000 रुपए की राशि देने की घोषणा की। नया सवेरा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष भीम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ अन्य प्रतिभाएं होनी चाहिए तथा माता-पिता को बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। साथ बच्चों को जिंदगी में कभी भी शॉर्टकट का सहारा नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी नया सवेरा जनकल्याण एनजीओ का मुख्य कार्य नशे के खिलाफ एक मुहिम चलाकर युवाओं को नशे से बचाना है। उन्होंने मेला समिति को बधाई देते हुए कहा कि स्थानीय लोगों की मदद से मेला समिति इस प्रकार के आयोजन कर अपनी संस्कृति को संजोए हुए है। उन्होंने बच्चों के कार्यक्रम के लिए मेला समिति को 5100 रुपए की राशि दी। कार्यक्रम में पंचायत मेला समिति प्रतिनिधि महिला मंडल व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



सिद्ध पीठ मंदिर जखोली में नवरात्र मेले के आयोजन पर मौजूद मुख्यातिथि व अन्य।

**कार्यक्रम** फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से किसान मेले का आयोजन

# प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता

अनंत ज्ञान, सोलन

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) शिमला में हिमालयन फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचएफआरआई), शिमला के सहयोग से किसान मेले का आयोजन किया गया।

मेले के मुख्यातिथि रोहड़ू के विधायक मोहन लाल बरागटा और विशिष्ट अतिथि पद्मश्री पुरस्कार विजेता नेक राम शर्मा रहे। इस मेले का उद्देश्य किसानों को औषधीय एवं वानिकी पौधों की खेती के बारे में जागरूक करना था, जो पर्यावरण, स्वास्थ्य और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत लाभकारी हैं। शिमला जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 215 से अधिक किसानों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. इंदर देव ने अपने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय और कृषि विज्ञान केंद्र की विस्तार गतिविधियों की जानकारी दी और किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि मोहन लाल बरागटा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती अब विकल्प नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती की उपज को उचित मूल्य प्रदान कर रही है, ताकि किसान बड़े स्तर पर इसे अपना सकें। उन्होंने किसानों को विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न फसलों के लिए दी गई सिफारिशों पर अमल करने का सुझाव दिया, ताकि फसलों को होने वाले नुकसान को कम से कम किया जा सके।

विशिष्टातिथि पद्मश्री नेक राम शर्मा ने प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न (मिलेट्स) के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने दैनिक आहार में मिलेट्स के सेवन से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया और किसानों से अपनी भावी पीढ़ी को प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया। एचएफआरआई के निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने औषधीय पौधों के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी और किसानों को औषधीय पौधों की खेती से फसल विविधीकरण अपनाने और समृद्ध वन संपदा के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों से कहा कि ये भविष्य हैं, और भविष्य में अच्छा मुनाफा कमाने के लिए किसानों को वर्तमान में ही इनकी खेती करनी चाहिए। वहीं, नौणी विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान डॉ. संजीव चौहान ने किसान-वैज्ञानिक सहयोग और जलवायु अनुकूल खेती की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने वैज्ञानिकों से समय-समय पर किसानों के पास जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने बताया की इस वर्ष कई बगीचों में पत्ती संबंधित बीमारियां आई लेकिन जिन किसानों ने विश्वविद्यालय की सिफारिशों का पालन किया था उनके बागीचों में पत्ते बिल्कुल सही रहे। इस अवसर पर डॉ. अश्विनी कटवाल ने रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों और भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम का समापन केवीके शिमला की प्रभारी डॉ. उषा शर्मा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# छात्राओं को दी गुड टच- बेड टच की जानकारी

अनंत ज्ञान, राजगढ़। पीएम श्री उत्कृष्ट संस्थान राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में प्रधानाचार्य कांता देवी की अध्यक्षता में छठी से 12वीं कक्षा की छात्राओं के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विशेष रूप से पूजा साहनी मनोवैज्ञानिक द्वारा अपने चार प्रशिक्षु सहित स्कूल की सभी छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें छात्राओं को तनाव मुक्त जीवन शैली, गुड टच और बेड टच, अपने तनाव को कम कैसे करें, अपने आप को कैसे स्वस्थ रखें तथा असहज परिस्थिति में किस तरह से अपनी रक्षा करनी है आदि संपूर्ण जानकारी दी गई तथा सभी छात्राओं से उनके मन में चल रहे सभी प्रकार के प्रश्नों का बड़ी सहज्जता से जवाब दिया। इसमें सभी छात्राओं ने अपनी रुचि दिखाई। प्रधानाचार्य कांता चौहान द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया तथा सभी छात्राओं से अपील की कि आपको अगर किसी प्रकार की कोई भी समस्या हो तो कोई भी छात्रा उनसे व्यक्तिगत तौर से बात कर सकती है।

# पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में अंडर-19 गर्ल्स टूर्नामेंट का आगाज



ऑल इंडिया आईपीएससी सॉकर टूर्नामेंट गर्ल्स टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन।

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर में ऑल इंडिया आईपीएससी सॉकर टूर्नामेंट अंडर-19 गर्ल्स टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन समारोह 30 सितंबर को विद्यालय के मुख्य खेल मैदान 'एरेना' की शानदार फ्लडलाइट्स में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्यातिथि श्वेता ठाकुर एएसपी सेंट्रल डिफेंस ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, पुलिस मुख्यालय) चंडीगढ़, उपस्थित रहीं। समारोह का आरंभ प्रतिभागी टीमों के भव्य मार्च पास्ट से हुआ। इसके बाद पाइनग्रोव की स्पोर्ट्स प्रीफेक्ट, आशिका शर्मा के नेतृत्व में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की भव्यता को बढ़ाते हुए बैंड प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। इसमें पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर की गर्ल्स पाइप बैंड और लड़कों के ब्रास बैंड के साथ-साथ पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू के लड़कों के ब्रास बैंड ने एक अत्यंत प्रभावशाली, जीवंत व रोमांचक प्रस्तुति दी।

उद्घाटन मैच में पाइनग्रोव स्कूल ने इंदौर की एमेरेल्ड हाइट्स को 4-0 के बड़े अंतर से हराकर मैदान का वातावरण और भी रोमांचक बना दिया। पाइनग्रोव की सुबेक्छा लिंबू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया।




# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मिलेगा फेस्टिवल एडवांस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों को 13,000 रुपए का ब्याज मुक्त फैस्टीवल एडवांस देने का निर्णय लिया है। फैस्टीवल एडवांस लेने के इच्छुक कर्मचारियों को 14 अक्तूबर, 2025 तक आवेदन करना होगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का भी दायित्व है, ने इस सम्बन्ध में एक पत्र जारी किया है।

यह अग्रिम राशि स्थायी एवं अस्थायी, दोनों प्रकार के नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मिलेगी, बशर्ते उनके अगले दस माह तक सेवा में बने रहने की संभावना हो। अस्थायी कर्मचारियों के लिए अग्रिम राशि एक स्थायी कर्मचारी की जमानत पर ही स्वीकृत की जाएगी। अग्रिम संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और यह राशि दस समान मासिक किस्तों में वापस ली जाएगी। स्वीकृत राशि 17 अक्टूबर, 2025 तक आहरित एवं वितरित की जानी आवश्यक है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि वर्क-चार्ज स्टाफ, आकस्मिक वेतन भोगी कर्मचारियों, दैनिक वेतन भोगियों और अनुबंधित कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। यह सुविधा ऐसे कर्मचारियों को भी नहीं मिलेगी जो निलंबित हैं या जिनके विरुद्ध हरियाणा सिविल सेवा (शिकायत एवं अपील) नियम, 2016 के नियम-7 के अंतर्गत कार्यवाही लंबित है। मूल विभाग द्वारा ऐसे कर्मचारियों को भी अग्रिम राशि प्रदान नहीं की जानी चाहिए जो किसी अन्य सरकारी विभाग, निगम या स्थानीय निकाय आदि में प्रतिनियुक्ति पर हैं।

यदि पति-पत्नी दोनों सरकारी सेवा में हैं तो फेस्टिवल एडवांस केवल एक को ही दिया जाएगा। यदि किसी अयोग्य कर्मचारी को अग्रिम स्वीकृत किया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी अधिकारी पर होगी और उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## महानगरीय विकास प्राधिकरणों में प्री-ऑडिट स्कीम लागू

**हरियाणा** सरकार ने फरीदाबाद, पंचकूला, सोनीपत और हिसार महानगरीय विकास प्राधिकरणों में स्थानीय लेखा विभाग की 'पूर्व-लेखा योजना' (प्री-ऑडिट स्कीम ) को लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का भी दायित्व है, ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इन महानगरीय विकास प्राधिकरणों में तत्काल प्रभाव से अधिकारी-कर्मचारियों को पूर्व-लेखा योजना का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है। फरीदाबाद महानगरीय विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त कार्यभार नगर निगम फरीदाबाद में संयुक्त निदेशक राजीव शर्मा, वाईएमसीए फरीदाबाद में वरिष्ठ लेखा परीक्षक अमित, फरीदाबाद सर्किल-1 में लेखा परीक्षक कृष्ण तथा एचवीएसयू पलवल में लेखा परीक्षक अंकुश कुमार को सौंपा गया है।

## नहरी तंत्र को किया जा रहा तर्कसंगत : श्रुति

**अनंत ज्ञान, चडीगढ़।** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि किसानों व जनता के हितों का ध्यान रखकर व एलडब्ल्यूएस सर्कल की परियोजनाओं में देरी होने के कारण जून, 2020 के आदेशों को रद्द कर दिया गया। नहरी तंत्र को तर्कसंगत बनाते हुए जिन नहरों का नियंत्रण लोहारू डिवीजन को सौंपा गया था, किसानों की मांग पर उन नहरों को वापिस मूल डिवीजन में कर दिया गया है ताकि हैड से टेल तक पानी का कुशल प्रबंधन हो सके।

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी गत देर सायं चंडीगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान जून, 2020 में जारी आदेशों की समीक्षा की है और उन्हें रद्द कर दिया है।

सरकार ने इन नहरों को उनके मूल डिवीजनों में बहाल करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, इन नहरों की मरम्मत और पुनर्वास के बाद पानी की उपलब्धता में सुधार हुआ है। श्रुति चौधरी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम से अब नहरें एक ही डिवीजन के अधीन रहेगी, जिससे सिर से टेल तक संतुलित वितरण सुनिश्चित होगा।

# कांग्रेस पार्टी में साफ छवि वाला नहीं मिला व्यक्ति : रामपाल माजरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय पर इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की पैसे लेकर सीएलयू करवाने की सीडी जारी की।

उन्होंने भूपेंद्र हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनने की बधाई के साथ साथ बीजेपी को भी बधाई दी कि भाजपा जिसको चाहती थी उसको फिर से कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष बना दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हाल ही में एक बयान दिया था कि हरियाणा की कमान किसी युवा के हाथ में देंगे लेकिन उसके उलट भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बना दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी भी चाहती थी कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस विधायक दल के नेता बने।

इसी के चलते पिछले 1 साल से भूपेंद्र सिंह हुड्डा से कोठी खाली नहीं करवाई।

इस दौरान डबवाली से इनेलो के विधायक अदित्य देवीलाल एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ सतबीर सैनी भी मौजूद रहे। राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाने में पार्टी की कौन सी मजबूरी है।

## हेक्साफन अब चंडीगढ़ में, नेक्सस इलांते मॉल में एक साल तक मुफ्त सॉक्स पाने का मौका

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सॉक्स और लाइफस्टाइल एक्सेसरीज को नए अंदाज में पेश करने वाले ब्रांड, हेक्साफन ने चंडीगढ़ के नेक्सस इलांते मॉल (पहली मंज़िल) पर अपना पहला पॉप-अप लॉन्च किया है। यह ब्रांड मज़ेदार और उपयोगी चीज़ों को एक साथ लाने के लिए जाना जाता है।



लॉन्च जश्न में ब्रांड ग्राहकों के लिए खास ऑफर लेकर आया है सिर्फ 999 रुपए की खरीदारी करें और पूरे साल के लिए मुफ्त सॉक्स पाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रभजोत ने संभाला राजस्व एवं आपदा प्रबंधन सचिव का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तत्काल प्रभाव से आई.ए.एस. अधिकारी तथा तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक श्री प्रभजोत सिंह को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने एच.सी.एस. अधिकारी तथा वित्त विभाग में उप सचिव डॉ. इंद्र जीत की सेवाएं तत्काल प्रभाव से चंडीगढ़ प्रशासन को सौंपने का लिया है।

### कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीज ने बाढ़ राहत सामग्री भेजी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बाढ़ पीड़ितों की सेवा करने और निराश लोगों में आशा जगाने के वरिष्ठ पादरी कंचन मित्तल के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीज़ (केएमएम) ने पंजाब और हरियाणा के प्रभावित क्षेत्रों में समय पर बाढ़ राहत काम शुरू किये। प्रेरित अभिषेक मित्तल ने ज़मीनी स्तर पर प्रयासों का नेतृत्व किया और बाढ़ प्रभावित गाँवों में सैकड़ों परिवारों तक व्यक्तिगत रूप से आवश्यक सहायता और आध्यात्मिक सहयोग पहुँचाया। इस राहत पहल में खाद्य आपूर्ति, स्वच्छ जल, वस्त्र, स्वच्छता किट का वितरण और संकटग्रस्त लोगों के लिए प्रार्थना शामिल थी। पादरी आशीष मित्तल ने कार्यों के आयोजन और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, यह सुनिश्चित करते हुए कि राहत सामग्री कुशलतापूर्वक जुटाई जाए और सबसे अधिक प्रभावित समुदायों तक पहुँचे। प्रेरित अभिषेक मित्तल ने कहा, 'यह चर्च के लिए प्रेम से कार्य करने का क्षण है। हम केवल सहायता ही नहीं पहुँचा रहे हैं–हम यीशु मसीह की आशा को हर घर तक पहुंचा रहे हैं। कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीज दीर्घकालिक पुनर्वास प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस मिशन में योगदान देने वाले सभी स्वयंसेवकों और साझेदारों के प्रति आभार व्यक्त करती है।

### राज्यपाल ने माता मनसा देवी के दरबार में टेका माथा

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने आज अष्टमी के पावन अवसर पर अपनी धर्मपत्नी मित्रा घोष के साथ माता मनसा देवी मंदिर, पंचकूला में दर्शन कर महामायी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशा यादव ने राज्यपाल को माता का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

# श्री सनातन धर्म दशहरा कमेटी की दशहरा मनाने की तैयारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री सनातन धर्म दशहरा कमेटी सेक्टर 46 चडीगढ़ की ओर से बड़ी धूमधाम और श्रद्धा से मनाया जा रहा है। कमेटी के चीफ पैट्रन कम चेयरमैन जतिन्दर भाटिया, प्रधान नरिंदर भाटिया तथा महासचिव सुशील सोवत व अन्य मेंबरों ने बताया कि उनकी कमेटी की ओर से आयोजित किये जा रहे इस 28वे आयोजन में इस बार सोने की लंका दहन के साथ रावण दहन के दौरान रथ पर सवार रावण के पुतले की घूमती हुई गर्दन व चेहरा और नाभि में से निकलती हुई अमृत कुंड की धारा तथा स्टेज से ही रावण, मेघनाद और कुम्भ कर्ण के पुतलों को रिमोट से अग्नि देना खास आकर्षण का केंद्र होंगे।

भाटिया ने बताया कि कार्यक्रम में पंजाब के राजयपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे। चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ( आईएएस ) तथा प्रशासन के चीफ इंजीनियर सीबी ओझा बतौर विशेष अतिथि उपस्थित होंगे। जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के उपाध्यक्ष प्रोफेसर सिदार्थ शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

## ट्राइडेंट ग्रुप मनाएगा वैल्यूज डे और दिवाली मेला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ट्राइडेंट ग्रुप 2 अक्तूबर को अपना 'वैल्यूज़ डे' मनायेगा और इसके बाद कंपनी की संघेरा और बुधनी स्थित प्रमुख इकाइयों में एक सप्ताह तक दिवाली मेला आयोजित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करना और स्थानीय लोगों को उत्सव की भावना से जोड़ना है।

ट्राइडेंट ग्रुप में 'वैल्यूज डे' श्री राजिंदर गुप्ता के पिता स्व. श्री नोहर चंद गुप्ता जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिनकी विरासत ट्राइडेंट की वैल्यूज़ पर आधारित यात्रा का मार्गदर्शन करती रही है।

'वैल्यूज़ डे', ट्राइडेंट के सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजनों में से एक है, जो ईमानदारी, टीमवर्क, ग्राहक संतुष्टि और सतत विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# डॉक्यूमेंट्री 'बियॉन्ड स्टबल' ने जीता सर्वोच्च सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



'बियॉन्ड स्टबल' – एक सशक्त डॉक्यूमेंट्री फिल्म जो पंजाब में पराली जलाने की समस्या को उजागर करती है, ने प्रतिष्ठित 'ब्रीथ ऑफ चेंज' सीएमएस वातावरण शॉर्ट फिल्म कॉम्पिटिशन में एवार्ड जीता है। यह प्रतियोगिता, जो वायु प्रदूषण पर केंद्रित है, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा एनसीआर एवं आस-पास के क्षेत्रों के लिए कमीशन फ़ॉर एयर क्वालिटी मैनजमेंट (सीएक्यूएम) द्वारा आयोजित की जाती है।

यह एवार्ड फिल्म के डायरेक्टर धार्मिक पटेल को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कमीशन फ़ॉर एयर क्वालिटी मैनजमेंट (सीएक्यूएम) के चेयरपर्सन राजेश वर्मा द्वारा प्रदान किया गया।

इस डॉक्यूमेंट्री का निर्माण बेंगलुरु स्थित डेवलपमेंट स्टार्टअप असर ने क्लीन एयर पंजाब के सहयोग से किया है। सनम वज़ीर, असर में स्टेट क्लाइमेट एक्शन की डायरेक्टर ने कहा कि यह फिल्म किसानों की आवाज़ और स्वच्छ भविष्य के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का उत्सव है।

## प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन पर हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता और जनप्रतिनिधियों की मांगों के अनुसार प्रशासनिक इकाइयों का पुनर्गठन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री आज यहां सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में आयोजित पुनर्गठन उप-समिति की पांचवीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर कमेटी में बतौर सदस्य के रूप में शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा और कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रैसवार्ता में जानकारी देते हुए मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि अब तक पुनर्गठन उप-समिति को 73 प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें 11 नए जिले, 14 उपमंडल, 4 तहसील और 27 उप-तहसील बनाने के प्रस्ताव शामिल हैं।

## देश-विदेश

# चिदंबरम बोले-मैं मुंबई हमले का लेना चाहता था बदला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने मंगलवार को एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतरराष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था।

**मनमोहन सरकार पर था अमेरिकी दबाव, इसलिए पाक पर नहीं की कार्रवाई**



चिदंबरम ने बताया कि पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा, कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा। कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी। मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी।

विदेश मंत्रालय का मानना था कि सीधा हमला नहीं करना चाहिए। इसके बाद सरकार ने कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर इस लिखा कि पूर्व गृह मंत्री ने मान लिया है कि देश पहले से जानता था कि मुंबई हमलों को विदेशी ताकतों के दबाव के चलते सही तरीके से हैंडिल नहीं किया गया। (अनंत ज्ञान)

## सोने ने दिया 14 साल का सबसे तगड़ा रिटर्न

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने की कीमतें मंगलवार को एक बार फिर से रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गई है और यह बीते 14 वर्षों में सबसे अधिक मासिक रिटर्न देने को तैयार है। इसकी वजह अमेरिकी सरकार के शटडाउन की संभावना और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में एक और कटौती की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप सोने में निवेश करने की सोच रहे हैं तो सितंबर में सोने की कीमतों में 11.4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और यह अगस्त 2011 के बाद बाजार का सबसे अच्छा प्रदर्शन है, जब सोने ने 15 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया था। दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव बढ़कर 1,16,560 रुपए प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा है। वहीं, चांदी की कीमत 1,53,200 रुपए प्रति एक किलोग्राम है। (अनंत ज्ञान)

# डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना का अरब-इस्लामी देशों ने किया स्वागत

**एजेंसी, दुबई**

आठ अरब और मुस्लिम बहुल देशों ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा युद्ध को खत्म करने और क्षेत्र में शामिल बहाल करने के लिए पेश की गई 20 सूत्री योजना का स्वागत किया। यह योजना ट्रंप और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई बातचीत के बाद पेश की गई थी। इसमें गाजा युद्ध को तत्काल रोकने और हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों को 72 घंटों के भीतर रिहा करने का प्रस्ताव है।

हालांकि, हमास ने अभी तक इस शांति योजना को स्वीकार नहीं किया है। जिन देशों के विदेश मंत्रियों ने इस योजना का समर्थन किया है, उनमें जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्किये, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका के साथ साझेदारी जरूरी है।

संयुक्त बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रियों ने राष्ट्रपति ट्रंप की उस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने गाजा में युद्ध समाप्त करने, गाजा में पुनर्निर्माण करने, फिलीस्तीनी लोगों के विस्थापन को रोकने और शांति की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही है। इन देशों ने यह भी दोहराया कि वे अमेरिका के साथ मिलकर ऐसा व्यापक समझौता चाहते हैं, जिससे गाजा में बिना किसी बाधा के पर्याप्त मानवीय मदद पहुंचाई जा सके और युद्ध का स्थायी समाधान निकले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहले इस योजना का स्वागत कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## रेवन्ना ने बलात्कार के मामले में अदालत में दी चुनौती

**एजेंसी, बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने बलात्कार के एक मामले में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ कर्नाटक उच्च न्यायालय में अपील दायर की है। पिछले महीने रेवन्ना को दोषी ठहराने वाली एक विशेष अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज, यौन शोषण और बलात्कार के चार मामलों में से एक में उन्हें शेष जीवन के कारावास की सजा सुनाई थी और जुर्माना भी लगाया था। सांसदों/विधायकों के मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने दो अगस्त को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी रेवन्ना को सजा सुनाई थी और 11.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था और कहा था कि इस जुर्माने की राशि में से 11.25 लाख रुपए पीड़िता को दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## गुजरात-महाराष्ट्र में बारिश से कई गांव जलमग्न

**एजेंसी, नासिक।** गुजरात में मंगलवार को कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। इससे वलसाड और नवसारी जिलों में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। द्वारका में कल्याणपुर को पोरबंदर से जोड़ने वाला स्टेट हाईवे डूब गया। कल्याणपुर के पास एक कार पानी में बह गई और वडोदरा में गरबा पंडाल ढह गए। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के आठ जिलों में 3,050 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। एक जून से 29 सितंबर तक बारिश-बाढ़ के कारण 104 लोगों की मौत हो गई है। नांदेड़ में सबसे ज्यादा 28 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा संभाजीनगर, बीड, हिंगोली, जालना, धाराशिव, परभणी और लातूर में लोगों की जान गई। मराठवाड़ा की 2,701 किलोमीटर सड़कें टूट गईं और 1,504 पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। 1,064 स्कूल, 352 केंद्र और 58 सरकारी बिल्डिंगें खराब हुईं। बारिश और बाढ़ को देखते हुए महाराष्ट्र बोर्ड ने 12वीं क्लास के एग्जाम फॉर्म भरने की तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर 20 अक्तूबर कर दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूरे देश से मानसून की विदाई तय समय 15 अक्तूबर तक होने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप को यूट्यूब देगा करीब 24.5 करोड़ डॉलर

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूट्यूब के बीच कानूनी लड़ाई आखिरकार खत्म हो गई है। यूट्यूब ने ट्रंप द्वारा दायर मुकदमे को निपटाने के लिए 24.5 मिलियन डॉलर (करीब 217 करोड़ रुपए) देने पर सहमति जताई है। अदालत में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक, यह रकम व्हाइट हाउस स्टेट बॉलरूम प्रोजेक्ट पर खर्च की जाएगी। दरअसल, 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल हिंसा के बाद यूट्यूब ने ट्रंप का अकाउंट ब्लॉक कर दिया था। प्लेटफॉर्म का कहना था कि ट्रंप की पोस्ट्स से हिंसा भड़कने का खतरा था। इसी फैसले को ट्रंप ने चुनौती दी और गूगल (यूट्यूब की पेरेंट कंपनी) के खिलाफ केस दायर किया। ट्रंप का आरोप था कि उन्हें 'मनमाने और अस्पष्ट नियमों' के आधार पर सोशल मीडिया से हटाया गया। वहीं यूट्यूब ने अदालत में कहा कि वह कोई सरकारी संस्था नहीं है, इसलिए उनके फैसले को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के उल्लंघन के तौर पर नहीं देखा जा सकता। (अनंत ज्ञान)

**2021 अकाउंट सस्पेंशन पर हुआ समझौता**

# बिहार की फाइनल वोटर लिस्ट में 7.24 करोड़ मतदाता

**एजेंसी, पटना**

भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। हाल ही में कराए गए वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद यह अंतिम मतदाता सूची तैयार की गई है। फाइनल वोटर लिस्ट को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। इसी के आधार पर बिहार में विधानसभा चुनाव होंगे। आयोग 6 अक्तूबर के बाद कभी भी बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है।



बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से कहा गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। कोई भी मतदाता चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर मतदाता सूची में अपने नाम का विवरण देख सकते हैं। बताया जा रहा है कि प्रकाशित मतदाता सूची में बिहार के 7.24 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इतने मतदाताओं की ओर से अपना गणना फॉर्म भरकर जमा किया गया था। वहीं, दावा-आपत्ति के दौरान 16 लाख 58 हजार 886 पात्र नागरिकों ने फॉर्म-6 भरकर जमा कराया। चुनाव आयोग के अनुसार 36,475 मतदाताओं ने नाम जोड़ने के लिए दावा पेश किया, जबकि 2,17,049 मतदाताओं ने नाम हटाने के लिए आवेदन किए। हालांकि, फाइनल वोटर लिस्ट में मतदाताओं की कुल संख्या की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। वहीं, राज्य के करीब तीन लाख मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए जाने को लेकर नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया। अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में एसआईआर के दौरान मृतक, स्थानांतरित एवं दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम शामिल नहीं किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# आरएसएस के 100 साल होने पर देश में होंगे 7 कार्यक्रम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इस साल दशहरा से अपना शताब्दी वर्ष कार्यक्रम शुरू कर रहा है। 2 अक्तूबर 2025 से 20 अक्तूबर 2026 तक देशभर में सात बड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**स्वयंसेवक घर-घर जाकर बताएंगे संघ के बारे में, विदेश भी जाएंगे मोहन भागवत**

इनका मकसद संघ की सौ साल की यात्रा, वर्तमान चुनौतियों और समाधानों को समाज के सामने रखना है। कार्यक्रम मोहल्ले से लेकर प्रांत स्तर तक होंगे। पश्चिम बंगाल में यह क्रम नवरात्रि के पहले दिन ही शुरू हो चुका है। संघ प्रमुख मोहन भागवत इस दौरान विदेश भी जाएंगे। वह अमेरिका और यूरोप जैसे देशों में कार्यक्रमों को संबोधित कर सकते हैं। संघ प्रमुख किन देशों में जाएंगे, इसका फैसला नवंबर में जबलपुर में होने वाली कार्यकारी मंडल की बैठक में लिया जाएगा।

संघ स्थापना के दिन दशहरे पर होने वाले संघ प्रमुख मोहन भागवत के भाषण में सेना के पराक्रम व ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र शामिल होगा। साथ ही वे वर्तमान में चल रहे मुद्दों जैसे जातिगत जनगणना, जनसंख्या नियंत्रण, आतंकवाद और पाकिस्तान पर भी बोलेंगे। (अनंत ज्ञान)

## लगातार 8वें दिन गिरे सेंसेक्स-निफ्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी है। बाजार लगातार आठवें दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। दोनों बेंचमार्क इंडेक्स- सेंसेक्स और निफ्टी ने 30 सितंबर को शुरुआती कारोबार की बढ़त गंवा दी। दोनों दिन के ऊपरी स्तर से क्रमश: 400 अंक और 120 अंक नीचे बंद हुए। 30 सितंबर को सेंसेक्स 97.32 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 80,267.62 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 23.8 अंक यानी 0.1 प्रतिशत फिसलकर 24,611.10 पर आ गया। (अनंत ज्ञान)

# इंदौर के डीएवीवी में जेन-जेड प्रोटेस्ट जैसी साजिश : रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) के आईईटी कैंपस में एंटी रैगिंग कमेटी की जांच रिपोर्ट ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीनियर छात्रों ने नेपाल में हुए आंदोलनों की तर्ज पर यहां जेन-जेड स्टाइल में प्रोटेस्ट करने की तैयारी की थी। इसके लिए जूनियर छात्रों पर दवाब बनाकर उनसे फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनवाए गए और उन्हें विरोध से जुड़े पोस्ट व ट्वीट करने के निर्देश दिए गए। मामला सामने आने के बाद एंटी रैगिंग कमेटी ने जांच की और जूनियर छात्रों के बयानों में नेपाल जैसी तैयारी करने का जिक्र भी किया गया है।

**बनवाए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट**

दरअसल करीब एक महीने पहले डीएवीवी के इंजीनियरिंग कॉलेज के आईईटी कैंपस में सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्र की रैगिंग की थी, जिसके आधार पर जांच में तीन सीनियर छात्रों को हॉस्टल से बेदखल करने के साथ एक सेमेस्टर से बाहर किया गया था। जानकारी में सामने आया है कि इन्हीं छात्रों ने इस साजिश को रचा था। छात्रों द्वारा सीसीटीवी कैमरों के साथ तोड़फोड़ करने का मामला भी सामने आया है। (अनंत ज्ञान)

**हैरत**

## राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रिपोर्ट में हुए खुलासे, एसटी के विरुद्ध अपराधों में वृद्धि

# भारत में हत्या की घटनाएं घटीं, लेकिन साइबर क्राइम बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत में 2023 में हत्या के 27,721 मामले दर्ज किए गए जो 2022 की तुलना में 2.8 प्रतिशत कम हैं, जबकि इसी अवधि में अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ अपराधों में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि साइबर अपराधों में 31.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 2023 में साइबर अपराधों के 86,420 मामले दर्ज किए गए थे जबकि



2022 में 65,893 मामले दर्ज किए गए थे। अपराधों और प्रवृत्तियों के राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने खुलासा किया कि 2022 में भारत में हत्या के 28,522 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में घटकर 27,721 रह गए, यानी 2.8 प्रतिशत की गिरावट हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''2023 के दौरान हत्या के सबसे ज्यादा मामलों का कारण 'विवाद' (9,209 मामले) था, इसके बाद 'व्यक्तिगत प्रतिशोध या दुश्मनी' (3,458 मामले) और 'लाभ' के 1,890 मामले थे।'' अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ अपराधों में 28.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2022 में 10,064 मामलों से बढ़कर 2023 में 12,960 हो गई। इस श्रेणी में कुल अपराध दर भी 2022 में 9.6 से बढ़कर 2023 में 12.4 हो गई। (अनंत ज्ञान)

### साइबर अपराध की दर 4.8 से बढ़कर 6.2 प्रतिशत हुई

**एनसीआरबी** के अनुसार, 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अपराध दर प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध के मामले हैं। रिपोर्ट में कहा गया, ''महानगरों के लिए अपराध दर की गणना 2011 की वास्तविक जनगणना के आधार पर की गई है। साधारण चोट से संबंधित मामले कुल मामलों का 21.3 प्रतिशत हैं, इसके बाद दंगों के 1707 मामले हैं, जो कुल प्राथमिकियों का 13.2 प्रतिशत हैं और बलात्कार के 1189 मामले हैं जो कुल संख्या का 9.2 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साइबर अपराध की दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 0.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखी गई, जो 2022 में 4.45 लाख मामलों से बढ़कर 2023 में 4,48,211 मामले हो गए।

## स्पोर्ट्स विंडो

### वेस्टइंडीज को भारत के खिलाफ अहम मौकों को भुनाना होगा : वॉरिकन

**एजेंसी, अहमदाबाद ।** बायें हाथ के स्पिनर जोमेल वॉरिकन ने कहा कि वेस्टइंडीज को अपने पिछले टेस्ट में 27 रन पर ऑलआउट होने की शर्मिंदगी को पीछे छोड़कर भारत के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में चुनौती देने के लिए अहम क्षणें को भुनाना होगा। जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने सबसे कम टेस्ट स्कोर पर ढेर होने वाली कैरेबियाई टीम के सामने बृहस्पतिवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में शानदार फॉर्म में चल रही भारत की कड़ी चुनौती होगी। वॉरिकन ने अभ्यास सत्र के बाद मीडिया से कहा, ''कोई भी टीम कभी नहीं चाहती कि वह 23 या 24 या जो भी स्कोर था, उस पर आउट हो जाए। हमें उस अनुभव से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''इससे सीखना और आगे बढ़ने की कोशिश करना और यह दिखाना बहुत महत्वपूर्ण है कि हम क्या करने में सक्षम हैं, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की थी लेकिन अहम क्षणों को हम भुना नहीं पाए और हमसे बेहतर प्रदर्शन किया।''

### खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी और 28 अक्तूबर को आवेदन करने की आखिरी तारीख है । डोपिंग उल्लंघन के मामलों में सजा पा चुके खिलाड़ी तभी पुरस्कार के पात्र होंगे जब सजा की अवधि खत्म हो चुकी हो। मंत्रालय ने कहा,'' निलंबन या सजा के दौरान की उपलब्धियां नहीं गिनी जाएगी । जिस खिलाड़ी के खिलाफ जांच चल रही है या लंबित है, उसे भी पुरस्कार के योग्य नहीं माना जाएगा ।' भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त सचिव (खेल), निदेशक या उप सचिव (खेल) और खेल विभाग और कार्यकारी निदेशक (टीमें) या निदेशक (टीमें) आवेदन की छंटनी करेंगे । मंत्रालय ने कहा ,'' खिलाड़ियों के आवेदन और राष्ट्रीय खेल महासंघों और साइ की रिपोर्ट समिति के सामने रखी जाएगी । मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के तहत 25 लाख रुपए नकद, एक पदक और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है । अर्जुन पुरस्कार के तहत 15 लाख नकद पुरस्कार दिया जाएगा । मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा ,'' योग्य खिलाड़ी , कोच और अन्य आनलाइन माध्यम से डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट डीबीटीवाईएएस स्पोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन पर 28 अक्तूबर तक आवेदन भेज सकते हैं ।''

### कार्ल लुईस दिल्ली हाफ मैराथन के अंतरराष्ट्रीय इवेंट दूत बने

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में शुमार कार्ल लुईस को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का इवेंट दूत बनाया गया है । आयोजकों ने मंगलवार को कहा कि नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी फर्राटा धावक और लंबी कूद के खिलाड़ी लुईस 12 अक्टूबर को दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे । लुईस ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' दौड़ संभावना और प्रगति की सार्वभौमिक भाषा है । वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जैसे आयोजन साबित करते हैं कि खेलों का जादू रिकॉर्ड और पदक से इतर है । यह जिंदगियां बदल देता है और सपने देखने के लिये प्रेरित करता है ।'' चार ओलंपिक खेलों में नौ स्वर्ण पदक जीत चुके लुईस ने 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 100 मीटर, 200 मीटर, ऊंची कूद और चार गुणा 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीते थे ।

### शादी के बंधन में बंधेंगे पहलवान दीपक

**हरियाणा ।** छारा गांव निवासी ओलिंपियन पहलवान दीपक पुनिया जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। बहादुरगढ़ में उनकी रिंग सेरेमनी हुई। शिवानी 23 वर्ष की है और फिलहाल पढ़ाई कर रही हैं।



### दलीप ट्रॉफी में गेंदबाजी ने लय हासिल करने में मदद की : कुलदीप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंतिम एकादश में जगह बनाने में नाकाम रहे भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि दलीप ट्रॉफी में ' काफी अधिक गेंदबाजी करने' से उन्हें एशिया कप के लिए अपनी लय वापस पाने में मदद मिली। कुलदीप ने इस टूर्नामेंट को 17 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उनका गेंदबाजी औसत 9.29 रहा। पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को दुबई में खेले गये फाइनल में उन्होंने विपक्षी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाते हुए 30 रन देकर चार विकेट झटके। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा जारी वीडियो में रिंकू से बातचीत के दौरान कहा, '' जब आप लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेलते हैं, तो आपको लय की जरूरत होती है। मुझ दलीप ट्रॉफी में गेंदबाजी करने का काफी मौका मिला ऐसे में जब मैं टूर्नामेंट के लिए आया तो मेरी गेंदबाजी जाहिर तौर पर अच्छी चल रही थी।'' कुलदीप ने अपने प्रदर्शन पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा, ''मेरी भूमिका बीच के ओवरों में रन को नियंत्रित करने और विकेट लेने की थी। कप्तान को मुझ पर बहुत भरोसा था और मैंने अपनी भूमिका को बहुत अच्छे से निभाया।'' वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल के साथ कुलदीप ने शानदार स्पिन तिकड़ी बनाई। इस तिकड़ी ने अपनी विविधता से बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। अबूझ स्पिनर वरुण ने कहा कि पावरप्ले के साथ-साथ आखिरी ओवरों में गेंदबाजी करने जैसे कठिन कार्य को सौंपे जाने के बाद वह टीम प्रबंधन की उम्मीदों पर खरा उतर कर खुश हैं। उन्होंने कहा, '' निश्चित रूप से जब जीजी और (कप्तान) सूर्या ने मुझे बताया कि मुझे इस टूर्नामेंट में मुश्किल भूमिका निभानी होगी, जैसे कि पावरप्ले और आखिरी ओवरों में भी गेंदबाजी करना।''

## एशिया कप फाइनल हारने के बाद पीसीबी का फैसला

# पाक खिलाड़ी नहीं खेल सकेंगे विदेशी टी-20 लीग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विदेशी टी-20 लीग में खेलने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ियों के नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एओसी) सस्पेंड कर दिए हैं। बोर्ड ने यह फैसला एशिया कप फाइनल के एक दिन बाद लिया। बोर्ड ने इस फैसले का कारण नहीं बताया है।

एशिया कप फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराया था एशिया कप का फाइनल 28 सितंबर को दुबई में भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया। इसमें टीम इंडिया ने पाक को 5 विकेट से हराया। यह इस टूर्नामेंट में भारत की पाकिस्तान पर लगातार तीसरी जीत थी।

क्रिकइंफो के मुताबिक, बोर्ड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुमैर अहमद सैयद ने 29 सितंबर को एक नोटिस भेजकर खिलाड़ियों और एजेंट्स को इस फैसले की जानकारी दी। नोटिस में लिखा था, पीसीबी चीफ के अनुसार लीग और अन्य विदेशी टूर्नामेंटों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के सभी एनओसी अगले आदेश तक सस्पेंड कर दिए गए हैं। वहीं पूर्व पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद रिजवान हाल ही में कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेले थे।



### पाक के कई क्रिकेटर्स को होगा नुकसान

**आईएलटी20** का 1 अक्तूबर को यूएई में ऑक्शन एनओसी सस्पेंड होने से पाकिस्तान के कई क्रिकेटर्स को नुकसान होगा। इनमें बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, फहीम अशरफ और शादाब खान शामिल हैं। यह खिलाड़ी इस साल ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले थे। हारिस रऊफ और अन्य खिलाड़ी भी फ्रेंचाइजी लीग में जाने वाले थे। आईएलटी 20 का 1 अक्तूबर को यूएई मेंऑक्शन होगा। इसके लिए 18 पाकिस्तानी खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट हुए हैं।

### ग्लोबल टी-20 लीग में नहीं खेल सकेंगे खिलाड़ी

**पाकिस्तानी** खिलाड़ी कनाडा टी-20 लीग में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। पीसीबी ने एक महीने पहले ग्लोबल टी-20 कनाडा लीग में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के एनओसी पर रोक लगा दी थी। पीसीबी ने उस्मान वाहला को सस्पेंड किया था इससे पहले, एशिया कप के दौरान पाक बोर्ड ने एक और बड़ा एक्शन लिया था। हैंडशेक विवाद के बाद टीम मैनेजर उस्मान वाहला को निलंबित कर दिया था।

### पाकिस्तानी क्रिकेट खिलाड़ियों का बाउंस हुआ चेक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तानी क्रिकेटर्स और उनकी सरकार का आए दिन मजाक बनते ही रहता है। इस बीच पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी सईद अजमल के पॉडकॉस्ट का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस वीडियो में भी खिलाड़ी ने अपनी सरकार की पोल खोलकर रख दी है। दरअसल हुआ कुछ यूं था कि पाकिस्तान ने 2009 का टी20 वर्ल्ड कप जीता था। सईद अजमल ने टूर्नामेंट में 12 विकेट लिए थे और पाकिस्तान को चैंपियन बनाने में उनकी बड़ी भूमिका रही थी। वर्ल्ड कप जीतने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी ने पाकिस्तानी टीम को बुलाया। खिलाड़ियों को 25-25 लाख पाकिस्तानी का चेक थमाते हुए फोटो खिंचवाए। क्रिकेटरों को 25-25 लाख रुपए देने की बात से खिलाड़ी, फैन खुश थे लेकिन हुआ क्या? प्रधानमंत्री का दिया चेक ही बाउंस हो गया। हमने कहा- गवर्नमेंट का चेक बाउंस हो गया! उन्होंने कहा कि पीसीबी के चेयरमैन चेक आपको देंगे। चेयरमैन साहब ने साफ इनकार कर दिया।

# महिला विश्व कप में दीप्ति और अमनजोत ने जड़े अर्धशतक



**एजेंसी, गुवाहाटी**

महिला विश्व कप का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच खेला गया। गुवाहाटी में हुए मुकाबले में श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने 47 ओवर की पारी में 8 विकेट पर 269 रन बनाए। बारिश के कारण इस पारी में 3 ओवर कम किए गए।

एक समय टीम इंडिया का स्कोर 124/6 हो गया था। यहां दीप्ति शर्मा (53) और अमनजोत कौर (57 रन) ने शतकीय साझेदारी करके टीम स्कोर 250 पार पहुंचा दिया। श्रीलंका की ओर से इनोका राणावीरा ने 4 विकेट झटके। वहीं चामरी अटापट्टू श्रीलंका की ओर से 59वें वनडे मैच में कप्तानी कर रही है। सबसे ज्यादा वनडे में कप्तानी के मामले में उन्होंने शशिकला श्रीवर्धने को पीछे छोड़ा। मैच से पहले बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल ने राष्ट्रगान गाकर माहौल देशभक्ति वाला बना दिया। उधर, ओपनिंग सेरेमनी में बंगाली गायक पापोन ने अपनी शानदार आवाज के साथ फैंस का मनोरंजन किया। वहीं, जोई बरुआ ने जुबीन गर्ग के गाने गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। 19 सितंबर को सिंगापुर में एक हादसे में जुबीन गर्ग की मौत हो गई थी।

# नेपाल ने वेस्टइंडीज को हराकर जीती टी20 श्रृंखला

**एजेंसी, शारजाह**




एक बड़े उलटफेर में नेपाल ने वेस्टइंडीज को रिकॉर्ड 90 रन से हराकर एक मैच बाकी रहते टी20 श्रृंखला जीत ली।

नेपाल ने दो बार की चैंपियन टीम को शनिवार को 19 रन से हराया जो आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश के खिलाफ उसकी पहली जीत थी । दूसरे मैच में नेपाल ने छह विकेट पर 173 रन बनाए जिसमें आसिफ शेख और संदीप जोरा ने अर्धशतक जड़े। शेख ने 47 गेंद में 68 रन बनाए जबकि जोरा ने 39 गेंद में 63 रन बनाए । इसके बाद कैरेबियाई टीम को 17 . 1 ओवर में 83 रन पर आउट कर दिया । मध्यम तेज गेंदबाज मोहम्मद आदिल आलम ने 24 रन देकर चार विकेट लिए । वेस्टइंडीज की दूसरे दर्जे की टीम में 19 वर्ष के लेग स्पिनर जीशान मोटारा को उतारा गया जो श्रृंखला में पदार्पण करने वाले उसके पांचवें खिलाड़ी थे। वेस्टइंडीज का 83 रन का स्कोर टी20 में किसी एसोसिएट टीम के खिलाफ पूर्णकालिक सदस्य टीम का न्यूनतम स्कोर है ।

वहीं 90 रन से जीत किसी एसोसिएट टीम की पूर्णकालिक सदस्य टीम के खिलाफ टी20 में सबसे बड़ी जीत है । तीसरा टी20 मंगलवार को खेला जाएगा ।( अनंत ज्ञान)

# सिनेर चाइना ओपन के फाइनल में



**एजेंसी, बीजिंग**

शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने एलेक्स डि मिनौर को हराकर चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया । सिनेर ने 6 . 4, 3 . 6 , 6 . 2 से जीत दर्ज करके हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में लगातार नौवे फाइनल में जगह बनाई । अब उनका सामना दानिल मेदवेदेव या लर्नर टियेन से होगा ।

### अमेरिका की कोको गाफ बेलिंडा बेंचिच को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**वहीं** अमेरिका की कोको गाफ ने बेलिंडा बेंचिच को 4 . 6, 7 . 6, 6 . 2 से हराकर चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया । दूसरी वरीयता गाफ का बेंचिच के खिलाफ कैरियर रिकॉर्ड 4 . 2 का हो गया है । पुरूष वर्ग में यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में एलेक्स डि मिनौर से होगा जबकि लर्नर टियेन की टक्कर दानिल मेदवेदेव से होगी ।

# दिनेश कार्तिक आईएलटी20 में शारजाह वॉरियर्स से जुड़े

**एजेंसी, शारजाह**

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक मंगलवार को इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के चौथे सत्र से पहले शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़ गए।

कार्तिक ने वॉरियर्स टीम में श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह ली। इस टीम के कोच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी हैं। कार्तिक ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ''मैं डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 टूर्नामेंट के लिए शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़कर बहुत उत्साहित हूं। मैं जानता हूं कि वे एक युवा टीम है और जो कुछ खास करने की ख्वाहिश रखते है।

मैं यहां आकर खुश हूं।'' कार्तिक ने कहा, ''शारजाह भी उन प्रतिष्ठित स्टेडियमों में से एक है जहां हर कोई खेलना चाहता है। शारजाह वॉरियर्स फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना एक सपने के सच होने जैसा है।'' कार्तिक के लिए यह दूसरी विदेशी टी20 लीग होगी। वह इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में एसए20 की की टीम पार्ल रॉयल्स का हिस्सा रह चुके है। रॉयल्स के लिए उन्होंने छह पारियों में 97 रन बनाए थे। कार्तिक आईपीएल 2025 चैंपियंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच भी हैं। आरसीबी में कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड के साथ मिलकर काम किया था, जो शारजाह वॉरियर्स के विदेशी खिलाड़ियों में से एक हैं।

**कार्तिक के लिए यह दूसरी विदेशी टी20 लीग**

### कार्तिक ने टी20 क्रिकेट में हासिल की है महारत : डुमिनी

वॉरियर्स के मुख्य कोच डुमिनी ने कहा, ''दिनेश कार्तिक सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्हें टी20 क्रिकेट में महारत हासिल है। मैं डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के आगामी सत्र के लिए उन्हें अपनी टीम में पाकर बहुत उत्साहित हूं।'' कार्तिक के नाम 412 टी20 मैचों में 7437 रन है। उन्होंने इस दौरान 136.66 की स्ट्राइरेट से रन बनाने के साथ 35 अर्धशतक जड़े हैं। उन्होंने भारत के लिए 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 142.61 स्ट्राइक रेट से 686 रन बनाए हैं।

### पाक खिलाड़ियों की छींटाकशी का सही जवाब एशिया कप जीतना था : तिलक

**एजेंसी, हैदराबाद ।** एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरूआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था । तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की । तिलक ने दुबई से कल रात यहां पहुंचने के बाद कहा ,'' शुरूआत में कुछ दबाव और तनाव था लेकिन मैने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिए जीतना चाहता था । मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा ।''

उन्होंने कहा ,'' मैने बेसिक्स पर भरोसा रखा जो मैने शुरूआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया । उन्हें सबसे सही जवाब यही था कि हम एशिया कप जीत जायें और हमने वही किया ।'' तिलक ने स्वीकार किया कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मैच में जमकर छींटाकशी की लेकिन उन्होंने खामोश रहना पसंद किया । उन्होंने कहा ,'' हमने तीन विकेट जल्दी गंवा दिये थे और माहौल काफी गर्म हो गया था । उन्होंने कहा कि एक बार भारत जीत गया तो उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को जवाब दिया । उन्होंने कहा ,'' मैने के दौरान मेरा फोकस बेसिक्स पर था और मैं उन्हें जवाब नहीं देना चाहता था । मुझे जो कुछ कहना था, वह मैने मैच के बाद कहा । मैच में बहुत कुछ चल रहा था जो मैं बता नहीं सकता ।




# पाकिस्तान के खिलाफ संयम से खेले : तिलक वर्मा

## तिलक वर्मा बने मैच के हीरो

**एजेंसी, हैदराबाद।** भारत ने पकिस्तान को पांच विकेट से करारी शिकस्त देकर एशिया कप के खिताब पर नौंवी बार कब्जा जमाया। इस जीत के हीरो रहे टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा। तिलक ने न सिर्फ टीम को संकट से उबारा बल्कि धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए टीम को अंत में जीत भी दिलाई।

### देश के लिए दे दूंगा जान...

**तिलक** ने बताया कि, सूर्य कुमार यादव ने जो कहा है कि पाकिस्तान से कोई मुकाबला नहीं है। मैं उससे सहमत हूं। दबाव तो रहता है दिमाग में बहुत कुछ चल रहा था देश हमेशा आगे है और भारत सबसे ऊपर है। मेरे दिल में यही था कि देश के लिए जान दे दूंगा। उस समय शांत रहकर गेम खेला। जब तीन विकेट गिर गए तब मैं बल्लेबाज़ी कर रहा था वे (पाकिस्तानी खिलाड़ी) लोग तब मेरे ऊपर ज्यादा आ रहे थे। मैंने खुद को शांत रखकर गेम खेला और मैच खत्म होने बाद अच्छे से बोला है। अपनी दर्शनीय पारी की बदौलत तिलक वर्मा खिताबी मुकाबले में प्लेयर ऑफ़ दी मैच चुना गया। बहरहाल इस जीत के साथ भारत यूएई से स्वदेश लौट आई है। भारत वापसी के बाद तिलक वर्मा ने हैदराबाद में प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित किया और एशिया कप से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

### बीसीसीआई की नाराजगी

**अब** बताया जा रहा है कि, भारत के इंकार के बाद मोहसीन नकवी ट्रॉफी और मेडल्स के साथ वापस चले गए। मोहसीन नकवी के इस हरकत पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अपनी गहरी नाराजगी जाहिर की है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है, 'उम्मीद है कि ट्रॉफी और मैडल जल्द भारत को लौटाएंगे, हमने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी न लेने का फैसला किया है।' सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि, 'हमने चेयरमैन, जो पाकिस्तान के मुख्य नेताओं में से एक हैं, से एशिया कप 2025 की ट्रॉफी नहीं लेने का फैसला किया था।' उन्होंने नकवी पर चौंकाने वाला आरोप लगाते हुए कहा, 'लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह जेंटलमैन ट्रॉफी और मेडल अपने साथ ले जाएंगे। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और मेडल जल्द से जल्द भारत को वापस कर दिए जाएंगे।'

## अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट

## 37 रन में 5 विकेट गंवाकर मामूली स्कोर पर ढेर

# टीम इंडिया की बॉलिंग के आगे ऑस्ट्रेलिया का निकला दम

**एजेंसी, ब्रिसबेन**

भारतीय अंडर 19 क्रिकेट टीम ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया को पहले यूथ टेस्ट की पहली पारी में 243 के स्कोर पर समेट दिया। स्टीवन होगन के 92 रन के बूते एक समय पांच विकेट पर 167 रन बनाने के बाद भी टीम मामूली स्कोर पर निपट गई। उसने आखिरी पांच विकेट महज 37 रन में गंवा दिए। मीडियम पेसर दीपेश देवेंद्रन 45 पर पांच विकेट के साथ सबसे सफल भारतीय बॉलर रहे। उनके अलावा किशन कुमार ने 48 रन देकर तीन विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के कप्तान विल मालाजुक ने टॉस जीता और बैटिंग करने का फैसला किया। दीपेश ने एलेक्स टर्नर (9) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। तीन गेंद बाद किशन ने एलेक्स ली यंग (18) तो आउट कर दिय। इससे 30 पर ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी पवेलियन लौट गई। इसके बाद होगन और कप्तान मालाजुक (21) ने 48 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 78 के स्कोर तक पहुंचाया। यहां पर अनमोलजीत सिंह ने साझेदारी को तोड़ा और मालाजुक को रवाना किया।



होगन और जेड हॉलिक (38) के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी हुई। खिलन पटेल ने हॉलिक को आउट किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के विकेट लगातार गिरते रहे. उसने आखिरी सात विकेट 100 रन में गंवाए।

### होगन ने की शानदार बैटिंग

**होगन** ने एक छोर से शानदार खेल दिखाया। उन्होंने 140 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। वह 246 गेंद में आठ चौकों से 92 रन बनाने के बाद सातवें विकेट के रूप में आउट हुए। निचले क्रम में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कोई भी लंबी पारी नहीं खेल सका। इससे पांच विकेट पर 206 के स्कोर से टीम 243 पर ढेर हो गई। आखिरी पांच में से तीन विकेट दीपेश ने लिए तो दो सफलता किशन को मिली।

### टीम इंडिया करेगी बैटिंग

**ऑस्ट्रेलिया** का आखिरी विकेट गिरने के साथ ही पहले दिन का खेल समाप्त हो गया। अब दूसरे दिन का खेल जब शुरू होगा तो भारतीय टीम बैटिंग करेगी। भारत की ओर से कप्तान आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी पारी का आगाज करेंगे।

# आज न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के साथ आगाज करने उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी, इंदौर**

सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में बुधवार को न्यूजीलैंड की अनुभवी टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरूआत करना चाहेगी ।

मौजूदा टी20 चैंपियन न्यूजीलैंड से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी लेकिन आस्ट्रेलिया को आंतरिक चुनौतियों से भी पार पाना होगा । ऑस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा और विकल्पों की कमी नहीं है और टीम की जरूरतों के हिसाब से संतुलन बनाना सबसे बड़ी परेशानी है । बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहेम अपनी अपनी चोटों से उबर चुकी हैं । अब आस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन को देखना होगा कि अंतिम एकादश में उनकी जगह कैसे बनाई जाए । उन्हें देखना होगा कि वेयरहेम और अलाना किंग के रूप में दो लेग स्पिनरों को उतारा जाए या आक्रमण को विविधता देने के लिये मोलिनू को शामिल किया जाए। तेज गेंदबाजी में भी आस्ट्रेलिया के पास मेगान शूट, अनाबेल सदरलैंड, एलिसे पैरी, ताहलिया मैकग्रा और डार्सी ब्राउन जैसे खिलाड़ी हैं ।

बल्लेबाजी में बेथ मूनी, फीबी लिचफील्ड और एशले गार्डनर के साथ कप्तान एलिसा हीली को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी । भारत के खिलाफ ब्रिसबेन में 87 गेंद में 101 रन बनाने वाली जॉर्जिया वोल भी टीम में है जिससे बल्लेबाजी मजबूत होगी। आस्ट्रेलिया ने विश्व कप से ठीक पहले भारत को द्विपक्षीय श्रृंखला में 2 . 1 से हराकर अपनी बल्लेबाजी मजबूत की है । न्यूजीलैंड को आस्ट्रेलियाई टीम को हराने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा । मैच आज दोपहर तीन शुरू होगा।